सुप्रभात
रांची, मंगलवार
31.10.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net कार्तिक, कृष्ण पक्ष, तृतीया संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 109 06 एकता की मिसाल, वल्लभ भाई बेमिसाल

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

पलामू प्रमण्डलीय
रोजगार मेला
(ऑफर लेटर वितरण)

लगभग
5132
युवाओं को मिलेगा
ऑफर लेटर

मुख्य अतिथि

श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

श्री आलमगीर आलम
माननीय मंत्री, संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड

श्री सत्यानंद भोक्ता
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड

श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर
माननीय मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड

श्री सुनील कुमार सिंह
माननीय सांसद, चतरा

श्री विष्णु दयाल राम
माननीय सांसद, पलामू

सम्मानित अतिथि

श्री आलोक कुमार चौरसिया
माननीय विधायक, डालटनगंज

श्री रामचन्द्र सिंह
माननीय विधायक, मनिका

श्री वैद्यनाथ राम
माननीय विधायक, लातेहार

श्री कुशवाहा शशि भूषण मेहता
माननीय विधायक, पांकी

श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी
माननीय विधायक, विश्रामपुर

श्रीमती पुष्पा देवी
माननीय विधायक, छत्तरपुर

श्री कमलेश कुमार सिंह
माननीय विधायक, हुसैनाबाद

श्री भानु प्रताप शाही
माननीय विधायक, भवनाथपुर

दिनांक : 31.10.2023 | समय : अपराह्न 1 बजे
स्थान : पुलिस लाईन मैदान, डालटनगंज (पलामू)

PRNO 310213 (Labour Employment and Training) IPRD 23-24

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

चांडिल डैम के विस्थापितों का धैर्य टूटा, अनशन करने फिर पहुंचे रांची, कहा

हमारी समस्याएं सुलझाने में राजभवन करे पहल, विस्थापन आयोग का शीघ्र हो गठन

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर चांडिल डैम के 84 मौजा के विस्थापितों का धैर्य टूटता जा रहा है। अखिल झारखंड विस्थापित अधिकार मंच के तत्वावधान में विस्थापित लोग सोमवार को आमरण अनशन करने फिर राजभवन पहुंचे। सभी चांडिल से नामकुम रेलवे स्टेशन पहुंचे। वहां से राजभवन तक अधिकार पदयात्रा निकाली। विस्थापितों ने जाकिर हुसैन पार्क के पास अनिश्चितकालीन आमरण अनशन करने का निर्णय लिया है। बता दें कि 17 अक्टूबर को इन्होंने राजभवन को ज्ञापन सौंपा था। इससे पहले गत 3 अक्टूबर को चांडिल से पदयात्रा करते हुए ये लोग राजभवन पहुंचे थे। एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन के दौरान राजभवन की ओर से कहा गया था कि चार दिन के बाद राज्यपाल विस्थापितों की समस्या सुनेंगे। परंतु 28 दिन बीत जाने के बाद भी कोई सूचना नहीं मिलने पर ये विस्थापित फिर राजभवन पहुंचे हैं।

122 दिनों तक चांडिल में दे चुके हैं धरना

मंच के अध्यक्ष राकेश रंजन महतो ने कहा कि चांडिल डैम के 84 मौजा के 116 गांवों के विस्थापित 16 जून 2023 से चांडिल डैम स्थित पुराना अधीक्षक कार्यालय परिसर में 122 दिनों से अधिक दिनों तक अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे थे। परंतु अभी तक विस्थापितों की मांगों को लेकर विभाग एवं सरकार ने कोई सकारात्मक पहल नहीं की। वहीं नवोदय जनतांत्रिक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन महतो ने कहा कि झारखंड के लिए सबसे अहम मुद्दा विस्थापन नीति है। यहां के लोग विस्थापित हो जाते हैं, लेकिन उन्हें उनका मुआवजा नहीं मिलता है। पार्टी चाहती है कि झारखंड में स्पष्ट विस्थापन नीति और स्थानीय नीति बने।

झारखंड के लिए विस्थापन नीति एक ज्वलंत मुद्दा

नवोदय जनतांत्रिक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन महतो और जितेन्द्र कुमार ने कहा कि झारखंड के लिए सबसे अहम मुद्दा विस्थापन नीति है। यहां के लोग विस्थापित हो जाते हैं। लेकिन उन्हें उनका मुआवजा नहीं मिलता है। आज हम चांडिल डैम की बात करें तो आज तक डैम के विस्थापित अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। आप सोच सकते हैं कि भाखड़ा नांगल परियोजना की समस्या समाप्त हो सकती है तो चांडिल डैम का क्यों नहीं। एक छोटी सी परियोजना है इससे साफ है कि इन समस्याओं का समाधान करने की इच्छा शक्ति सरकार में नहीं है। इसीलिए नवोदय जनतांत्रिक पार्टी चाहती है कि झारखंड में स्पष्ट विस्थापन नीति और स्पष्ट स्थानीय नीति बने और विस्थापन आयोग का गठन हो।

आंदोलनरत मनरेगा कर्मियों से मिले मंत्री आलमगीर आलम

मांगें पूरी करने का दिया आश्वासन

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। वर्ष 2007 से रोजगार गारंटी योजना मनरेगा में सेवा दे रहे राज्यभर के करीब 5600 मनरेगा कर्मी अपनी मांगों के समर्थन में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम का आवास घेराव किया। चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा के अनुसार सोमवार को मंत्री आवास घेरने पहुंचे मनरेगाकर्मियों के बीच जाकर ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने उनकी मांगों की जानकारी ली और आश्वासन दिया कि सरकार मनरेगाकर्मियों की मांग पर सकारात्मक सोच रखती है।

मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि जल्द ही झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों और मनरेगा आयुक्त के साथ बैठक की जायेगी। उन्होंने कहा कि सरकार दो राज्यों राजस्थान और हिमाचल प्रदेश में मनरेगा मजदूरों को मिल रही सुविधाओं की भी जानकारी लेगी। उन्होंने कहा कि मनरेगा मजदूरों को भी जल्द ही सामाजिक सुरक्षा योजना से जोड़ा जायेगा। राज्य की वर्तमान सरकार के दौरान ही मनरेगा कर्मियों का मानदेय बढ़ाया गया और आगे भी सरकार उनकी बेहतरी के लिए काम करेगी।

आगे की रणनीति पर जल्द लेंगे फैसला : ग्रामीण विकास मंत्री से वार्ता के बाद संघ के अध्यक्ष जॉन पीटर बागे ने कहा कि विभागीय मंत्री ने उनकी मांगों को लेकर सकारात्मक बात कही है। ऐसे में आगे के लिए आंदोलन की क्या रणनीति होगी, इस पर संघ के पदाधिकारी मिल बैठकर जल्द फैसला लेंगे।

खबर एक नजर में

रिम्स में अनुबंध पर रिसर्च असिस्टेंट की होगी नियुक्ति, 10 नवंबर को साक्षात्कार

रांची। रिम्स के वायरल रिसर्च एंड डायग्नोस्टिक लैबोरेट्रीज डिपार्टमेंट ऑफ माइक्रोबायोलॉजी में एक साल के अनुबंध अथवा परियोजना कार्य तक के लिए रिसर्च असिस्टेंट की नियुक्ति को लेकर विज्ञापन का प्रकाशन किया गया है। 10 नवंबर की सुबह 9.30 बजे से 11 बजे तक रिम्स निदेशक कार्यालय में साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों को शामिल होने का निर्देश दिया गया है। चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह 35 हजार रुपए का भुगतान किया जाएगा। आवेदक के पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एमएससी इन मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी, वायरोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी, मॉलेक्युलर बायोलॉजी या लाइफ साइंस डिग्री होनी चाहिये। साथ ही कंप्यूटर की जानकारी के साथ डाटा मैनेजमेंट की जानकारी भी होनी चाहिये।

रिम्स के स्थायी निदेशक के लिए विज्ञापन जारी, 17 नवंबर तक कर सकते हैं आवेदन

रांची। स्वास्थ्य शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने रिम्स के स्थायी निदेशक पद के लिए विज्ञापन जारी किया है। इसके लिए विभाग ने 17 नवंबर तक विज्ञापन आमंत्रित किए हैं। तीन साल की अवधि के लिए स्थायी निदेशक की बहाली की जाएगी। अधिकतम 67 साल के आयुवर्ग के चिकित्सक इस पद के लिए आवेदन कर सकेंगे। इस पद पर आवेदन करने के लिए मेडिसिन, सर्जरी या पब्लिक हेल्थ और उनके विभागों में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री के अलावा टीचिंग या रिसर्च के क्षेत्र में दस साल का अनुभव होना अनिवार्य है। बताते चलें कि पूर्व निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद के पद छोड़ने के बाद छह जून को नेत्र विभाग के एचओडी डॉ राजीव कुमार गुप्ता को रिम्स का प्रभारी निदेशक बनाया गया है।

रांची जिला कांग्रेस ओबीसी विभाग ने कमिटी का किया विस्तार

रांची। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं प्रदेश कांग्रेस ओबीसी अध्यक्ष अभिलाष साहु की मौजूदगी में सोमवार को कांग्रेस भवन में रांची जिला ग्रामीण ओबीसी विभाग अध्यक्ष प्रदीप साहू ने जिला कमिटी की घोषणा की। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा, राजेश चन्द्र राजू, राजेश वर्मा उपस्थित थे। रांची जिला ग्रामीण ओबीसी विभाग अध्यक्ष प्रदीप साहु ने बताया कि जिला कमिटी में उपाध्यक्ष-5, महासचिव-1, सचिव-4 एवं लापूंग, नगड़ी, नामकुम तथा तमाड़ प्रखंड कांग्रेस कमिटी ओबीसी का अध्यक्ष बनाया गया है। कमिटी में उपाध्यक्ष- सुनिल कुमार, अफरोज खान, मो मिराज शेख, पवन राम साहु, गणेश कुमार, महासचिव- रामस्वरूप कुमार, सचिव- विशाल कुमार साहु, तालेश्वर साहु, रामनाथ महतो, इरफान अहमद एवं लापूंग प्रखंड- रामकिशन साहु, नगड़ी- दीलिप महतो, नामकुम- अमृत महतो तथा तमाड़ प्रखंड अध्यक्ष- गौतम कुमार गंझू को बनाया गया है।

चुनाव नजदीक आया तो विदेश की जगह देश की यात्रा करने लगे प्रधानमंत्री: राजेश ठाकुर

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 नवंबर को झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। अपने दौरे के दौरान प्रधानमंत्री भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली खूंटी के उलिहातू जाएंगे। पीएम मोदी के संभावित कार्यक्रम को लेकर राज्य में सियासी बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कांग्रेस भवन में मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विदेश दौरा बंद कर देश का दौरा करना शुरू कर दिया है। पीएम मोदी को इस बात का एहसास हो गया है कि पहले पांच राज्यों में और फिर लोकसभा के चुनाव होने हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 15 नवंबर को संभावित झारखंड यात्रा को राजनीतिक यात्रा बताते हुए राजेश ठाकुर ने कहा कि चुनाव नजदीक है। इसलिए पीएम मोदी धरती आबा बिरसा मुंडा और बाबा कार्तिक उरांव को भी याद करेंगे। प्रधानमंत्री को झारखंड और झारखंड की जनता से कोई भावनात्मक लगाव नहीं है। प्रदेश कांग्रेस संगठन को मजबूत करने और राज्य के सभी वर्गों के योग्य युवाओं में नेतृत्व की गुणवत्ता विकसित करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का जिक्र करते हुए पीसीसी झारखंड अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पार्टी लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रही है और यह भविष्य में भी जारी रहेगा।

इडी और आइटी भाजपा के चुनावी हथियार

झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, वहां परिवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग भारतीय जनता पार्टी के चुनावी हथियार के रूप में काम कर रहे हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि अभी झारखंड में चुनाव नहीं हो रहे हैं। वरना ईडी और आईटी की कुछ टीमें यहां भी पहुंच जातीं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी और उसके नेताओं को पहचान चुकी है। आने वाले चुनाव में जनता भाजपा को उसके झूठे चुनावी वादों का हिसाब लेगी।

झारखंड आंदोलनकारियों को दिवाली से पहले मिलेगी सम्मान राशि

रांची। झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान राशि देने के लिए 4.41 करोड़ आवंटित किया गया है। इसका भुगतान दिवाली से पहले किया जायेगा। पूर्वी सिंहभूम को 67.35 लाख, दुमका को 50.98 लाख, बोकारो को 22.81 लाख, प. सिंहभूम को 6.82 लाख, चतरा को 10.84 लाख, देवघर को 7.70 लाख, धनबाद को 32.71 लाख, गिरिडीह को 31.71 लाख, गोड्डा को 15 लाख, गुमला को 7.92 लाख, हजारीबाग को 40.10 लाख, जामताड़ा को 11 लाख, कोडरमा को 30.40 लाख, लातेहार को एक लाख, लोहरदगा को 24.41 लाख, पाकुड़ को 3 लाख, पलामू को 1.50 लाख, रामगढ़ और रामगढ़ को 22.50-22.50 लाख, साहिबगंज को 1.74 लाख, सरायकेला को 14.28 लाख, सिमडेगा को 4.30 लाख और खूंटी को 10.85 लाख दिये गये हैं।

दुमका वासियों को बंदरजोरी जैव-विविधता पार्क की मिली सौगात

मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा- पार्क की स्वच्छता और खूबसूरती को बनाये रखने में करें सहयोग

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को दुमका वासियों को बंदरजोरी जैव-विविधता पार्क की सौगात दी। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से कहा कि यह पार्क आपका है। आप सपरिवार यहां नियमित रूप से आते रहें और पूरा मनोरंजन और आनंद लें लेकिन, स्वच्छता के साथ इसकी खूबसूरती बनी रहे, इसमें पूरा सहयोग करें। आपके सहयोग से ही पार्क का रख-रखाव बेहतर तरीके से संभव हो पायेगा। उन्होंने कहा कि पार्क में जल्द कई और सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेगी। मुख्यमंत्री ने पार्क में बच्चों के साथ सेल्फी भी ली। इस मौके पर कृषि मंत्री बादल, सांसद विजय हांसदा, विधायक नलिन सोरेन, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे और उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे।

अपनी ही सरकार को दलालों से घिरा हुआ बता रहे झामुमो विधायक : प्रतुल शाहदेव

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि विपक्ष के बाद अब तो सत्ताधारी दल के विधायक भी उनकी सरकार को भ्रष्ट और दलालों से घिरा हुआ बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो के विधायक लोबिन हेंब्रम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर युवाओं के सपनों को तोड़ने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि स्थानीयता के नाम पर उन्होंने अर्जुन मुंडा की सरकार से समर्थन वापस लिया था लेकिन 4 वर्ष तक झुनझुना बजाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोबिन हेंब्रम का यह कहना बिल्कुल जायज है कि यह सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है। इससे पहले भी झामुमो की वरिष्ठ विधायिका सीता सोरेन अपनी सरकार के कार्यकाल में ही संथाल परगना में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के नेतृत्व में अवैध खनन के रैकेट चलाने का आरोप लगा चुकी है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है, जनता के साथ-साथ अब सत्ताधारी दल के विधायकों को भी पता चल रहा है कि इस भ्रष्ट और निक्कमी सरकार का जाना तय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और पूरा झामुमो का लोबिन हेंब्रम के आरोपों पर मौन धारण कर लेना सारी सच्चाई बयां कर रहा है।

मेडिकल हेल्थ बीमा के लिए कर्मियों के साथ आज होगी सरकार की बैठक

रांची। राज्य के कर्मचारियों को मेडिकल हेल्थ बीमा लागू करने के लिए सरकार ने कर्मचारियों के साथ 31 अक्टूबर को बैठक बुलायी है। बैठक नेपाल हाउस सभागार में दोपहर बाद 3.30 बजे से होगी। इसमें मेडिकल बीमा योजना के तहत चिकित्सा पैकेज तैयार करने को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ इस बैठक में स्वास्थ्य बीमा योजना राज्य कर्मियों के हित में लागू करने की मांग करेगा। बैठक में भाग लेने के लिए विभाग के उप सचिव ध्रुव कुमार ने महासंघ को आमंत्रित किया है। बैठक में देव नारायण मुंडा, कुमार साह, कौशल प्रसाद सिन्हा, मुक्तेश्वर लाल, गणेश प्रसाद सिंह, संरक्षक, रंजीत सिन्हा, बिनोद कुमार, अनिल आदि शामिल होंगे।

ग्रामीण विकास विभाग ने सड़कों की मरम्मत के लिए मांगा प्रस्ताव

खबर मन्त्र ब्यूरो

सांकेतिक तस्वीर

रांची। ग्रामीण कार्य विभाग ने मुख्यमंत्री ग्राम्य सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में दस वर्ष पूर्व निर्मित वैसी सड़कों का चयन का निर्देश दिया है, जिसका मरम्मत किया जाना अति आवश्यक है। विभाग ने प्राथमिकता के तौर पर इन सड़कों का चयन मरम्मत के लिए करने का निर्देश सभी कार्य प्रमंडलों को दिया है। इन सड़कों के बन जाने के बाद विभाग 9 साल से लेकर 5 साल पूर्व पूर्व निर्मित सड़कों के मेंटेंनेंस का काम करेगा। वर्तमान वित्तीय वर्ष के अंत तक यानी 31 मार्च तक करीब 1200 करोड़ रुपये सिर्फ मरम्मत के कार्य में खर्च किए जाना है, जिसके अंतर्गत अब तक एक हजार किमी रोड निर्माण का लक्ष्य रख कर स्वीकृति देने का काम किया गया है।

विभाग ने विशेष रूप से प्रखंड मुख्यालय, थाना, सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, रेलवे स्टेशन, बस डिपो, कॉलेज, हाट बाजार, मध्य विद्यालय, बैंक-पोस्ट ऑफिस इत्यादि से जुड़ी सड़कों को ठीक करने को प्राथमिकता से लिया है।

बता दें कि लंबे समय से इन सड़कों की मरम्मत नहीं होने की वजह से सड़कें खराब हो गयी थीं, अब इन्हें ठीक किया जा रहा है।

सीएमपीडीआई में सीएमडी ने सतर्कता जागरूकता पर दिलायी शपथ

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार सेंट्रल माइनप्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीच्यूट लिमिटेड में 30 अक्टूबर से 5 नवंबर, 2023 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय भ्रष्टाचार का विरोध करें-राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें। इस अवसर पर सोमवार को आयोजित उद्घाटन-सह-शपथ ग्रहण समारोह में सीएमपीडीआई के सीएमडी मनोज कुमार ने मुख्यालय तथा क्षेत्रीय संस्थान-3 के सभी उपस्थित महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष गण सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्य निष्ठा की शपथ दिलायी। इसके अलावा लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म जयंती के अवसर पर संस्थान के सीएमडी मनोज कुमार, निदेशक शंकर नागाचारी, निदेशक अजय कुमार, निदेशक सतीश झा, निदेशक अच्युत घटक, मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमित कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षगण तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

मौके पर सीएमपीडीआई के मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमित कुमार सिन्हा ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त संस्थान के कोयल हॉल में भ्रष्टाचार उन्मूलन में युवाओं की भूमिका विषय पर मुख्यालय, रांची तथा क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची के अधिकारी वर्ग के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

दुर्गापूजा के बाद पुनः शुरू हुई कांग्रेस कोटे के मंत्रियों की जन-सुनवाई

मंत्री आलमगीर ने समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। दुगार्पूजा के बाद एकबार फिर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में कांग्रेस कोटे के सभी मंत्रियों की जन-सुनवाई कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसी कड़ी में सोमवार को कांग्रेस भवन में मंत्री आलमगीर आलम की जनसुनवाई में दो दर्जन से अधिक जन शिकायतें सुनी गयीं। इस जनसुनवाई में अधिकांश मामले भूमि संबंधी थे। मंत्री ने सुनवाई के बाद उसके निराकरण हेतु अधिनस्थ पदाधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से निराकरण करने का निर्देश दिया। साथ ही फरियादियों के आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए विशेष टिप्पणी के साथ त्वरित लिखित रूप से भी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देने का कार्य किया।

दिव्यांग ने सरकारी मदद की लगायी गुहार

मंत्री आलमगीर आलम की जनसुनवाई में ओरमांझी से दिव्यांग गुलशन भी अपनी शिकायत लेकर पहुंचीं। उन्होंने कहा कि वह दिव्यांग और गरीब हैं, लेकिन उन्हें सरकार की ओर से कोई सुविधा नहीं मिलती है। ऐसे में मंत्री को उनकी मदद करनी चाहिए।

प्रत्येक सोमवार को होती है जनसुनवाई

बता दें कि कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर हर सोमवार को कांग्रेस कोटे के मंत्री जनसुनवाई कर फरियादियों की शिकायतें सुनते हैं और उनका तुरंत समाधान करने का प्रयास करते हैं। 28 अगस्त 2023 से जनसुनवाई चल रही है। अब बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचने लगे हैं।

इन जिलों से पहुंचे फरियादी : जन-सुनवाई कार्यक्रम में रांची, हजारीबाग, लातेहार, गुमला, गिरिडीह गोड्डा, रामगढ़ जिला के विभिन्न प्रखंडों से लोग जनसुनवाई में अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। जनसमस्या में सड़क निर्माण, भूमि मामले, हैण्ड पम्प, भूमि अधिग्रहण मुआवजा, व्हील चेयर, प्रधानमंत्री आवास योजना, ट्रांस्फारमर लगाने, नाली निर्माण, विधवा को भीम राव अंबेड़कर आवास आवंटन करने, पारिवारिक फैसले के संबंध में घर एवं जमीन, छात्रावास निर्माण, जल मिनार मरम्मत के संदर्भ मंत्री को एक मांग पत्र सौंपा। प्रदेश कांग्रेस महासचिव राकेश सिन्हा ने बताया कि लोगों के आवेदन पर मंत्री ने त्वरित कार्रवाई कर अधीनस्थ विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया और समस्याओं के निष्पादन का निर्देश दिया।

सीसीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह शुरू, दिलायी गयी शपथ

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 के अंतर्गत सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची से जवाहर नगर कॉलोनी, कांके रोड तक सतर्कता जागरूकता मार्च का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी.वीरा रेड्डी, निदेशक तकनीकी राम बाबू प्रसाद, निदेशक हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी बी. साई राम, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार सहित बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मियों ने भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें के संदेश को प्रदर्शित करते हुए इस जागरूकता मार्च में भाग लिया। सतर्कता मार्च में स्कूली छात्रों ने भी बैंड के साथ भाग लिया। इससे पूर्व सीसीएल के सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी ने निदेशकगण एवं कर्मियों को मुख्यालय प्रागंण में सत्य-निष्ठा की शपथ दिलायी। उन्होंने कर्मियों को कार्यक्षेत्र में ईमानदारी तथा नियमों का पालन, पारदर्शिता के साथ जनहित में कार्य करने की प्रतिज्ञा दिलायी। इस अवसर पर डॉ. रेड्डी ने कहा कि हमारे देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है। इसके उन्मूलन हेतु हम सबको मिलकर कार्य करना होगा। कार्यक्रम में स्वागत संबोधन सीवीओ पंकज कुमार ने जीवन में सत्यनिष्ठा तथा ईमानदारी को अपनाने की बात कही। उन्होंने भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण हेतु सबको प्रेरित किया।

सुप्रभात

रांची, मंगलवार

31.10.2023

नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net कार्तिक, कृष्ण पक्ष, तृतीया संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 109

06 एकता की मिसाल, वल्लभ भाई बेमिसाल

न्यूज डायरी

आज ओड़िशा के राज्यपाल पद की शपथ लेंगे रघुवर

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास सोमवार को ओड़िशा पहुंचे। पुरी में जगन्नाथ स्वामी का दर्शन और पूजन किया। उन्होंने महाप्रभु से सभी के कल्याण की कामना की। वह मंगलवार को राज्यपाल पद की शपथ लेंगे। राजभवन में मुख्य न्यायाधीश उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे।

कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश में आतंकी ढेर

कुपवाड़ा। जम्मू कश्मीर के माछिल सेक्टर में आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक आतंकवादी को मौत के घाट भी उतार दिया है। रविवार को उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की एक और कोशिश को नाकाम कर दिया था। जिसके बाद आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी।

पत्नी ने पति को पत्थर से कूच-कूचकर मार डाला

लोहरदगा। कैरो थाना क्षेत्र के खरता में रविवार की रात एक महिला ने अपने पति को पत्थर से कूचकर मार डाला। मृतक के भाई गुंजन उरांव के फर्द बयान के अनुसार खरता के प्रदीप उरांव (34) ने तीन विवाह किया था। दूसरी पत्नी ने पति की बेरहमी से पत्थर से कूच-कूचकर हत्या कर दी और मौके से भाग निकली।

पलामू : दो घंटे में 5000 ऑफर लेटर देंगे सीएम

पलामू। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम को लेकर मेदिनीनगर शहर के पुलिस लाइन स्टेडियम में तैयारी जोर शोर से चल रही है। उपायुक्त शशि रंजन, एसपी रीष्मा रमेशन, डीडीसी रवि आनंद, एसडीएम अनुराग तिवारी ने सोमवार को कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। मुख्यमंत्री 31 अक्टूबर को पलामू में बेरोजगार युवक-युवतियों को ऑफर लेटर देंगे। प्रमंडल के कौशल विकास के तहत पांच हजार से अधिक युवाओं को ऑफर लेटर सौपेंगे।

सड़क दुर्घटना में डीसी के बॉडीगार्ड की मौत

लोहरदगा। सदर थाना क्षेत्र के पावरगंज चौक के समीप हुई सड़क दुर्घटना में डीसी के बॉडीगार्ड हवलदार मरियानुश किंडो की मौत हो गयी। सोमवार सुबह करीब सात बजे वे ड्यूटी पर जा रहे थे, इसी क्रम में अनियंत्रित स्कूली बस की चपेट में आने से हवलदार की मौके पर ही मौत हो गयी। 2004 बैच के हवलदार मरियानुश अपनी बुलेट बाइक से ड्यूटी जा रहे थे।

गहना आभूषण

सोना (बिक्री)	:	58,000 रु./10 ग्राम
चांदी	:	75,000 रु./प्रति किलो

तीसरी आंख

फरियादी ने मंत्री से कहा, हुजूर हम जिंदा हैं...

कागज में बेऔलाद बता कर हमें मार डाला गया है

- रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड के उचरिंगा गांव के हैं प्रेम नाथ सिंह

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। कांग्रेस भवन में सोमवार को मंत्री आलमगीर आलम की जनसुनवाई में दो दर्जन से अधिक जन अपनी-अपनी शिकायतें ले कर पहुंचे। मंत्री के सामने पतरातू से एक दिलचस्प मामला आया, जो चर्चा का केंद्र बन गया। दरअसल, रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड के उचरिंगा गांव के लोकनाथ सिंह अपने पुत्र प्रेम नाथ सिंह अपना मामला ले कर पहुंचे। फरियादी ने मंत्री से कहा- हुजूर हमलोग जिंदा है। हमारी जमीन हड़पने के लिए कुछ भू-माफिया ने सरकारी दस्तावेजों में हमें न सिर्फ मृत घोषित कर दिया है, बल्कि हमें नि:संतान भी बता दिया गया है। इसे सुन कर ग्रामीण विकास मंत्री भी सकते में आ गये। उन्होंने पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया है।

जिंदा होने की गुहार लगाते थक चुके हैं : न्याय के लिए दर-दर भटक रहे लोकनाथ सिंह ने कहा कि वे अब तक कई जगहों पर वे अपने जिंदा होने की गुहार लगा चुके हैं, लेकिन उन्हें न्याय नहीं मिला। परिवार के अन्य सदस्यों को भी भू-माफियाओं ने मृत घोषित कर दिया है। लोकनाथ सिंह के बेटे ने बताया कि उनके पिता को नि:संतान और मृत घोषित कर कुछ जमीन बेच दी गयी है। जब उन्होंने इसकी शिकायत अंचल अधिकारी से की तो कोई कार्रवाई नहीं हुई और बेची गयी जमीन का दाखिल-खारिज भी कर दिया गया। लोकनाथ सिंह ने कहा कि जमीन हड़पने के लिए भू-माफियाओं और सीआई-सीओ ने वंशावली में उन्हें मृत और नि:संतान बताया है।

मुख्यमंत्री ने झारखंड का सबसे लंबा पुल जनता को सौंपा, कहा

राज्य में कृषि, पर्यटन, शिक्षा व व्यापार को मिलेगी मजबूती

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि कुमड़ाबाद में मयूराक्षी नदी पर नवनिर्मित राज्य के सबसे लंबे (2.34 किमी) पुल जनता को समर्पित किया। इसके उद्घाटन से बहुआयामी विकास का रास्ता खुलेगा। यह कृषि, पर्यटन, शिक्षा और व्यापार को मजबूती मिलेगी। रोजगार सृजन के साथ क्षेत्र के समग्र विकास में यह निर्माण सहायक होगा। सड़क और पुल विकास की अहम कड़ी होती है। कनेक्टिविटी जितनी बेहतर होगी, उतना ही फायदा होता है। इलाके का सामाजिक, आर्थिक उत्थान होगा और पर्यटन के लिहाज से मील का पत्थर साबित होगा। आवागमन सुलभ और आसान होगा ही, कई गांव का दुमका जिला मुख्यालय से सीधा संपर्क होगा। सीएम ने कहा कि लोगों को उनका हक और अधिकार पूरे मान-सम्मान के साथ देने को सरकार संकल्पित है। समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों को सभी योजनाओं से जोड़ने की दिशा में सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। (शेष पेज 11 पर)

- पुल से बहुआयामी विकास का खुलेगा रास्ता
- समाज के अंतिम लोगों का उत्थान हमारी प्राथमिकता
- योजनाओं से लोगों को जोड़ने का हो रहा काम

गुरुजी के नाम पर होगा पुल का नामकरण

सीएम ने इस बात पर खुशी जतायी कि यहां की जनता मयूराक्षी नदी पर नवनिर्मित पुल का नामकरण दिशोम गुरु शिबू सोरेन सेतु करने की पक्षधर है। जनमानस की भावनाओं को देखते हुए पुल का नामकरण करने की सरकारी प्रक्रिया जल्द पूरी होगी। इस अवसर पर कृषि मंत्री बादल, सांसद विजय हांसदा, विधायक नलिन सोरेन और सीता सोरेन, जिला परिषद अध्यक्षा जॉयस बेसरा, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, पथ निर्माण सचिव सुनील कुमार, प्रमंडलीय आयुक्त लालचंद दादेल, पुलिस उपमहानिरीक्षक सुदर्शन प्रसाद मंडल और जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद थे।

झारखंड का सबसे लंबा पुल : नदी का नाम-मयूराक्षी, लागत-198.11 करोड़, पुल की कुल लंबाई-2340 मीटर, एप्रोच सहित लंबाई-2800 मीटर, चौड़ाई-45 स्पैन में 16 मीटर व 7 स्पैन में 30 मीटर, स्पैन की संख्या- 52, पियर्स की संख्या- 51, कार्य आरंभ-12.02.2018, कार्य समाप्ति-31.03.2023, बनवाने वाला विभाग-स्टेट हाइवे ऑथोरिटी ऑफ झारखंड।

जमीन व शराब से जुड़े मामले में 24 ठिकानों पर छापामारी

देवघर और गोड्डा में कई दिग्गजों के ठिकानों पर आइटी की रेड

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। शराब कारोबारी योगेंद्र प्रताप से जुड़ी कड़ी के आधार पर देवघर और गोड्डा में 24 ठिकानों पर छापेमारी की गयी। छापेमारी में इनकम टैक्स पटना और धनबाद की टीम शामिल थी। सोमवार अहले सुबह ही टीम देवघर और गोड्डा के दर्जनों ठिकानों पर एक साथ पहुंची और ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू की।

सभी के संपत्तियों का आकलन किया जा रहा है। टीम के अधिकारी बैंक एकाउंट से लेकर जमीनों का आकलन कर रही है। मामला चारु शीला ट्रस्ट और फलेरिया कोठी की जमीन के साथ-साथ शराब कारोबार से जुड़ा है। झामुमो नेता नंदकिशोर दास, देवघर के पूर्व मेयर बबलू खवाड़े के यहां भी छापेमारी की गयी। इन सभी का कनेक्शन चर्चित शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी से भी बताया गया है। गोड्डा के बड़े शराब व्यवसायी मुकेश बजाज के घर पर भी छापेमारी की गयी।

आइटी को कई साक्ष्य मिले : जमीन और शराब कारोबार से जुड़े लोगों के ठिकानों देवघर और गोड्डा में आइटी के अधिकारी सोमवार को तड़के एक साथ अहले सुबह ही पहुंच गये। धनबाद और पटना इनकम टैक्स टीम के नेतृत्व में छापेमारी शुरू हुई। इनकम टैक्स अधिकारियों को जमीन बिक्री में सरकार को स्टांप ड्यूटी में कम रकम दर्शाते हुए अधिक पैसे कमाने का मामला पता चला है। सिलेबल जमीन के साथ-साथ नॉन सिलेबल जमीन खरीदारी में भी अधिक संपत्ति अर्जित करने को लेकर छापेमारी चल रही है।

कौन-कौन आये रडार पर

देवघर निगम के पूर्व मेयर राजनारायण खवाड़े उर्फ बबलू खवाड़े, उनके सहयोगी उमाशंकर सिंह, रियल एस्टेट कारोबार संजय मालवीय, बबलू खवाड़े के होटल, संजय मालवीय का होटल अंजुला मेंशन, देवघर में जमीन कारोबारी बृजेश राय के जसीडीह स्थित तीन ठिकाने सियाराम हॉस्पिटल, संत फ्रांसिस हॉस्पिटल वाली गली स्थित बृजेश राय के आवास और उसके सिमरिया स्थित आवास, गोड्डा के कांट्रैक्टर मुकेश बजाज, झामुमो नेता नंदकिशोर दास के यहां छापेमारी हुई। इसके अलावा कोलकाता में बालानन्द आश्रम से जुड़े 10 ठिकानों के अलावा बालानंद ट्रस्ट के दुगार्पुर स्थित कैंसर हॉस्पिटल में भी एक साथ छापेमारी हुई। कोलकाता के सीए माखन सतनालीवाला के महेश मिश्रा के आवास बंपास टाउन में भी रेड किया गया। जहां-जहां रेड चल रही है, उन जगहों के ऑनर को नोटिस थमा कर पूछताछ की गयी। संजय आनंद झा, देवघर में सुरेशानंद झा का आवास, रामपुर स्थित विनोद वर्मा के ठिकाने, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को जमीन बिक्री में सरकार को स्टांप ड्यूटी में कम रकम दर्शाते हुए अधिक पैसे कमाने का मामला पता चला है। बुल्ली ठाकुर के झा एंड ठाकुर पेट्रोल पंप पर भी छापेमारी की गयी।

भारत ने लगायी जीत की हैट्रिक, चीन को 2-1 से हराया

प्लेयर ऑफ द मैच सलीमा और दीपिका ने दागे गोल

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड विमेंस एशिया चैंपियंस ट्रॉफी के तीसरे दिन भारतीय टीम ने लगातार तीसरी जीत दर्ज कर अपना जलवा विखेरा। जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में चल रहे मैच में सोमवार को भारत और चीन के बीच हॉकी का दमदार मुकाबला देखने को मिला। शुरू से ही भारत की टीम चीन पर हावी रही। प्लेयर ऑफ द मैच मैच झारखंड की सलिमा टेटे को दिया गया। सलीमा और दीपिका ने एक-एक गोल दागे। भारत ने चीन को 2-1 गोल से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इसके साथ ही भारत ने चीन में खेले गये एशियन गेम्स में चीन से मिली हार का बदला भी चुका लिया।

हार को देखते हुए चीन की टीम ने आखिरी समय में बिना गोलकीपर के ही मैच खेली, लेकिन टीम जीत नहीं सकी। शुरुआत से ही टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने जोरदार आक्रमण कर चीन की दीवार को तोड़ने का काम किया। पहले क्वार्टर के 15वें मिनट में दीपिका ने गोलकर भारत को एक गोल की बढ़त दिला दी। 26वें मिनट में झारखंड की सलिमा टेटे ने शानदार गोलकर टीम इंडिया की बढ़त 2-0 कर दी। हाफ टाइम के बाद चीन के खिलाड़ियों ने आक्रमण तेज कर दिया। 41वें मिनट में झोंग जियाकी ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोलकर स्कोर 1-2 कर दिया। अंत तक स्कोर 2-1 पर समाप्त हुआ।

चैंपियंस ट्रॉफी : हाथियों की कुल माता को बनाया गया शुभंकर

बेतला की हथिनी जूही बनी इंटरनेशनल आईकॉन

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड में हॉकी और हाथियों का क्रेज किसी से छिपा नहीं है। इसी को देख झारखंड में विमेंस एशियन चैंपियंस ट्राफी का शुभंकर राज्य में हाथियों की कुल माता को बनाया है। पलामू के बेतला नेशनल पार्क की इस हथिनी का नाम जूही है। जूही को 1981 में खरीदा गया था, आज जूही 68 साल की है। शुभंकर बनते ही जूही अब इंटरनेशनल फेम बन गयी है। पश्चिम बंगाल के पूर्व सीएम ज्योति बसु, बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव, पूर्व राज्यपाल एआर किदवई जूही की सवारी कर चुके हैं। जूही को शुभंकर बनाने से पलामू टाइगर रिजर्व के बेतला नेशनल पार्क क्षेत्र में काफी उत्साह है। इसे देखने बड़ी संख्या में पर्यटक आ रहे हैं।

आकर्षण का केंद्र बनी जूही : जूही को पलामू, गढ़वा, लातेहार, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा और आसपास के हॉकी खिलाड़ियों को दिखाया जा रहा है। जूही को देखने के लिए बड़ी संख्या में हॉकी खिलाड़ी भी पहुंच रहे हैं। सेल्फी लेकर शेयर किया जा रहा है। जूही के महावत इमामुद्दीन पलामू के चैनपुर के रहने वाले हैं जबकि अब्दुल जोहा बरवाडीह के बेतला के रहने वाले हैं। 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने हाथियों के व्यावसायिक इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी। उससे पहले सुबह छह से आठ बजे तक पर्यटकों को हाथी पर घुमाया जाता था। पलामू टाइगर रिजर्व के अधिकारियों का कहना है कि जूही का स्वभाव शुरू से ही शांत रहा है। किसी भी हिंसक जंगली जीव के सामने आने पर वह अपनी सूंड हिलाकर उसकी उपलब्धता की जानकारी देती है। जूही बेतला नेशनल पार्क की सबसे उम्र दराज हथिनी है। पलामू टाइगर रिजर्व नॉर्थ जोन के डिप्टी डायरेक्टर प्रजेश जेना ने बताया कि हथिनी जूही का क्रेज इन दिनों काफी बढ़ गया है। सीएम हेमंत सोरेन ने 13 अक्टूबर को चैंपियंस ट्रॉफी के शुभंकर का अनावरण किया था।

केजरीवाल से दो को पूछताछ करेगा इडी, भेजा नोटिस

दिल्ली शराब घोटाला

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली की नयी शराब नीति मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (इडी)ने दिल ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को नोटिस भेजा है। सोमवार को जारी नोटिस में इडी ने अरविंद केजरीवाल को 2 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। इससे पहले नयी शराब नीति मामले में सीबीआइ भी अप्रैल महीने में पूछताछ के लिए उन्हें बुला चुकी है।

सिसोदिया रिव्यू पिटीशन दायर करेंगे

दिल्ली के कथित आबकारी नीति घोटाले में आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगने के बाद अब पार्टी आगे की तैयारियों में जुटी है। खबरों के अनुसार सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज होने के बाद अब आप सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन फाइल करने की तैयारी में है। पार्टी सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पार्टी सूत्र ने कहा- पार्टी उच्चतम न्यायालय के इस आदेश के खिलाफ समीक्षा याचिका दायर करने की योजना बना रही है।

स्पीड न्यूज

मिशन समृद्धि द्वारा किया जा रहा निरंतर भोजन वितरण

मेदिनीनगर। जज्बा और जुनून हो तो कोई काम असंभव नहीं होता। यही कारण है कि मिशन समृद्धि संस्था का कोई भी कार्य संसाधन के अभाव में भी नहीं रुकता। निष्ठा और ईमानदारी जहां होता है वहां असंभव भी संभव हो जाता है। मिशन समृद्धि टीम का कार्य के प्रति समर्पण ही है जो इतने वर्षों से जरूरतमंदों को भोजन देते आ रही है। मेदिनीनगर अंबेडकर पार्क के सामने दोना-पत्तल दातून बेचने वालों के बीच रोटी सब्जी खिचड़ी का वितरण लगातार होता आ रहा है जिसकारण वे लोग भी इंतजार में ही रहते हैं जिसे देखकर भोजन देने में बहुत सूकून मिलता है। इसके अतिरिक्त शंनि मंदिर में वृद्ध दिव्यांगों रिक्शा चालकों के बीच भी भोजन वितरण किया गया। संस्था के सदस्यों ने रोटी देने वाले परिवारों का आभार जताया है। अहिल्या गिरि, बैजन्ती गुप्ता, वन्दना श्रीवास्तव, शिल्पी गोस्वामी, वीणा गुप्ता, रंजीता, शैलेन्द्र सिंह के सराहनीय योगदान से कार्य संपन्न हो पाता है।

छठ पर्व मनाने को लेकर युवा जागृति संघ की कमिटी गठित

नौडिहा बाजार पलामू। छठ महापर्व धूमधाम से मनाने के लिए युवा जागृति संघ का कमिटी गठित किया गया। युवा जागृति संघ के बैठक की अध्यक्षता राकेश कुमार गुप्ता ने की। बैठक का संचालन दीपू कुमार गुप्ता ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से समाज के द्वारा अध्यक्ष अमरेश कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष दीपू कुमार गुप्ता, सचिव आजाद कुमार गुप्ता, उपसचिव राजकुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता, उपकोषाध्यक्ष बिनोद सोनी, मीडिया प्रभारी रंजित कुमार गुप्ता, अरुण श्रीवास्तव पूजा प्रभारी अभिषेक कुमार, प्रमोद प्रसाद गुप्ता, प्रभात, संरक्षक रूपेश कुमार शोंडिक, राजीव प्रसाद, संयोजक राजू श्रीवास्तव, रमेश प्रसाद चुने गये। इसके अलावे सदस्य के रूप में कुंदन कुमार, अजय प्रसाद, बादल कुमार, रविरंजन, राकेश, सोनू, प्रेमप्रकाश, विशाल, कुंदन, विनय, धीरज, संजय प्रसाद, रौशन, आकाश, दिलीप छोटू, अभिषेक श्रीवास्तव का नाम शामिल है।

राजद अधिवक्ता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी सुप्रीमों को लिखा पत्र

मेदिनीनगर। राजद के वरिष्ठ नेता रामदेव प्रसाद यादव ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को पत्र भेज कर कहा है कि झारखंड प्रदेश के चतरा लोकसभा में अभी तक जीतने भी सांसद बने हैं या उम्मीदवार बनाये गये हैं वे सभी चतरा लोकसभा के बाहर के लोग रहे हैं। इसी का परिणाम रहा है कि उक्त लोकसभा क्षेत्र को लोगों के बीच सिर्फ लुभावने वाले वायदे किए गए। धरातल पर कार्यरूप देने का प्रयास नहीं किया गया और न ही उल्लेखनीय कार्य किये गए। क्षेत्र भ्रमण में कोई विकास कार्यों की झलक दिखाई नहीं पड़ती है। रामदेव प्रसाद ने कहा की इस क्षेत्र की जनता न्याय पाने के लिए आज भी गुहार लगाते फिर रही है। दुर्भाग्य है की आज तक रेलवे लाईन तक नहीं बन पायी है। यहां के लोगों की यह हमेशा से मांग रही है कि चतरा लोकसभा के स्थानीय व्यक्ति को ही उम्मीदवार बनाया जाए। रामदेव यादव ने कहा कि जब उनके द्वारा रंजन यादव को पांकी विधान सभा से दल का टिकट दिया गया था तो उस वक्त मुझे रांची के एक होटल में पार्टी के वरिष्ठ नेता जय प्रकाश नारायण यादव से बुलाकर बोले थे कि चुनाव विधानसभा का नहीं लड़ना है। वकील रामदेव यादव को चतरा लोकसभा से चुनाव लड़ाएंगे। राजद के वरिष्ठ नेता रामदेव ने कहा कि वे 1989 से ही पार्टी का करते आ रहे हैं और आज तक उन्हें कभी भी उम्मीदवार दल से नहीं बनाया गया। वे अपनी पुरी जवानी संघर्ष में ही लगा दी है। अब उनकी 62 वर्ष की आयु हो चुकी है। इस बार उन्हें दल से उम्मीदवार बनाया जाए।

रेड क्रॉस की बैठक 24 नवंबर को

मेदिनीनगर। भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी पलामू का वार्षिक आम सभा की बैठक 24 नवंबर को नगर स्मृति भवन में आयोजित की गई है। उक्त जानकारी सोसाइटी के सचिव डॉ सत्यजीत गुप्ता ने दी। डॉ गुप्ता ने बताया कि रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष के निर्देश पर बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है। रेड क्रॉस पलामू के चुनाव के संबंध में चुनाव प्रक्रिया, चुनाव उप समिति का गठन, नियम व शर्त, अर्हता, चुनाव की तिथि व स्थान की घोषणा पर चर्चा की जायेगी।

महिला के साथ दुष्कर्म, चार आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज

चैनपुर पलामू। जिला मुख्यालय मेदिनीनगर से सटे चैनपुर थाना क्षेत्र के रबदा पंचायत क्षेत्र में 27 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म किया गया। रविवार की देर शाम महिला शौच करने के लिए घर से बाहर निकली थी। इसी क्रम में वहां आए चार युवकों में से दो ने उसके साथ दुष्कर्म किया। सोमवार को एमएमसीएच में महिला की मेडिकल जांच करायी गयी। साथ ही न्यायालय में 164 के तहत बयान दर्ज कराया गया है। घटना के समय महिला का पति घर पर नहीं था। बाहर रहकर मजदूरी करने के कारण दूसरे प्रदेश में गया हुआ है। महिला के अनुसार घटना रात करीब 1 बजे की है। महिला शौच के लिए बाहर निकली थी। इसी क्रम में चार लड़के आए। इनमें एक उससे पूर्व परिचित था। दो युवकों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इधर, जानकारी मिली है कि पूर्व परिचित युवक के साथ महिला का प्रेम प्रसंग चल रहा था। महिला शौच के बहाने युवक से मिलने गई थी। इसी क्रम में तीन अन्य युवक भी वहां पहुंच गए। चारों में एक प्रेमी और एक अन्य युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। यह भी चर्चा है कि महिला के साथ उसके प्रेमी ने शादी के लिए एक सप्ताह पहले मारपीट की थी। प्रेमी का कहना था कि उसका पति दोनों के रिश्ते के बारे में जानता है। ऐसे में वह उसे छोड़कर उससे शादी कर ले। बता दें कि महिला का प्रेमी उसका पति का साथी बताया गया है। मामले में चैनपुर पुलिस का कहना है कि आरोपी बंदूआ क्षेत्र के हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

छात्रा से दुष्कर्म का प्रयास

मेदिनीनगर। सदर थाना क्षेत्र में एक कॉलेज छात्रा से दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में मामला दर्ज कर पुलिस ने एक आरोपी भीमगड़ा के नागेन्द्र यादव को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है, वहीं दूसरा आरोपी निरंजन यादव फरार है। आरोपी दोनों मौसेरे भाई हैं। घटना गत 22 अक्टूबर की है। रात में छात्रा पंडाल घूमकर आ रही थी। इसी क्रम में दोनों भाइयों ने छात्रा को अगवा कर उसे पास के खेत में ले गए और दुष्कर्म का प्रयास किया। छात्रा द्वारा शोर मचाए जाने पर युवक दुष्कर्म नहीं कर पाए। आस पास के ग्रामीण मौके पर न पहुंच जाए, इस कारण दोनों वहां से निकल गए।

पांकी विधानसभा को लूटने वाले बख्शे नहीं जायेंगे : डॉ मेहता

पांकी विधायक ने ग्राम कंदाखाड़ स्थित नदी पर पुल निर्माण का किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पांकी प्रखंड के ग्राम कंदाखाड़ एवं हुसैनी गुरहा के बीच पुल निर्माण का शिलान्यास विधायक डॉ शशि भूषण मेहता ने गांव के बुजुर्ग व्यक्ति कनी महतो से करवाया। पुल निर्माण जाने से ग्रामीणों के बीच हर्ष का माहौल कायम है। विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पांकी विधान सभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर मैं संकल्पित हूं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी को बराबर का हक है। किसी भी हालत में वंशवाद नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा को विगत 10 वर्षों में जितना लूटा गया उतना कभी किसी जनप्रतिनिधि के कार्यकाल में ऐसा कार्य नहीं किया गया। पांकी को चारागाह समझ बन बैठे थे। लेकिन जब उन्हें अवसर मिला तो लाठी व गोली का जवाब मतदाताओं ने वोट से देकर कमल खिलाने का काम किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एवं पूर्व सीएम रघुवर दास के नेतृत्व में पांकी का चहुंमुखी विकास की लकीरें खिंची गई। उन्होंने लोगों को आह्वान करते हुए कहा कि आनेवाले समय में लोकसभा व विधानसभा चुनाव की जवाबदेही आपके उपर है। यह आपको तय करना है कि आप विकास चाहते हैं या विनाश। पांकी विस में लूटनेवाले बख्शे नहीं जायेंगे। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, निर्मल मेहता, प्रकाश मेहता, लाला यादव, दिलीप मेहता, विरेंद्र मेहता, अखिलेश चंद्रवंशी, सुधीर तिवारी,चंदन सोनी, सुमित कुमार, पिंटू यादव, उमेश यादव, चंदन मेहता, वशिष्ठ मेहता, कमेश यादव, प्रदीप मिश्रा, मंदीप मेहता, रंजय ठाकुर, पंकज यादव, कनी महितो, इंद्रदेव महतो, रघुराई महतो, देवकी महतो, कामेश्वर महतो, मुनी महतो, रामदेव महतो, महेश महतो, छेबर महतो, बच्चू महतो, नंदकिशोर जी, प्यारी देवी, रीता देवी, रीना देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पलामू में आज करेंगे प्रमंडलस्तरीय रोजगार मेला का उदघाटन

पांच हजार युवाओं को सौंपेंगे ऑफर लेटर

कार्यक्रम का अंतिम रूप दिया जा रहा है दस हजार लोगों की होगी उपस्थिति : उपायुक्त

सुरक्षा के किये गये हैं पुख्ता इंतजाम : एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत प्रमंडलस्तरीय रोजगार मेला का आयोजन पुलिस स्टेडियम में किया गया है। जिसका उदघाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं कई मंत्रीगण मंगलवार को करनेवाले हैं। इस रोजगार मेला में प्रमंडल के पांच हजार युवाओं को विभिन्न कंपनियों में रोजगार दिये जाने का ऑफर लेटर दिया जायेगा। कार्यक्रम की तैयारी अंतिम चरण में है। इसे पुर्नरूप देने के लिए उपायुक्त शशिरंजन एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर लोगों को मार्गदर्शन दे रहे हैं। इस मेला में पलामू, गढ़वा व लातेहार जिला के लोग शामिल होनेवाले हैं। इसलिए संख्या को देखते हुए सभी को बैठने का पर्याप्त व्यवस्था की गई है। मंगलवार को मुख्यमंत्री दुमका हवाई अड्डा से पूर्वाहन 11:20 बजे पलामू के लिए उड़ान भरेंगे। जो 12:50 बजे चियांकी हवाई अड्डा पर उतरेंगे। जहां पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया जायेगा। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त शशिरंजन ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी कर ली गई है। एसपी रीष्मा रमेसन ने बताया कि मुख्यमंत्री की सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। चियांकी हवाई अड्डा से लेकर कार्यक्रम स्थल तक पग पग पर पुलिस की तैनाती की गई है।

मेरी माटी मेरा देश के तहत मिट्टी को लेकर भाजपा नेता दिल्ली रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता

रेहला रेलवे स्टेशन पर खड़े भाजपा नेता।

विश्रामपुर (पलामू)। अमृत महोत्सव के तहत मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के दौरान संग्रहित मिट्टी को कलश में लेकर विश्रामपुर से भाजपा नेता दिल्ली के लिये रवाना हुए। मिट्टी संग्रहीत कर सभी मंडल से जा रहे भाजपा नेताओं को गढ़वा रोड जंक्शन पर सम्मान पूर्वक विदा किया गया। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी, प्रदेश नेता जवाहर पासवान,गढ़वा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी, पलामू जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव व भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। संग्रहित मिट्टी ले जाने वालों में विश्रामपुर नगर मंडल से महामंत्री मनीष कुमार गुप्ता सहित सभी नौ मंडल के कई नेताओं का नाम शामिल है। ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने बताया कि राष्ट्रव्यापी अभियान मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत गांव-गांव से शहीद और राष्ट्र भक्तों के घर से संग्रहित पवित्र मिट्टी को लेकर विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी नौ मंडल से पार्टी संगठन के दो- दो प्रतिनिधि विशेष स्पेशल ट्रेन से नई दिल्ली के लिये रवाना हुये। सभी प्रखंडों से आये पवित्र मिट्टी भरे कलश को अमृत महोत्सव पर बने अमृत वाटिका में स्थापित किया जायेगा। मौके पर इदरीश हवारी,संतोष दूबे,विकास स्वदेशी,रिंकू तिवारी, ठाकुर प्रसाद महतो, आशीष पांडेय, प्रमोद दीक्षित, उपेंद्र तिवारी, धीरन तिवारी सहित कई भाजपा नेता-कार्यकर्ता मौजूद थे।

आवास निर्माण होने से पदाधिकारी प्रखंड में रहकर करेंगे कार्य : विधायक पुष्पा देवी

पूर्व सांसद और विधायक ने किया सतौआ में स्कूल भवन निर्माण और प्रखंड परिसर में आवास निर्माण का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

पाटन पलामू। छतरपुर विधायक पुष्पा देवी और पुर्व सांसद मनोज कुमार ने पाटन प्रखंड के सतौआ में 60 लाख की लागत से स्कुल भवन का निर्माण और प्रखंड परिसर में छह करोड़ की लागत से प्रखंड कर्मी आवास निर्माण का शिलान्यास किया। मौके पर पाटन प्रखंड विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह, नौलेज सिंह, प्रमोद सिंह, पाटन भाजपा युवा अध्यक्ष अभिषेक सिंह, उमेश सिंह, जैनेन्द्र यादव, पुनम देवी, गुडु सिंह, बबल प्रसाद, यमुना प्रसाद, शमसेर आलम, नीलम कुमारी, पाटन बीडीओ दीपक कुमार मिश्रा, उमा शंकर सिंह, मुक्तेश्वर पाण्डेय, विनय सिंह, प्रकाश, सुजाता सिंह, प्रदीप कुमार, संवेदक चन्द्रशेखर सिंह छोटु, शैलेश मिश्रा सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए पुर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि प्रखंड परिसर में प्रखंड कर्मियों के लिए आवास का निर्माण किया जायेगा जो बहुत जरूरी था। आवास बन जाने बाद अब पदाधिकारी को जिला मुख्यालय नहीं जाकर रहना पड़ेगा। प्रखंड मुख्यालय में ही रहकर जनता का काम किया जायेगा। वहीं विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि आवास निर्माण हो जाने पर पदाधिकारी प्रखंड मुख्यालय में ही रहेंगे तथा निर्भीक होकर जनता का काम करेगें। विधायक ने संवेदक को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि भवन निर्माण कार्य में अच्छे क्वालिटी का मेटेरियल का इस्तेमाल करेंगे। कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। विधायक ने पाटन बीडीओ दीपक कुमार मिश्रा को ब्लॉक कर्मियों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया ताकि कोई शिकायत नहीं मिले। पुर्व जिला परिषद सदस्य मुक्तेश्वर पाण्डेय ने विधायक पुष्पा देवी से ब्लौक परिसर को बौंडरी करवाने का आग्रह किया।

पांकी विधानसभा के 60 से अधिक दुर्गा पूजा कमेटी हुए सम्मानित

सम्मान समारोह सह भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

नीलांबर पीतांबरपुर पलामू। प्रखंड मुख्यालय में सनातन धर्म सभा केंद्रीय समिति के तत्वावधान में रविवार की शाम सम्मान समारोह सह भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। भोजपुरी के प्रसिद्ध गायिका निशा उपाध्याय ने भक्ति जागरण में एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत 11 ब्राह्मणों के द्वारा अखंड दीप, स्वास्ती वचन, आरती एवं शंखनाद से की गई। सम्मान समारोह का उदघाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष बृजकिशोर किशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी, विशिष्ट अतिथि समाज सेवी अर्जुन पांडेय उर्फ गुरु पांडेय, परशुराम सेवा युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, प्रवीण सिंह, जिला परिषद सदस्य आशा देवी, विजय राम आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चतरा जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कहा कि सनातन धर्म के कार्यों के लिए उनका तन मन और धन न्योछावर है। धार्मिक आयोजनों से आपसी भाईचारे की भावना पनपती है। उन्होंने कहा कि माता दुर्गा हमारे क्षेत्र के हर नागरिक के अंदर सद्बुद्धि दें और हम सभी को एक अच्छा समाज का निर्माण करने का शक्ति दें। कार्यक्रम में सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी, उपाध्यक्ष राम प्रकाश तिवारी, सचिव राजू राय, महामंत्री आनंद कुमार, मंत्री सुदर्शन सोनी, आकाश सोनी, संयोजक बलकेश पासवान, सुरेश भगत, मुनींद्र नाथ दुबे, दिलीप तिवारी, प्रसिद्ध नारायण तिवारी, पंकज मिश्रा, सतीश मिश्रा, राजू सिंह, मुकेश कुमार आदि ने मुख्य अतिथि एवं सभी अतिथियों को पगड़ी, चुनरी, तलवार एवं मोमेंट को देकर सम्मानित किया।

वही पांकी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव से पहुंचे 60 से अधिक दुर्गा पूजा समिति को मुख्य अतिथि के हाथों सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सभा के महासचिव राजीव रंजन ने किया। वहीं कार्यक्रम में नवीन तिवारी, लकी पाण्डेय, मुखिया पूर्णिमा देवी, गुड्डी देवी, गीत देवी, रेखा देवी, पूनम देवी, जूली सिंह, समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

जिला पार्षद व पंचायत प्रतिनिधियों ने किया सीओ का स्वागत

सतबरवा पलामू। नवनियुक्त सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की को सोमवार को जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी, धावाडीह पंचायत के मुखिया रिंकी यादव, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, अजय उरांव, पोंची पंचायत समिति सदस्य अशोक राम समेत कई लोगो ने अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी ने कहा कि यहां गरीब असहाय लोगों का काम नहीं होता है। ऐसे लोग ब्लॉक का चक्कर लगाते रहते हैं। जाति, स्थानीय, आय प्रमाण पत्र बनाने में लोगों को बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जमीन मोटेशन के नाम पर दोहन किया जाता है। प्रधानमंत्री किसान योजना का पैसा अभी भी बहुत किसानों को नहीं मिला है। इस पर ध्यान देने की जरूरत है। सीओ ने आश्वासन देते हुए कहा कि शिकायत का मौका किसी को नहीं मिलेगा। नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। जनता को ध्यान में रखकर उनके सभी काम किये जाएंगे। मौके पर सिकंदर भुइयां, मंटू विश्वकर्मा, महेंद्र मांझी आदि मौजूद थे।

बीस सूत्री की बैठक में कई पदाधिकारी अनुपस्थित

पाटन पलामू। प्रखंड सभागार में बीससुत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एक दो विभाग छोड़कर लगभग सभी विभागों के पदाधिकारी अनुपस्थित रहे जिससे बीससुत्री के सदस्यों ने नाराजगी जताई। बैठक की अध्यक्षता बीस सुत्री अध्यक्ष रामानंद पाण्डेय ने की और संचालन कोडिनेटर चितरांगद कुमार ने किया। बैठक में पाटन बीडीओ दीपक कुमार मिश्रा, एजीएम सुनील कुमार, कृषि विभाग के बीओ संतोष कुमार, बीससुत्री उपाध्यक्ष उमा कांत सिंह, आवास कोडिनेटर शीवम कुमार, जेपीएस कामेश्वर मेहता, शिक्षा विभाग के बीपीओ अजय कुमार, जेई हरीश तिवारी, पंचायत सचिव पुजा कुमारी, अनिल कुमार राम, अमीन हसन, कमेश पाण्डेय, पियुष कुमार तिवारी, अंजु कुमारी उपस्थित थे। बैठक में बीससुत्री सदस्य कमेश पाण्डेय ने गंगतुआ यज्ञशाला की भुमि को नापी नहीं करने का आरोप लगाया जिसपर पाटन सीओ सह बीडीओ दीपक कुमार मिश्रा ने दो दिन के अन्दर नापी कर रिपोर्ट करने की बात कही। वहीं बैठक में एक ही पंचायत में दो दो पंचायत सचिव कार्यरत हैं उन्हें हटाकर दुसरे पंचायत सचिव को प्रभार देने का निर्देश दिया गया। वहीं बैठक में अनुपस्थित रहे पदाधिकारी से स्पष्टीकरण मांगने को कहा गया। बैठक में सभी विभागों में चल रहे विकास योजनाओं की समीक्षा की गई।

पलामू में कांग्रेस को मजबूत बनाना है : रामेश्वर उरांव

खबर मन्त्र संवाददाता

छतरपुर पलामू। छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के जपला रोड स्थित परी मैरिज हॉल में सोमवार को कांग्रेस पार्टी की समीक्षा बैठक की गई। जिसमें मुख्य रूप से झारखंड सरकार के खाद्य आपूर्ति सह वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने अपने पार्टी को मजबूती को लेकर पाटन, पड़वा, छतरपुर छतरपुर नगर और नौडिहा बाजार के प्रखंड स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी प्रखंड अध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों के बीच कांग्रेस पार्टी के सशक्तिकरण को लेकर कार्यकर्ताओं को कई निर्देश दिया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हिंदुस्तान की सबसे पुरानी पार्टी है जिसने भारत के पूर्वी छोर से लेकर पश्चिमी छोर तक के भारत वासियों की समस्या को समझा और उनका निराकरण किया। मंत्री ने कहा कि पलामू में कांग्रेस पार्टी को जड़ से मजबूत करना है। समाज के एससी एसटी ओबीसी और अल्पसंख्यक समाज के बीच नेतृत्व का विकास कर समाज को आगे बढ़ना प्राथमिकता है। मंच का संचालन कांग्रेस जिला अध्यक्ष जय रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने किया। जिला अध्यक्ष द्वारा अभी छतरपुर पाटन विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड अध्यक्षों को पार्टी के मजबूती को लेकर चर्चा की। वही मौके पर छतरपुर मुखिया संघ द्वारा कई मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया। मौके पर जिला संयोजक भीम कुमार, विमला कुमारी, पप्पू पासवान, पहले मोहन, अनिल सिंह, अशोक पासवान, छतरपुर प्रखंड अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह, छतरपुर नगर अध्यक्ष मुस्ताक अहमद आलम मौजूद थे।

महायज्ञ को लेकर महिला विंग की बैठक आज

मेदिनीनगर। श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन में प्रथम दिन 21 नवंबर को कलश यात्रा शोभायात्रा निकल जाएगी। जिसमें धर्म रत्न देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज का शुभागमन होगा। इस अवसर पर कलश यात्रा में लाखों की संख्या में कलश उठाने वाली धर्म प्रेमी महिलाएं इस कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगी। इसी आशय के साथ 31 अक्टूबर दिन मंगलवार को दिन के तीन बजे से एक बैठक यज्ञ स्थल पर आयोजित की गई है। यही महिलाएं पूरे समाज से महिलाओं को कलश यात्रा सह शोभा यात्रा के लिए निमंत्रण देने का कार्य करेंगी। महिला विंग की प्रभारी मीना गुप्ता, राष्ट्रीय परशुराम युवा सेना युवा वाहिनी की महिला विंग की जिला अध्यक्षा श्वेता तिवारी,अंजू सांगा, माया मिश्रा एवं रानी शर्मा आदि इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर सहयोग करेंगी। उक्त जानकारी श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्रीमद् भागवत गीता कथा समिति के मीडिया प्रभारी अवधेश शुक्ला ने दी।

अमृत कलश को लेकर जिले के भाजपाई दिल्ली हुए रवाना

डालटनगंज स्टेशन पर किया गया जोरदार स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। दिल्ली में बन रहे अमृत वाटिका के लिए मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत झारखंड के कोने-कोने से पवित्र मिट्टी संग्रह कर अमृत कलश के साथ भाजपा के जिला अध्यक्षों और अभियान की टोली दिल्ली के लिए प्रस्थान किया।

पलामू जिले से भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष विजया नंद पाठक के नेतृत्व में जिले के 30 मंडलों से दो-दो कार्यकर्ता कुल 60 कार्यकर्ता रांची से दिल्ली जाने वाली स्पेशल ट्रेन ने कार्यकर्ताओं को लेकर दिल्ली रवाना हुआ। इसके पूर्व डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर उन सभी का स्वागत कर उन्हें विदा किया गया। इस दौरान पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनोद सिंह, नारायण पांडेय, अविनाश वर्मा, नरेंद्र पांडे, अजय तिवारी, अमित तिवारी, उदय शुक्ला, प्रथम उपमहापौर मंगल सिंह, भाजयुमो पलामू जिला अध्यक्ष ज्योति पांडे, अजीत सिंह, रीना किशोर, मीना गुप्ता, जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, भोला सिंह, अरुण दुबे, शशि भूषण पांडेय, जवाहर चंद्रवंशी, अजय गुप्ता, दीपक सिंह, किशन मखड़िया, सत्येंद्र कुमार, दशरथ यादव ,अभय मिश्र, राकेश पांडेय, संदीप गुप्ता सहित इस दौरान पार्टी के कई जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ नेतागण मौजूद थे।

राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय में शोकसभा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय में शोकसभा का आयोजन किया गया। संगठन के रीढ़ चैनपुर प्रखंड के ग्राम ओरनार निवासी संतोष तिवारी (पिंकू तिवारी)के पिताजी स्व शंकर तिवारी का निधन लंबी बीमारी के बाद हो गया। शोक सभा में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि स्व शंकर तिवारी शांत एवं मिलनसार व्यक्ति थे उनके जाने से समाज में बड़ी क्षति हुई है। संगठन को हमेशा उनका मार्गदर्शन और आशीर्वाद मिलता था। युवा वाहिनी के शैलेश दूबे ने कहा कि उनके निधन से समाजिक तौर पर क्षति के साथ मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है। शोक सभा में शैलेश तिवारी, गोरख पाठक, नवीन तिवारी, सुनील पाण्डेय, मुन्नु पाण्डेय, पंडित चंदन तिवारी (दोकरा), पंडित विकास दूबे, मुन्ना पाण्डेय, दिलीप तिवारी, विशाल पाण्डेय, शुभम दूबे, गोलू तिवारी सहित दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।

जमशेदपुर रन-ए-थॉन में भाग लेंगी एशियाई खेल की सिल्वर मेडल विजेता ज्योति याराजी

रन-ए-थन के लिए रजिस्ट्रेशन तिथि 3 नवंबर तक बढ़ी, टी-शर्ट लांच

अब तक 3000 से अधिक लोग दौड़ के लिए करवा चुके हैं पंजियन

खबर मन्त्र ब्यूरो

रन-ए-थन का टी-शर्ट लांच करते बायें से हेमंत गुप्ता, टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी और जेएफसी के सीईओ मुकुल विनायक चौधरी।

देश के लिए सिल्वर विजेता ज्योति याराज्जी।

जमशेदपुर। टाटा स्टील जमशेदपुर रन-ए-थॉन 2023 के आठवें संस्करण के लिए तैयार है क्योंकि इस प्रमुख कार्यक्रम के लिए पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 3 नवंबर है। शहरवासियों खासकर स्कूलों की मांग पर पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्तूबर से बढ़ा कर 3 नवंबर किया गया है। यह दौड़ 5 नवंबर (रविवार) को सुबह 6 बजे से जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगा। अब तक रन-ए-थन के लिए 3000 से अधिक लोग पंजीयन करवा चुके हैं,इसमें 1000 लोगों ने 10 किमी की रन के लिए पंजीयन करवाया है। जमशेदपुर के दौड़ प्रेमियों के लिए एक खुशखबरी है। ज्योति याराजी, एशियन रजत पदक विजेता (100 मीटर बाधा दौड़), 100 मीटर बाधा दौड़ के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक के साथ एक अंतरराष्ट्रीय एथलीट दौड़ को हरी झंडी दिखाने के लिए उपस्थित रहेंगीं। उक्त जानकारी टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट (कारपोरेट सर्विसेज) चाणक्य चौधरी ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि पंजीकृत प्रतिभागियों के लिए, टी शर्ट और बिब का वितरण 3-4 नवंबर को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे और दोपहर 2:30 बजे से शाम 6:30 बजे के बीच किया जायेगा। आंध्र प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, हरियाणा, ओडिशा तथा अंडमान और निकोबार सहित लगभग 15 राज्यों के प्रतिभागियों ने अब तक पंजीकरण कराया है। झारखंड से बाहर के करीब 150 धावकों के जमशेदपुर रन-ए-थन में भाग लेने की उम्मीद है।

पहली बार एक्सपो भी

टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन के सीइओ हेमंत गुप्ता ने बताया कि रन का यह संस्करण 3 नवंबर, 2023 से जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक एक्सपो की भी मेजबानी करेगा। नेचुरल फूड्स, ऑर्गेनिक हेल्थ शॉप, फास्ट एंड अप और नेक्सा, रमाडा, स्केचर्स जैसे कई अन्य ब्रांड इस एक्सपो में भाग लेंगे।

ऑफलाइन पंजीकरण : 3 नवंबर तक जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक और शाम 3 बजे से शाम 6 बजे तक।

ऑनलाइन : टाटास्टीलजेएसआर-रन.कॉम पर भी करवाया जा सकता है।

पहली बार छह पेसर्स

संवाददाता सम्मेलन में मौजूद जमशेदपुर एफसी के सीइओ मुकुल विनायक चौधरी ने बताया कि जमशेदपुर रन–ए–थॉन ने पेसर्स को तीन श्रेणी क्रमश: 55 मिनट, 60 मिनट और 70 मिनट की पेसर बुसेस के साथ भी पेश किया है ताकि धावकों को प्रमुख मैराथन और दौड़ स्पधाओं में अभ्यास के अनुसार अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ रन टाइम हासिल करने में मदद मिल सके। ये पेसर्स हैं जसवीर, चंदन, रवि गोयल, सुवर्णा, डॉ नीलम मिश्रा और सिद्धार्थ अडेसरा।

20 प्लस लोग एक साथ पंजीयन करायें, पायें 15 प्रतिशत छूट, फेमिली को 10 प्रतिशत : इस बार टाटा स्टील खेल विभाग ने ज्यादा संख्या में समूह प्रतिभागियों के लिए छूट की भी पेशकश की है। 20+ प्रतिभागियों के समूह (फिट टुगेदर) के लिए 15 प्रतिशत की छूट का प्रावधान है, जबकि चार या अधिक सदस्यों वाले परिवारों (फिट फैमिली) के लिए 10 प्रतिशत की छूट का प्रावधान है।

कार्यालय जिला परिषद, कोडरमा।
Expression of Interest (EoI)
शुद्धिपत्र

इस कार्यालय के ज्ञापांक 699/जि0प0 दिनांक 17.10.2023 एवं PR सं0 309359 द्वारा प्रकाशित Expression of Interest (EoI) से संबधित सूचना में अपरिहार्य कारणवश निम्नवत् संशोधन किया जाता है।

क्र0	विवरणी	पूर्व में प्रकाशित तिथि	संशोधित तिथि
1	Expression of Interest (EoI) प्राप्ति की अंतिम तिथि	04.11.2023	09.11.2023

निविदा से संबंधित शेष सभी सूचनाएं एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद कोडरमा।

PR 310128 Panchayati Raj(23-24)D

स्पीड न्यूज

भाकपा का 3 दिवसीय महापड़ाव रांची में 26 से

जमशेदपुर। सोमवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, शाखा रहरगोड़ा की बैठक रंजन पांडेय की अध्यक्षता में यूनियन कार्यालय बारिगोरा में की गई। बैठक में सर्व प्रथम 26, 27, 28,नवंबर को रांची,में राजभवन पर महापड़ाव, में शामिल होने के लिए पार्टी के लोकल कमिटी ने पुरे शाखाओ में बैठक कर ज्यादा से ज्यादा लोगो को भाग लेने के लिए तैयारी करेगी। झारखण्ड में बालू का उठाव बंद होने से विकाश का काम बाधित हों रही हैं साथ ही मजदूरो को काम नहीं मिल रहा हैं जिसके कारण वे भुखमरी का दंश झेल रहे हैं। बढ़ती मँहगाई, से लोगो के थाली से दाल और सब्जी गायब है,लोगो की आमदनी घट रही है, लोग बेरोगारी से परेशान हैं। सरकारी सम्पति की बिक्री। तथा अन्य मांगो को लेकर जमशेदपुर से भारी संख्या में पार्टी के लोग भाग लेंगे। बैठक में सीपीआई के जिला सचिव, अम्बूज कुमार ठाकुर, हीरा अरकने, लोकल काउन्सिल सचिव, सतेंद्र सिंह, शाखा सचिव, श्रवण सिंह, राम सिंह, रमेश सिंह, ज्वाला प्रसाद, अजय सिंह, निगमानंद पाल, रेनू मुर्मू, सबिता सोरेन, सबिन्द कुमार, गणेश दास, छात्र नेता, विक्रम कुमार उपस्थित थे।

विजया गार्डेन, बारीडीह चित्रांश परिवार कल्चरल टीम की हुई बैठक

जमशेदपुर। बारीडीह स्थित ह्यविजया गार्डेन चित्रांश परिवार की कल्चरल टीम ने उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर वर्मा की अध्यक्षता में सभी सदस्यों के साथ विजया गार्डेन क्लब हाउस में बैठक की, जिसमें टीम के सभी सदस्यों ने अपने–अपने सुझाव दिये। इस बैठक में सभी सदस्यों मुक्तेश्वर वर्मा, अजीत वर्मा, प्रियंका वर्मा, डॉ विभूति शरण, डॉ रजनीश सिन्हा, रितेश सिन्हा, प्रशांत, रंजू वर्मा, इशिता शरण, रिचा सिन्हा, प्रिया ने बेहतर व सफल आयोजन करने का निर्णय लिया। आगामी 15 नवंबर को सुबह में चित्रांश पूजा के उपरांत शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा जिसमें मुख्य रूप से डांस, फैशन शॉ, गीत–संगीत, स्क्रीप्ट एक्ट व अन्य प्रतियोगिता होंगे। इस प्रतियोगिता के दौरान प्रीतिभोज की व्यवस्था रहेगी। साथ ही विशेष रूप से छठ महापर्व को देखते हुए शुद्ध शाकाहारी व्यंजनों की व्यवस्था रहेगी।

केबुल मैदान से आज एकता दौड़

जमशेदपुर। गोलमुरी केबुल मैदान से सामाजिक संस्था कोशिश एक मुस्कान लाने की ओर से मंगलवार की सुबह 7.15 बजे से एकता दौड़ का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी संस्था के संरक्षक एवं संस्थापक शिवशंकर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यह दौड़ राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है।

6 डेंगू पॉजिटिव पाये गये

जमशेदपुर। जिले में 30 अक्टूबर के सैम्पल जांच में 6 डेंगू पॉजिटिव पाए गए। पॉजिटिव लोगों में छोटा गोविंदपुर 1 , टेल्को 1, गोलमुरी 1, जुगसलाई 1, डिमना रोड–मानगो 1 और बिरसानगर के 1 डेंगू पॉजिटिव शामिल हैं।

टाटा स्टील यूआइएसएल केबुल टाउन में घर-घर देगी बिजली

डीसी की अध्यक्षता में त्रिपक्षीय बैठक में बनी सहमति

खबर मन्त्र ब्यूरो

बैठक की अध्यक्षता करते डीसी मंजूनाथ भजन्त्री। साथ में विधायक सरयू राय, जेबीवीएनएल के जीएम और टाटा स्टील के वीपी सिंह व अन्य।

जमशेदपुर। केबुल टाउन के सभी घरों में टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेस लिमिटेड सीधी बिजली देने को तैयार हो गया है। फिलहाल टीएसयूआईएसएल नौ पॉइंट वेंडरों को एकमुश्त पर बिजली देता है और ये वेंडर अलग-अलग घरों में बिजली आपूर्ति करते है जिसके कारण उपभोक्ताओं को मंहगे दर से भुगतान करना पड़ता है। केबुल टाऊन के घरों में अलग-अलग कनेक्शन से बिजली देने का निर्णय आज पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त के कार्यालय में विधायक सरयू राय की पहल पर आयोजित बैठक में हुआ, जिसमें टाटा स्टील के हेड लैंड मैनेजमेंट अमित कुमार, यूआईएसएल के बिजली प्रभाग के महाप्रबंधक वी पी सिंह, जेबीवीएनएल के महाप्रबंधक श्रवण कुमार, जेएनएसी के विद्युत प्रभारी अमित आनन्द आदि उपस्थित थे। बैठक में टाटा स्टील यूआईएसएल ने यह बात रखा कि दिवालिया हो चुके केबुल कंपनी के आरपी (रिजोलयूशन प्रोफेशनल) से घर-घर अलग बिजली देने के लिए अनापत्ति मांगी गई है जो अबतक नहीं मिली है। इस पर विधायक सरयू राय ने कहा कि एनसीएलटी का कोई भी नियम अथवा प्रावधान केबुल कंपनी के घरों में बिजली देने में बाधक नहीं है। इसलिए आर पी से अनापत्ति मांगना जरूरी नहीं है। जिसतरह से तत्कालीन जुस्को ने केबुल कंपनी ने घरों में पानी का अलग कनेक्शन दिया है उसी तरह से बिजली का अलग कनेक्शन दिया जा सकता है। जिस लाईन से अभी 9 वेंडर बिजली दे रहे है उसी लाईन से टीएसयूआईएसएल भी बिजली दे सकता है। इससे किसी भी परिसम्पति का नुकसान नहीं हो रहा है। उपायुक्त ने कहा कि बिजली आज समाज की आवश्यक आवश्यकता बन गई है इसलिए उपभोक्ताओं के घरों में अलग-अलग बिजली का कनेक्शन देने में कोई भी नियम बाधक नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह प्रशासन के हस्तक्षेप से केबुल कंपनी के निवासियों को पानी मिला उसी तरह टीएसयूआईएसएल उनको बिजली भी दें। बैठक में उपस्थित टाटा स्टील के हेड लैंड मैनेजमेंट और वीपी सिंह सहमत हुए कि केबुल टाऊन के सभी घरों में अलग-अलग बिजली कनेक्शन दिया जाएगा। 24 घंटे के भीतर इसकी औपचारिकता पूरा कर ली जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि विद्युत आपूर्ति सिस्टम को मजबूत बनाने में जो भी खर्च आयेगा उसका वहन करने के लिए कंपनी तैयार है। इस तरह लंबे समय से लंबित पड़े हुए इस मुद्दे का समाधान आज हो गया और केबुल टाऊन के करीब एक हजार घरों में बिजली का सीधा कनेक्शन देने का रास्ता साफ हो गया। सरयू राय ने इसके लिए टाटा लैंड एवं टीएसयूआईएसएल को धन्यवाद दिया और उनकी सराहना की। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त किया कि केबुल टाऊन की एक बड़ी समस्या का समाधान आज उपायुक्त के हस्तक्षेप से हो गया।

टाटा स्टील की आर्ट इन इंडस्ट्री आज से शुरू होगी

जमशेदपुर। टाटा स्टील को आर्ट इन इंडस्ट्री कार्यक्रम की घोषणा करते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है, जो भारतीय कलाकारों के उल्लेखनीय योगदान को प्रदर्शित करते हुए रचनात्मकता और नवीनता के सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व का जश्न मनाएगा। कार्यक्रम 31 से 4 नवंबर तक सेंटर फॉर एक्सीलेंस में आयोजित होगा। यह सीएफई में हर दिन सुबह 10:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक जनता के लिए खुला रहेगा। शिविर का उद्घाटन चाणक्य चौधरी वाईस प्रेसिडेंट, कॉरपोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील करेंगे।

इंकैब के पूर्व इंचार्ज प्रेमसागर सिंह का निधन

रघुवर दास ने दिवंगत प्रेमसागर सिंह के बेटी से की फोन कर जताया शोक

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। जमशेदपुर महानगर अंतर्गत गोलमुरी मंडल क्षेत्र के न्यू केबुल टाउन निवासी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रेमसागर सिंह का निधन सोमवार को अपरान्ह 4 बजे उनके आवास पर हो गया। उनकी अंत्येष्टि 31 अक्तूबर मंगलवार को स्वर्णरेखा श्मशान घाट पर होगा। सुबह 10 बजे से उनकी शवयात्रा न्यू केबुल टाउन स्थित आवास से निकलेगी। ओडिसा के मनोनीत राज्यपाल रघुवर दास समेत कई वरिष्ठ नेताओं एवं ब्रम्हर्षि विकास मंच के अध्यक्ष रामप्रकाश पांडेय, महासचिव योगेंद्र मौआर समेत कई नेताओं ने प्रेम सागर सिंह के आकस्मिक निधन पर शोक प्रकट किया है। इंकैब इंडस्ट्रीज में पर्सनल ऑफिसर से जमशेदपुर प्रभारी तक रह चुके प्रेम सागर सिंह करीब 73 वर्ष के थे और पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे अपने पीछे पत्नी सुषमा सिंह, बेटा उज्ज्वल सागर, विवाहित पुत्री तनु समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। पिछले कई दशकों से भाजपा के साथ सक्रिय रूप से जुड़कर कई महत्वपूर्ण दायित्वों को बखूबी पूर्ण करने वाले करने वाले प्रेमसागर सिंह के निधन की खबर से पूरे पार्टी में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ नेता शिवशंकर सिंह समेत काफी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता उनके निवास स्थान पर पहुंचे।

शेन इंटरनेशनल स्कूल में चेस प्रतियोगिता संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। शेन इंटरनेशनल स्कूल में चेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता इंटर स्कूल का हाउस वाइस कॉम्पीटिशन था। जिसमें सबसे पहले पेगासस हाउस एवं ग्रीफीन हाउस तथा दूसरा फिनीक्स हाउस एवं यूनीकौन हाउस के बीच, प्रतियोगिता था। प्रत्येक भागों का मैच तीन राउंड में विभाजित था। दो-दो हाउस के बीच हुए प्रतियोगिता में बने विजेतर, के मध्य फाइनल प्रतियोगिता किया गया) । इसका परिणाम इस प्रकार है-कैटेगरी ए में कक्षा नौ से बारहवी के छात्रों ने भाग लिया और इस संवर्ग में बालक वर्ग में विजेता रहे 11 वीं कक्षा फोनिक्स हाउस के शशांक कुमार जबकि उप विजेता रहे 12 वीं कक्षा पेगासस हाउस के उत्कर्ष कुमार। बालिका संवर्ग में विजेता रहीं 12 वीं कक्षा यूनिकॉर्न हाउस की अंजलि प्रधान जबकि उप-विजेता रहीं कक्षा 8 फोनिक्स हाउस की दीपा साहू। कैटेगरी बी में विजेता रहे कक्षा 8 ग्रीफिन हाउस के आरुष अक्षय जबकि उप विजेता रहे कक्षा 5 यूनिकॉन आउस के रिषित राज। कैटेगरी बी में बालिका संवर्ग में संयुक्त विजेता रहीं कक्षा 5 फोनिक्स हाउस की पीहू पर्ल और कक्षा 8 ग्रीफिन हाउस की शौर्य श्री। विद्यालय की प्रधानाचार्या पुष्पा भल्ला, रमा श्रीनिवास प्रधानाचार्या (एकेडमिक), उप प्रधानाचार्या केया अदक और हेड मिस्ट्रेस सिमरन सग्गू ने सभी छात्रों को उनके खेल कौशल और सौहार्द के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

झारखंड विधानसभा की आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति ने की बैठक

जमशेदपुर। झारखंड विधानसभा की आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति के सभापति सह विधायक जामताड़ा डॉ इरफान अंसारी की अध्यक्षता में परिसदन सभागार में जिले के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आहूत की गई। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा माननीय सभापति का परसदिन में आगमन पर स्वागत किया गया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी ममता प्रियदर्शी, एडीएम राजीव रंजन, निदेशक एनईपी ज्योत्सना सिंह, डीएमओ, डीटीओ, तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य विभागीय पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सभापति द्वारा विभिन्न विभागों के योजनाओं में प्रगति, राजस्व संग्रहण की स्थिति व विकास योजनाओं की समीक्षा तथा केंद्र प्रायोजित योजनाओं में प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ़

(आम सूचना)

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय-शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) योजना के शहरी फुटपाथ विकेताओं हेतु सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत घुटुवा वार्ड सं0 20 नवनिर्मित वेंडिंग जोन का आवंटन शहरी फुटपाथ विकेताओं के बीच किया जाना है। इसके लिए रामगढ नगर परिषद द्वारा सर्वेक्षण सूची में शामिल वैसे शहरी फुटपाथ विकेता, जिन्हें नगर परिषद, रामगढ द्वारा निबंधित पथ विकेता का प्रमाण पत्र दिया गया है, निम्न दस्तावेजों के साथ दिनांक 03.11.2023 से 10.11.2023 तक कार्यविधि के दौरान, रामगढ़ नगर परिषद के कार्यालय के DAY-NULM कोषांग में विहित आवेदन पत्र में आवेदन समर्पित कर सकते हैं।उक्त वेंडिंग जोन में फुटपाथ पथ विकेताओं को "पहले आओ –पहले पाओ" के आधार पर या अधिक आवेदन प्राप्त होने पर लॉटरी के माध्यम से स्थल आंवटित किया जायगा। वार्ड सं0 20 एवं 21 के वेंडिंग कार्ड प्राप्त करने वाले पथ विकेता को प्राथमिकता दी जायगी। किसी भी परिस्थिति में रजिस्ट्रेशन शुल्क वापस नहीं की जायगी तथा आपकी पात्रता के जांचोपरांत ही लॉटरी में भाग लिया जा सकता है।

व्यवसाय हेतु वेंडिंग जोन स्थल	व्यवसाय हेतु बैठने की कुल व्यवस्था	रजिस्ट्रेशन शुल्क	मसिक शुल्क
घुटुवा नवनिर्मित वेंडिंग जोन, रामगढ	18	300	300

वांछित दस्तावेज:
1. नगर परिषद् रामगढ द्वारा प्रदत निबंधन कार्ड
2. एक पासपोर्ट साइज फोटो, एवं
3. आधार कार्ड की छाया प्रति संलग्न करें।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, रामगढ़

PR 310224 District(23-24)#D

झारखण्ड सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
email – eedwsd.ranchiwest@gmail.com

(छठा कॉल)

जिसका PR No. 300027 (Drinking Water and Sanitaion) 2023–24 है।

निविदा सूचना संख्या – DWSD/RW/SR-20/2023-24 दिनांक:– 30.10.2023

1. Name of Work :- Relocation of T/W by Drilling 125/115 mm dia drilled Tube-Well in all kinds of soil rock for installation of hand pump with D.T.H Rig machine all complete including supplying all materials, labours, tools, drilling, rigs, air compressor and equipments as well as fuel lubricant for making 125/115 mm dia boring etc and cost of transporting rig machine and other vehicle up to site work "TurnKey Basis" Under D. W. & S. Division, Ranchi West, Ranchi for the Year 2023-24

ग्रुप संख्या	नलकूपों की संख्या	प्राक्कलित राशि लगभग (लाख में)	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6
SR/RW-III	33 nos.	28.09290	56200.00	5,000.00	02 माह

2. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 01/11/2023 / 04.00 बजे अपराहन तक।
3. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 07/11/2023 / 04.00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 08/11/2023 / 05.00 बजे अपराहन में।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।
6. निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।
7. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 :– 0651-2491247
8. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
9. कार्य की मात्रा आवश्यकतानुसार घट–बढ़ सकती है।
10. विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
राँची पश्चिम, राँची।

PR 310145 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 29/2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक 07.11.23 को 10:00 पूर्वाह्न से 2:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 08.11.23 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 08.11.23 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग एवं जिला परिषद, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :– जिला परिषद, निधि।

क्र0 स0	प्रखण्ड	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	अग्रधन की राशि	योजना पूर्ण करने की तिथि
1	सदर	सुशील कॉलोनी नं0–02 के आवास सं0–02 की आवश्यक मरम्मति कार्य।	592000.00	1250.00	11900.00	दो माह
2	सदर	सुशील कॉलोनी नं0–02 के आवास सं0–08 की आवश्यक मरम्मति कार्य।	438200.00	750.00	8800.00	दो माह

नोट :– 1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 310167 District(23-24).D

जनगणना के माध्यम से हर सिख सीजीपीसी से प्रत्यक्षरूप से जुड़ सकेगा: भगवान सिंह

सीजीपीसी ने जारी किया सिख जनगणना का प्रपत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

प्रपत्र जारी करते सीजीपीसी के पदाधिकारीगण।

जमशेदपुर। सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी (सीजीपीसी) ने सिखों के हित में एक और सुखद पहल करते हुए सोमवार को साकची स्थित सीजीपीसी कार्यालय में सिख जनगणना का प्रपत्र जारी किया।

इन प्रपत्रों को सभी गुरुद्वारा के कमिटियों को सौंप कर आगे की प्रक्रिया की जाएगी। इस अवसर पर उत्साहित सीजीपीसी प्रधान सरदार भगवान सिंह ने कहा कि यह पहल पूर्व योजना के तहत की गयी है। पिछले शुक्रवार की आम सभा में घोषित किये गए सिख जनगणना परियोजना को कार्यान्वित करना पुरे कोल्हान के सिखों के लिए हर्ष का विषय है। उन्होने कहा कि इस जनगणना के माध्यम से कोल्हान का प्रत्येक सिख के प्रत्यक्ष रूप से सीजीपीसी से जुड़ जाने से उनके सुख-दुःख और अन्य समस्याओं पर सीजीपीसी को संपर्क करने में काफी सुविधा होगी।

सीजीपीसी के चेयरमैन सरदार शैलेन्द्र सिंह ने सभी गुरुद्वारा कमेटियों से विनती की है कि वे सिख जनगणना प्रपत्रों को सिलसिलेवार तरीके से अपने क्षेत्राधिकार में सिख परिवारों से मिल उनमें जागरूकता लाते हुए प्रपत्रों को सौंपना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा की सीजीपीसी सिखों के हितों के लिए हमेशा तत्पर है और निकट भविष्य में और परियोजनाएं लायेगी।

सिख जनगणना प्रपत्र जारी करने के मौके पर सरदार भगवान सिंह के अलावा सरदार शैलेन्द्र सिंह, चंचल सिंह, गुरनाम सिंह बेदी, सुखदेव सिंह बिट्टू, कुलविंदर सिंह पन्नू, प्रकाश सिंह, जगतार सिंह नागी, सुरेंद्र सिंह छिंदे, अमरजीत सिंह भामरा, त्रिलोक सिंह, ज्ञानी कुलदीप सिंह, जसवंत सिंह, सुखविंदर सिंह राजू, हरविंदर सिंह गुल्लू, रणजीत सिंह राणा सहित अन्य उपस्थित थे।

उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
(स्थापना शाखा)

प्रेस विज्ञप्ति

राजस्व पर्षद, झारखण्ड, रांची के पत्रांक – 1064/रा॰ प्र॰, दिनांक 26.10.2023 के द्वारा जिला अनुमण्डल एवं अन्य मुफस्सिल कार्यालयों (कार्य विभाग सहित) के लिपिकों की **द्वितीय अर्द्धवार्षिक लेखा परीक्षा–2023** का आयोजन **दिनांक 25.11.2023 एवं 26.11.2023** को निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित की गई है।

परीक्षा कार्यक्रम

1. दिनांक 25.11.2023 (शनिवार) – प्रथम पत्र 9 बजे पूर्वा॰ से 12 बजे मध्याह्न तक।
2. दिनांक 25.11.2023 (शनिवार) – द्वितीय पत्र 2 बजे अप॰ से 5 बजे अपराह्न तक।
3. दिनांक 26.11.2023 (रविवार) – तृतीय पत्र, चतुर्थ पत्र एवं पंचम पत्र 9 बजे पूर्वा॰ से 12 बजे मध्याह्न् तक।

1. परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदकों द्वारा अपना आवेदन प्रपत्र ई–मेल के माध्यम से इस **acexamjhar2.2023.21.hzb@gmail.com** ई–मेल आई॰ डी॰ पर प्रेशित करेंगे। इस मेल आई॰ डी॰ में आवेदन पत्र प्रेशित करने की **अन्तिम तिथि दिनांक– 17.11.2023 (शुक्रवार) को संध्या 5.00 बजे तक** निर्धारित की जाती है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त आवेदन–पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदकों द्वारा अपना आवेदन प्रपत्र पूर्ण रूप से भर कर नियंत्री पदाधिकारी से अग्रसारित कराकर उसे Scan कर ई–मेल किया जायेगा।
2. सभी परीक्षार्थी (लिपिक) अपने पदस्थापन के स्थान से संबंधित जिला में मुख्यालय में परीक्षा में शामिल होंगे।
3. तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम पत्र की परीक्षा दूसरे दिन प्रथम पाली में आयोजित होगी। तीनों पत्र क्रमशः वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड(वन प्रभाग), राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड(निबंधन प्रभाग) तथा कार्य विभाग(जल संसाधन विभाग एवं पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची) के लिपिकों के लिए अतिरिक्त पत्र के रूप में चिन्हित है।
4. परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों को निदेशित है कि वे अपना पुरा नाम, पदनाम एवं पता सही–सही भरें।
5. अनुसूचित जाति/जनजाति कोटि के परीक्षार्थियों को निदेशित है कि अपने कोटि का उल्लेख अवश्य करें जिससे इस वर्ग विशेष के लिए अनुमान्य लाभ उन्हें दिया जा सके।

आदेशानुसार
उपायुक्त, हजारीबाग

PR 310189 District(23-24)#D

खबर मन्त्र
रांची. मंगलवार .31 अक्टूबर 2023
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net

सोशल मीडिया का नशा

देश में कई ऐसे मामले खबरों की सुर्खियां बने हैं जब सोशल मीडिया के लत से रोकने वाले अभिभावकों पर किशोरों द्वारा प्राणघातक हमले किये गये। दरअसल सोशल मीडिया के नशे को नियंत्रित करने व बड़ी तकनीकी कंपनियों को जवाबदेह बनाने की मांग भारत समेत पूरी दुनिया में उठती रही है। अब सोशल मीडिया के स्रोत संयुक्त राज्य अमेरिका के दर्जनों राज्यों ने युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को कथित रूप से नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाकर फेसबुक व इंस्टाग्राम की स्वामित्व वाली कंपनी मेटा पर मुकदमें दर्ज कराये हैं। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि एक नशे की लत के रूप में सोशल मीडिया को प्रोत्साहित करके मोटा मुनाफा कमाने वाली कंपनियां अपने सामाजिक दायित्वों से बच रही हैं। साथ ही जोड़-तोड़ की कोशिशों से अपने मंसूबों को विस्तार दे रही हैं। निस्संदेह, दुनिया भर में अभिभावक, शिक्षक, देखभाल करने वाले व नीति निमार्ता वर्षों से सोशल मीडिया से बच्चों के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले घातक प्रभावों के बारे में चेताते रहे हैं। कई शोधों के निष्कर्ष हैं कि सोशल मीडिया पर लंबा समय बिताने के चलते किशोरों में अवसाद, चिंता, अनिद्रा व खान-पान संबंधी विकार सामने आए हैं। वहीं मेटा के अधिकारियों की दलील है कि उसने किशोरों व परिजनों को सुरक्षित सुविधा प्रदान करने के लिये कई कारगर विकल्प पेश किये हैं। कानूनी प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन रहने के दौरान युवाओं पर पड़ने वाले प्रभावों का जिक्र किया गया है। आरोप है कि इस लत के आदी युवाओं में संवेदनशीलता कम हो रही है। उनमें आत्मबोध से विमुख होने व कल्याण की भावना के प्रति उदासीन होने जैसे भाव उपजते हैं। उल्लेखनीय है कि बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों द्वारा गैरजिम्मेदार व्यवहार के चलते कई नामचीन कंपनियों मेटा, टिकटॉक व यूट्यूब पर अमेरिका में पहले ही सैकड़ों मुकदमे चल रहे हैं।

कूटनीतिक चुनौती

कतर मामले में मोदी सरकार की अग्नि परीक्षा होगी क्योंकि कतर के साथ भारत के रिश्ते उतने मधुर नहीं हैं जितने यूएई व सऊदी अरब के साथ हैं। फलतः भारत के लिये यह बड़ी डिप्लोमैटिक चुनौती बन गई है। दरअसल, जिन आठ लोगों को कतर में फांसी की सजा दी गई है, वे सभी भारतीय नौसेना के पूर्व अधिकारी हैं और एक डिफेंस सर्विसेज देने वाली ओमान की कंपनी के लिये काम कर रहे थे। जिन्हें गत वर्ष 30 अगस्त को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, कतर सरकार ने सार्वजनिक रूप से यह स्पष्ट नहीं किया है कि इन्हें किस अपराध में गिरफ्तार करके फांसी की सजा दी गई है। इनके परिवारों को भी लगाये गए आरोपों की जानकारी नहीं दी गई है। दरअसल, नौसेना कर्मियों पर इस साल मार्च में मुकदमा शुरू हुआ था और कतर स्थित भारतीय दूतावास इस मामले में कार्रवाई करता रहा है। बहरहाल, अब मामले में केंद्र सरकार से तुरंत हस्तक्षेप करने का दबाव पीड़ितों के परिजनों की तरफ से बढ़ रहा है। पीड़ितों के परिजन सरकार से गुहार लगा रहे हैं कि केंद्र अपने राजनयिक व राजनीतिक प्रभाव से पूर्व नौसेना कर्मियों को राहत दिलाने का प्रयास करे। उसे सऊदी अरब व यूएई से बेहतर होते भारत के रिश्ते रास नहीं आते। वहीं दूसरी ओर वह ईरान व तुर्की के प्रभाव में अधिक बताया जाता है। उल्लेखनीय है कि ये पूर्व नौसेना कर्मी एक ओमानी नागरिक की कंपनी दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजिज एंड कंसल्टेंसी सर्विसेज के लिये कतर में सेवाएं दे रहे थे। कतर के मामले में विदेश मंत्री जयशंकर भी अपने प्रयास जारी कर दिये हैं और उम्मीद की जा रही है एक बेहतर हल निकल सकेगा। वैसे कई समझौता के आधार पर कतर इस प्रकार का एकतरफा कार्रवाई करने की स्थिति में नहीं है। वर्तमान बदले हुए माहौल में यह मामला किस ओर जायेगा यह कहना कठिन है।

एकता की मिसाल, वल्लभ भाई बेमिसाल

सरदार पटेल जयंती/31 अक्टूबर/विशेष)

गुजरात के खेड़ा जिले के नाडियाड में 31 अक्टूबर, 1875 को किसान परिवार में जन्मे सरदार वल्लभ भाई पटेल को एकता की मिसाल कहा जाता है। देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार पटेल ने राष्ट्र की एकता को सर्वोपरि मानते हुए देश को एकजुट करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। स्वतंत्रता संग्राम से लेकर मजबूत और एकीकृत भारत के निर्माण में उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। जिस समय देश आजाद हुआ, तब वह कई छोटी-छोटी रियासतों में बंटा था, जिन्हें एकजुट करना बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य था। आजाद भारत को एकजुट करने का श्रेय पटेल की राजनीतिक और कूटनीतिक क्षमता को ही दिया जाता है। भारत के राजनीतिक एकीकरण के लिए सरदार पटेल के इसी अविस्मरणीय योगदान को चिरस्थायी बनाए रखने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 31 अक्टूबर, 2014 से उनकी जयंती को ह्यराष्ट्रीय एकता दिवसह्न के रूप में मनाए जाने की घोषणा की गई थी। तभी से सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को ह्यराष्ट्रीय एकता दिवसह्न के रूप में मनाया जाता है।

देश की आजादी के उपरांत 500 से भी ज्यादा देशी रियासतों का एकीकरण किया जाना सबसे बड़ी समस्या थी। दरअसल अंग्रेज भारत से जाते-जाते कुटिल चाल चलते हुए करीब 550 देशी रियासतों को खुद ही अपने भविष्य के निर्णय का अधिकार दे गए थे। उसके पीछे उनका उद्देश्य था कि इतनी बड़ी संख्या में रियासतों के स्वायत्त रहते भारत के लिए स्वयं को एकजुट रख पाना बेहद मुश्किल होगा। सरदार पटेल ने अपने लौहपुरुष व्यक्तित्व का परिचय देते हुए इस गंभीर चुनौती को न केवल स्वीकार किया बल्कि बहुत ही कम समय में बड़ी कुशलता से इतनी सारी रियासतों के एकीकरण का कार्य सम्पन्न कराने में सफल भी हुए। उन्होंने आजादी के ठीक पहले पीवी मेनन के साथ मिलकर कई देशी रियासतों को भारत में मिलाने का कार्य आरंभ कर दिया था। उस समय देशभर में सैकड़ों ऐसी देशी रियासतें थी, जो स्वयं में सम्प्रभुत्ता प्राप्त थी, जिनका अपना अलग झंडा और अलग शासक था। दोनों ने देशी रियासतों के शासकों को समझाया कि उन्हें स्वायत्तता देना संभव नहीं होगा। इसका असर यह हुआ कि केवल तीन रियासतों को छोड़कर बाकी सभी रियासतों-राजवाडों ने अपनी मर्जी से भारत में विलय का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। हैदराबाद के निजाम ने जब भारत में विलय का प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया तो पटेल ने वहां सेना भेजकर निजाम का आत्मसमर्पण कराया। बहुत विरोध होने पर जूनागढ़ का नवाब भागकर पाकिस्तान चला गया और तब जूनागढ़ भारत में मिला लिया गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारत की विभिन्न बिखरी हुई रियासतों और भू-भागों के एकीकरण में सरदार पटेल के उल्लेखनीय योगदान के कारण ही उन्हें भारत का बिस्मार्क (जर्मन साम्राज्य का प्रथम चांसलर) भी कहा जाता है।



- योगेश गोयल

> देश की आजादी के उपरांत 500 से भी ज्यादा देशी रियासतों का एकीकरण किया जाना सबसे बड़ी समस्या थी। दरअसल अंग्रेज भारत से जाते-जाते कुटिल चाल चलते हुए करीब 550 देशी रियासतों को खुद ही अपने भविष्य के निर्णय का अधिकार दे गए थे। उसके पीछे उनका उद्देश्य था कि इतनी बड़ी संख्या में रियासतों के स्वायत्त रहते भारत के लिए स्वयं को एकजुट रख पाना बेहद मुश्किल होगा।

देश की आजादी के बाद पटेल स्वतंत्र भारत के पहले गृहमंत्री और पहले उप-प्रधानमंत्री बने। उनका व्यक्तित्व बचपन से ही प्रभावशाली था। हालांकि पढ़ाई-लिखाई में वे औसत हुआ करते थे। उन्होंने दसवीं कक्षा की परीक्षा 22 साल की उम्र में उत्तीर्ण की थी। हाईस्कूल की पढ़ाई के बाद परिवार में आर्थिक तंगी के कारण उन्होंने कॉलेज जाने के बजाय आगे की शिक्षा स्वाध्याय से ही प्राप्त की। बैरिस्टर की पढ़ाई उन्होंने लंदन जाकर पूरी की और कॉलेज जाने का अनुभव नहीं होने के बावजूद अपनी विलक्षण प्रतिभा का परिचय देते हुए 36 साल की उम्र में लंदन के मिडिल टेंपल इन में बैरिस्टरी का 36 माह का कोर्स सिर्फ 30 माह में ही पूरा कर लिया और वापस आकर अहमदाबाद में वकालत करने लगे। महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरित होकर उन्होंने भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने बारडोली सत्याग्रह का नेतृत्व करते हुए उसमें सफलता हासिल की थी, जिससे प्रसन्न होकर वहां की महिलाओं ने ही वल्लभ भाई पटेल को ह्यसरदारह्न की उपाधि प्रदान की थी।

भारतीय संविधान के निर्माण में भी पटेल का महत्वपूर्ण योगदान था। वे मूल अधिकारों पर बनी समिति के अध्यक्ष थे और उन्होंने अधिकारों को दो भागों (मूलाधिकार तथा नीति-निर्देशक तत्व) में रखने का सुझाव दिया था। आज जहां देश में हर तरफ भाई-भतीजावाद की राजनीति का बोलबाला है, वहीं देश का यह लौहपुरुष राजनीति में भाई-भतीजावाद के सख्त खिलाफ था और इसका सबसे बड़ा उदाहरण उन्होंने खुद अपने बेटे को राजनीति से दूर रखते हुए दिया भी। इस बात का स्पष्ट उल्लेख मिलता है कि उन्होंने अपने पुत्र दहयाभाई को तब तक यथासंभव दिल्ली से दूर रहने को कहा था, जब तक कि वह स्वयं दिल्ली में रहें। उनके हृदय में ईमानदारी की भावना किस कदर कूट-कूटकर भरी थी, इसका इससे बेहतर बेमिसाल उदाहरण नहीं हो सकता कि उनके निधन के बाद खोजबीन किए जाने पर उनकी निजी सम्पत्ति के नाम पर उनके पास कुछ नहीं था।

बगैर लाग-लपेट, सीधा-स्पष्ट, कड़ा और खरा बोलने के लिए विख्यात रहे पटेल ने अपने जीवन में आई तमाम कठिनाइयों से पार पाते हुए सदैव उन पर सफलता हासिल की, इसीलिए उन्हें ह्यलौहपुरुषह्न के रूप में जाना जाता है। सरदार पटेल का जीवन, व्यक्तित्व और कृतित्व सदैव देशवसियों को प्रेरित करता रहेगा। लौहपुरुष ने 15 दिसम्बर 1950 को आखिरी सांस ली।

खास बात

खामोश सरकार

सहीराम

वज्रपात करने के लिए सरकार क्या कम थी जी, जो रामजी भी वज्रपात करने लगे। वैसे तो जी, सरकार भी भगवान ही होती है, लेकिन भगवानजी को तो सरकार नहीं होना चाहिए। बेशक वो भी माई-बाप हैं, ये भी माई-बाप हैं। पर फर्क है जी, सरकार का डंडा धमाधम चलता है, जबकि ऊपर वाले की लाठी कहते हैं बड़ी खामोशी से चलती है और सरकार के डंडे की तरह अंधाधुंध तो नहीं ही चलती। इसीलिए सरकार पर तो चाहे भरोसा टूटता रहता हो, पर भगवान पर भरोसा हमेशा कायम रहता है। बल्कि जब सरकार की आलोचना करनी होती है, तब भी लोग यही कहते हैं कि वह भगवान भरोसे ही चल रही है।

लेकिन समझ नहीं आता कि भगवानजी अब यह फर्क मिटाते क्यों जा रहे हैं। अब देखिए, सरकार तो महंगाई का वज्रपात कर ही रही है। रोज तेल के दाम बढ़ रहे हैं और ज्ञानीजन कहते हैं कि तेल के दाम बढ़ेंगे तो सब चीजों के दाम बढ़ेंगे। अर्थात महंगाई की जड़ तेल ही है। सरकार भी अगर यह मान ले तो वह भी महंगाई बढ़ाने के आरोप से बच सकती है। खैर, यह सरकार की मर्जी है। लेकिन यह भगवान की तो मर्जी नहीं होनी चाहिए कि वह भी सरकार की तरह ही जनता पर वज्रपात करने लगे। मतलब उसे थोड़ा तो सरकार से अलग दिखना ही चाहिए।

अब देखिए, सरकार ने ऑक्सीजन नहीं दी, लेकिन भगवानजी ने नहीं रोकी। तो यह फर्क अब क्यों नहीं। अब सरकार की तो चाहे जनता पर नजरे इनायत न हो, चाहे वह नौकरी न दे, चाहे वह महंगाई बढ़ती रहे, पर भगवानजी को तो झमाझम बारिश कर देनी चाहिए न। यार, मॉनसून का मौसम है आखिर तो। पर जैसे सरकार आंदोलनकारी किसानों को कुछ नहीं दे रही, वैसे भी भगवान भी किसानों को बारिश नहीं दे रहे हैं। हालांकि, बारिश कोई किसान को अकेले थोड़े ही चाहिए। गर्मी से तो सभी बेहाल हैं। पानी तो दिल्ली वालों को भी नहीं मिल रहा। भगवानजी को गर्मी से बिलबिलाते लोगों पर जरा भी दया नहीं आ रही, जैसे सरकार को महंगाई से त्रस्त जनता पर दया नहीं आ रही। ऊपर से भगवानजी भी अब बिजली ज्यादा गिराने लगे हैं,

गुरु आदेश

धर्म-प्रवाह

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस

जहां भरत जी गये वहीं शत्रुघ्न जी गये। कहां राम है, कहां लक्ष्मण हैं उनके कोई मतलब नहीं था। लखन जी को जब गुरु वशिष्ठ जी ने नियत कर दिया तो जब श्री राम वनवास जा रहे हैं तो वे बोले मैं भी चलूंगा। श्री राम बोले क्यों? वनगमन तो केवल मेरा हुआ है, आप क्यों चलेंगे। लक्ष्मण जी बोले बात सही है लेकिन गुरु महाराज जी की आज्ञा है कि मैं शरीर का सेवक हूं, तो जहां शरीर वहीं मैं। लक्ष्मण जी मां से आज्ञा लेकर वनगमन किये।

प्रसंग का अध्यात्म

यह सृष्टि परा और अपरा दोनों के मेल से बनी हुई है। अपरा जगत दृष्टिगोचर होता है जिससे यह जगत चलता है। धर्म का कार्य जप, तप, योग,यज्ञ मनुष्य को अपरा जगत से परा की ओर उन्मुख करता है। जब संसार में कोई ऐसा व्यक्ति हो जाता है जो अपरा जगत की सारी सिद्धियों को कर लेता है। वह बलवान हो जाता है। अगर अहंकारी होकर धर्म के कार्यो को अवरूद्ध कर देता है तो उसके व ध के लिये अवतार होता है। अवतार परा शक्ति संपन्न होता है।

इसलिए वह अपरा जगत की सारी सिद्धियां से संपन्न व्यक्ति का बध करने में समर्थ होता है। इस तरह की स्थिति तब पैदा हो गयी थी जब राक्षस राज रावण अधर्मी हो गया था। उसने जप, योग और तप इत्यादि बंद करा दिया था।

रावण जानता था कि मेरी लड़ाई सदा देवताओं से है। देवताओं के पास जो कुछ भी उत्तम भोग है, स्वर्ग के इस भोग को मुझे लंका में लाना है ।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

कार्टून वर्ल्ड

साभार कार्टून मूवमेंट

लेटर टू एडीटर

अंकुश लगे

वर्तमान समय में जब तकनीक का युग है, जहां आज हर कार्यक्रम की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग हो रही हो तो ऐसे में नेताओं द्वारा अपने भाषण में अमर्यादित शब्दों का प्रयोग अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इस वजह से राजनीति का स्तर इतना नीचे गिर चुका है कि मयार्दा पसंद लोग राजनीति में कदम रखने से पहले कतराने लगे हैं। इस पर जल्द से जल्द अंकुश लगना चाहिए।

-विजय महाजन, हजारीबाग

शिक्षा का संकट

कोरोना की वजह से बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा का सहारा लेना पड़ रहा है। इसका बच्चों की शिक्षा पर बुरा असर पड़ चुका है। शहरी बच्चे तो ऑनलाइन शिक्षा से पढ़ पा रहे हैं लेकिन ग्रामीण बच्चों की हालत ठीक नहीं है। शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है। ऑनलाइन शिक्षा से अभिभावकों और बच्चों की बदली आदत से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

- राघव जैन, रांची

झारखंड की नौकरियां बेचने नहीं देंगे !

युवा विरोधी लूट और झूठ की झारखंड सरकार का संगठित कुकृत्य एक बार पुनः आया सामने ! नगर पालिका परीक्षा में बड़ी गड़बड़ी की सूचना है, छात्रों का कहना है कि कई केंद्रों पर सील टूटे पेपर मिले।

-अमर बाउरी, विधायक, भाजपा

आपके ट्वीट

अडानी के कोयले का दाम,
अडानी के अनाज गोदामङ्ख
ये गरीब की जेब काटने और कृषि की रीढ़ तोड़ने के हथियार हैं।

- राहुल गांधी

साइंस एंड रिसर्च के समाधानों से अब मिलेट्स एवं अन्य अनाजों को और विकसित करना जरूरी है। मकसद ये कि देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग जरूरतों के हिसाब से इन्हें उगाया जा सके...

- नरेन्द्र मोदी

कैश फॉर क्वेरी केस, संसद क्या कार्रवाई कर सकती है?

15 अक्टूबर 2023 को झारखंड के गोड्डा से सांसद ने निशिकांत दुबे ने लोकसभा सांसद ओम बिरला को एक शिकायती पत्र लिखा। दूबे ने आरोप लगाया कि महुआ मोइत्रा ने संसद में अडानी समूह के खिलाफ सवाल पूछने के लिए पैसे लेती हैं।

महुआ पश्चिम बंगाल की कृष्मानगर से लोकसभा सांसद अपने भाषणों के जरिए मोदी सरकार पर हमलावर नजर आती हैं। पैसे लेने का नाम भी बिजनेसमैन हीरानंदानी के रूप में सामने आया। जिसके बाद मीडिया में एक चिट्ठी हीरानंदानी के नाम से आई जिसमें इन आरोपों को सही बताया गया। मामला संसद की एथिक्स कमेटी के पास भी जा चुका है।

कैसे हुई पूरे विवाद की शुरूआत

15 अक्टूबर 2023 को झारखंड के गोड्डा से सांसद ने निशिकांत दुबे ने लोकसभा सांसद ओम बिरला को एक शिकायती पत्र लिखा। दूबे ने आरोप लगाया कि महुआ मोइत्रा ने संसद में अडानी समूह के खिलाफ सवाल पूछने के लिए पैसे लेती हैं। लिहाजा उन्हें लोकसभा से संस्पेंड कर दिया जाए और उनके खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच हो। निशिकांत दुबे ने कहा कि हीरानंदानी समूह को अडानी ग्रुप की वजह से एनर्जी और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ा एक बड़ा कांट्रैक्ट नहीं मिल पाया। यानी दोनों समूहों में तगड़ा कंपटीशन है। हीरानंदानी समूह ने खार खाकर महुआ मोइत्रा को पैसे देकर अडानी समूह को लेकर सवाल पूछने के लिए कहा।

कितना गंभीर है निशिकांत दुबे का

खेल

आरोप?

मूलतः, सवाल यह है कि क्या कोई सांसद कुछ प्रतिफल के बदले में प्रश्न पूछ रहा है। अगर यह बात प्रमाणित होती है तो यह गंभीर मामला है। यदि किसी सांसद ने प्रश्न पूछा है और किसी ऐसे व्यक्ति की ओर से अन्य संसदीय कार्य किया है जिसने विचार किया है, तो यह वास्तव में विशेषाधिकार समिति के पास आना चाहिए क्योंकि यह विशेषाधिकार का गंभीर उल्लंघन और सदन की अवमानना है। ऐसी स्थिति में संसद सदस्य को सदन से निष्कासित करने के अपने अधिकार का प्रयोग कर सकती है।

क्या एथिक्स कमेटी इस तरह के मामले के लिए सही फोरम है?

इसे विशेषाधिकार समिति को भेजा जाना चाहिए था, जो विशेषाधिकार के कथित उल्लंघन और सदन की अवमानना की जांच करने वाली एकमात्र समिति है। आचार समिति केवल औचित्य आदि के कुछ प्रश्नों से निपट रही है, उन मामलों के साथ नहीं जहां विशेषाधिकार का कथित उल्लंघन होता है। उदाहरण के लिए, एक ऐसा मामला था जिसमें एक व्यक्ति अपनी मालकिन या प्रेमिका को यह कहकर आधिकारिक दौरे पर ले गया कि वह उसकी पत्नी है और आचार समिति ने इस पर गौर किया। लेकिन एक और उदाहरण था जिसमें एक आदमी अपनी पत्नी और बच्चे के पासपोर्ट पर एक महिला और एक लड़के को विदेश ले गया। ये एक गंभीर मामला बनता और पासपोर्ट अधिनियम का उल्लंघन भी। इसकी जांच के लिए एक विशेष समिति गठित की गई और उन्हें सदन से निष्कासित कर दिया गया। इसलिए, गंभीर मामलों के लिए, या तो विशेषाधिकार समिति होती है या उस विशेष उद्देश्य के लिए सदन द्वारा नियुक्त एक विशेष समिति होती है। लोकसभा के नियमों के अनुसार, एक सदस्य को अपनी पहचान संख्या के साथ हस्ताक्षरित एक विशेष फॉर्म में एक प्रश्न प्रस्तुत करना होता है। प्रश्न सदस्य की ओर से किसी के द्वारा दिया जा सकता है, लेकिन इस पर सदस्य के हस्ताक्षर होने चाहिए। हस्ताक्षर सत्यापित किया जाता है और फिर प्रश्न पर कार्रवाई की जाती है। संसद सदस्यों अपना लॉगिन-पासवर्ड किसी को शेयर किया जा सकता है ?अभी तक ऐसा कोई नियम नहीं है।

हांगकांग : बच्चे पैदा करने पर दंपति को मिलेगी आर्थिक सहायता

रितिका कमठान

हांगकांग के मुख्य कार्यकारी जॉन ली का-चिउ ने बुधवार को अपने वार्षिक नीति संबोधन के दौरान घोषणा की है। उन्होंने कहा कि शहर की स्थिति को ऊपर उठाने के प्रयास में अब से 2026 तक जन्म लेने वाले प्रत्येक बच्चे के माता-पिता को एचके $20,000 ($2,556) की सहायता दी जाएगी।

हांगकांग में इन दिनों जन्म दर काफी गिर रही है। हांग कांग में लगातार परिवार में बच्चों की संख्या में गिरावट देखने को मिल रही है। यहां पर युवक युवतियां या पति-पत्नी बच्चों के लिए इच्छुक नहीं दिख रहे है। ऐसे में हांग कांग की सरकार ने खास योजना को तैयार किया है।

कुछ समय पहले हांग कांग की परिवार नियोजन एसोसिएशन ने जानकारी दी थी कि इस विशेष चीन प्रशासित क्षेत्र में ऐसी महिलाओं की संख्या पांच साल में दोगुनी होकर 2022 में 43.2 फीसदी हो गयी, जिनके पास एक भी बच्चा नहीं है। वहीं हांग कांग में ऐसे जोड़ों की संख्या भी कम हुई है जिनके पास एक या दो बच्चे हैं। इससे साफ है कि हांगकांग की जन्म दर गिर रही है। हांगकांग में ऐसी परिस्थिति को देखते हुए सरकार ने खास कदम उठाए है। इस सिलसिले में अब हांग कांग में सराकर ने नए माता-पिता को 2,500 डॉलर की नकद सहायता देने का निर्णय लिया है। हालांकि सरकार की इस नई स्कीम से भी युवाओं और जोड़ों में माता-पिता बनने को लेकर कोई खास जोश देखने को नहीं मिल रहा है।

दरअसल 2500 डॉलर की राशि हांगकांग में महज 500 वर्ग फुट के घर का मासिक किराया भर ही है। ऐसे में जोड़ों के लिए ये राशि काफी कम है, जिससे वो बच्चे करने के लिए प्रेरित हो सके। गौरतलब है कि हांग कांग बेहद महंगा शहर है जहां 2500 डॉलर में एक महीने का किराया भी मुश्किल से निकलता है। देखना ये है कि ये राशि युवाओं के लिए कितना अधिक लाभदायक सिद्ध हो सकती है।

इस संबंध में हांगकांग के मुख्य कार्यकारी जॉन ली का-चिउ ने अपने वार्षिक नीति संबोधन के दौरान इस कदम की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि शहर की स्थिति को ऊपर उठाने के प्रयास में अब से 2026 तक जन्म लेने वाले प्रत्येक बच्चे के माता-पिता को एचके $20,000 ($2,556) की सहायता दी जाएगी। ली ने इस योजना का ऐलान करते हुए कहा, बच्चा पैदा करना एक प्रमुख जीवन निर्णय है जिसमें कई विचार शामिल हैं। इसमें घर खरीदारों के स्टांप शुल्क को 15% से घटाकर 7.5% करने का कदम भी शामिल है।

यह नए माता-पिता के लिए मौजूदा कर प्रोत्साहनों के शीर्ष पर आता है, जो नवजात शिशुओं के लिए अतिरिक्त कटौती के साथ प्रत्येक बच्चे के लिए वार्षिक कटौती प्राप्त करते हैं। सीएनएन से बात करने वाले अधिकांश माता-पिता ने महसूस किया कि नए उपाय उन्हें अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए पर्याप्त नहीं होंगे, उन्होंने उस शहर में रहने की उच्च लागत की ओर इशारा किया जो अक्सर एशिया के सबसे महंगे स्थानों की सूची में सबसे ऊपर है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

हेमंत सरकार की योजनाओं से ग्रामीण हो रहे हैं लाभान्वित : संजय सिंह

बड़कागांव। गोंदलपूरा पंचायत भवन में झामुमो का पंचायत स्तरीय बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता कृष्ण राणा एवं संचालन 20 सूत्री सदस्य गिरजा भुईयां ने किया। बैठक में झामुमो को मजबूत करने को लेकर कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें अध्यक्ष फलेंद्र गंझू ,उपाध्यक्ष बिंदु गोप,प्रभु भुईयां,विजय करमाली, सचिव विजय भुईयां,संयुक्त सचिव पूनम देवी,शारदा देवी,अनूप गंझु,संगठन सचिव गिरजा भुईयां,कोषाध्यक्ष कुलदीप यादव कार्यकारिणी सदस्य बादल गंझु रीना देवी सुनीता देवी पूनम देवी प्रभु भुईयां इत्यादि को बनाया गया।मौके पर मुख्य अतिथि संयोजक संजय सिंह ने कहा कि हेमंत सरकार की योजनाओं से ग्रामीण लाभान्वित हो रहे हैं हेमंत सरकार जनहित में बेहतर कार्य कर रही है वही पुनः सत्ता पर काबिज होगी।

न्यू बैरक सरना स्थल के चाहरदिवारी निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

शिलान्यास के अवसर पर उपस्थित लोग

भुरकुंडा (रामगढ़)। न्यू बैरक भुरकुंडा स्थित सरना स्थल के चाहरदिवारी निर्माण कार्य का सोमवार को शिलान्यास किया गया। इसका शिलान्यास पुर्व पार्षद दर्शन गंझू, भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान, सरना समिति के संरक्षक मिथलेश टुडू और रीतिका भोगता ने संयुक्त रूप से पुजा अर्चना कर किया। इस अवसर पर पुर्व पार्षद दर्शन गंझू ने बताया कि उक्त चाहरदिवारी का निर्माण सीसीएल बरका सयाल प्रबंधन के द्वारा कराया जा रहा है। मौके पर जगरनाथ पासवान, आजाद भुईयां, किशुन नायक, राजकुमार गौंड, राजन करमाली, संतोष उरांव, विक्रम करमाली, शिवशंकर भुईयां, मनोज करमाली, राजेंद्र करमाली, सुरेश रजवार, पुर्व पार्षद झरी मुंडा, रामदास बेदिया, अरविंद करमाली, विजय सोनी सहित आदि मौजुद थें।

विधायक ने पुल का किया शिलान्यास

शिलान्यास करते विधायक

बरकट्ठा। प्रखंड के सलैया पंचायत के मनसिंघा स्थित बरसोती नदी पर पुल निर्माण का शिलान्यास विधायक अमित कुमार यादव ने जिप सदस्य कुमकुम देवी, प्रमुख रेणु देवी, मुखिया इंद्रदेव प्रसाद के उपस्तिथि में की। पुल का निर्माण मुख्यमंत्री सेतु योजना के तहत दो करोड़ 55 लाख के लागत से बनेगा। इस मौके पर आयोजित शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि पुल निर्माण होने से सलैया, गंगपाचो समेत दर्जनों गांव सीधे जीटी रोड जुड़ जाएगा। पुल और सड़क के निर्माण से क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होता है। वहीं कुमकुम देवी ने कहा कि लंबे समय से लोगों का सपना पुल निर्माण का सच हुआ। समारोह में मुखिया इंद्रदेव प्रसाद, समन ठाकुर, टुकलाल नायक, भोला प्रसाद, छोटेलाल मेहता, टिंकू प्रसाद, रीतलाल प्रसाद, मो खलील अंसारी, जीवन यादव, विजय यादव, राजकुमार मंडल, मिथलेश भारती समेत आदि लोग मौजूद थे।

बच्चों के बीच किया स्कूली किट का वितरण

जीप सदस्या, मुखिया सहित अन्य लोग

बरही। प्रखंड अंतर्गत बसरिया पंचमाधव पंचायत के जरहिया उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के बीच स्कूली किट का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्या प्रति कुमारी, मुखिया नीलम देवी मुख्य रूप से मौजूद रही। जीप सदस्या प्रीति कुमारी ने बच्चों को बाल विवाह और बाल अपराध को लेकर शपथ दिलाई। जीप सदस्या ने कहा कि देश में बाल विवाह को लेकर काफी सख्त कानून बनाए गए है, मगर इसके बावजूद कई जगहों पर लोग आज भी बाल विवाह बदस्तूर जारी है ।उन्होने इसे अधिक दहेज का मामला बताया है। खासकर छोटे गांव के लोगों में आज भी इसको लेकर जागरूकता नहीं आई है। उन्होंने बच्चों से भी आग्रह किया कि वह भी अपने अभिभावकों को जागरूक करें। वही मुखिया नीलम देवी ने अभिभावकों से अपील किया कि वह अपने बच्चों को विद्यालय अवश्य भेजें, बच्चें पढ़ेंगे तभी देश आगे बढ़ेगा। मौके पर समाजसेवी नागेश्वर कुमार, स्कूल के बच्चे एवं शिक्षिका सकुन्तला देवी, ज्योति लक्ष्मी, अंगावाडी सेविका निशु कुमारी, बच्चों के अभिभावक मौजूद थे।

बालीडीह बना विजेता व बहेरा उपविजेता

चरही। चुरचू प्रखंड के तहत चरही पंचायत के टोला कसियाडीह सिद्धू–कान्हू फुटबाल मैदान में युवा महोत्सव सह तीन दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मैच खेला गया। जिसके मुख्यातिथि झारखंड राज्य समन्वय समिति के सदस्य सह दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा व विशिष्ट अतिथि चुरचू पूर्व जिप अग्नेसिया सांडी पूर्ति,चरही मुखिया संझली मुर्मू, झारखंड आदिवासी दलित मंच के संयोजक महालाल हांसदा,चरही के पूर्व मुखिया महादेव सोरेन ने संयुक्त रूप से फुटबॉल को किक मारकर फाइनल मैच का शुभारंभ किया। फाइनल मैच बालीडीह बनाम बहेरा के बीच खेला गया। जिसमें बालीडीह ने बहेरा टीम को पेनाल्टी किक में 3– 1 से पराजित किया। मैच में क्षेत्र के कुल 16 टीमों ने भाग लिया था। अतिथियों ने विजेता टीम बालीडीह को बड़ा खस्सी व उपविजेता टीम बहेरा को छोटा खस्सी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर झारखंड आदिवासी कल्याण क्लब कासियाडीह और बिराखाप के द्वारा गांव के मांझी हाड़ाम,जोगवा ,नायके को हरा गमछा देकर सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर चरही पंचायत के पूर्व मुखिया महादेव सोरेन,पूर्व जिला सचिव नीलकंठ महतो, बुद्धिजीवी और खेल प्रेमी और उपस्थित थे।

जिले में जारी है जुए की खेल, पुलिस नहीं कस पा रही नकेल

कई मुहल्लों में चल रहा लाल-काला, कई लोगों का निकला दिवाला

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। जिले के कई मुहल्लों में जुए का खेल अनवरत जारी है। जुआरी रोज एक नियत समय पर बिना किसी के भय के जुए अड्डे पर पहुंच रहे हैं और अपनी गाढी कमाई को लुटा रहे हैं। सरेआम गरीबों का खून चूसने का चल रहा खेल पुलिसिया सिस्टम के फेल होने का प्रमाण है। गरीबों को शिकार बना रही इन अवैध जुए की खेल को देखकर ऐसा कहना गलत नहीं होगा कि चंद पैसों के लालच में हमारी सिस्टम ने लोगों को खुद लूट जाने का लाइसैंस दे रखा है। पहले जब भी कभी पुलिस ने इन जुआरियों पर क ार्रवाई की है इन जुआरियों पर पत्ते खेलने का भूत उतर जाता है लेकिन इधर कुछ दिनों से प्रशासन की सुस्ती ने जुआरियों की मौज कर दी है। सूचना देने पर यदा-कदा छापेमारी होती है लेकिन फिर उसी स्थान पर जुए का धंधा शुरू हो जाता है। इससे जुआ खेलाने वाले दलालों का नेटवर्क का अंदाजा लगाया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार सदर थाना क्षेत्र के भुईयां टोली, कोर्रा हेट टोला, जबरा श्मसान घाट के पास, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लाखें-चानों खेत का बार्डर, लोहिसंघना के पेलावल, रोमी, शिवपूरी, रामनगर, सदर थाना क्षेत्र के ओकनी, बड़ा बाजार इन सभी जगहो पर जुए का खेल धड़ल्ले से जारी है। लोगों का कहना है कि इन जगहों पर जुआ क ाफी समय से चलता आ रहा है। इस कारण स्थानीय लोगों को क ाफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

दहशत के कारण जुआरियों ने किया शहर का रूख

जहां एक ओर शहर में जुआरियों की मौज है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में जुआरियों में नकाबपोश व लूटेरा गिरोह को लेकर खौफ है। एकांत इलाके के खेतों व मैदानों में जुए का खेल खेलने वालों को नकाबपोश गिरोह ने तीन-चार बार लूटा है। जिससे इनमें दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि चूंकी शहरी इलाके भीड़-भाड़ वाले होते हैं इसलिए यहां नकाबपोश गिरोह का आतंक नहीं है।

इसलिए यहां जुआरी सेफ हैं। गांव में निवास करने वाले जुआरी अब दांव लगाने के लिए शाम होते ही शहर का रूख कर रहे हैं।

वरिष्ठ कांग्रेसियों का विशाल एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित, सुबोधकांत सहाय ने कहा

2024 के चुनाव में मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का किया जाएगा कार्य

खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़। रांची रोड स्थित होटअल ओम पैलेस में सोमवार को जिला के वरिष्ठ कांग्रेसियों के एक दिवसीय विशाल सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा, मंजू जोशी, ब्रजकिशोर गांधी, भीम साव, आनंद सिंह, प्रमोद सिंह, पिंकी देवी, डीएन गिरी मौजूद थे। 2024 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी सरकार को उखाड़ फेकने का किया जाएगा कार्य जिला के वरिष्ठ कांग्रेसियों के सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल पूर्व केंद्रीय मंत्री सुंबोधकांत सहाय ने रामगढ़ जिला के वरिष्ठ कांग्रेसियों की बात सुनने के बाद कहा की आप जिला में पार्टी के रीढ़ हैं। कहा की आपके बगैर जिला में पार्टी संगठन अधूरा है। क्योंकि आपलोगों ने जिला में पार्टी के आधार को मजबूत करने का कार्य किया है। श्री सहाय ने कहा की कांग्रेस पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो हमेशा सभी को साथ लेकर चलने में यकीन करती है। कहा की मैं पार्टी नेतृत्व के समक्ष आपकी मांगों को रखुंगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा की आप लोगों द्वारा जिला में किये गए कार्यों की वजह से 2029 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी यहां से विजय हुई थी। इसलिए आप सभी निश्चिंत रहे आपको पूर्व की तरह ही पार्टी में सम्मान मिलेगा। पूर्व केंदीय मंत्री ने कहा राज्य की हमने गोला गोली कांड,बड़कागांव की घटना और खूंटी की घटना के बाद जो संघर्ष का रास्ता अपनाया। उसका लाभ 2019 के विधानसभा चुनाव में हमारी गठबंधन को हुआ और ट्रायबल क्षेत्र की 28 में से 26 सीटों पर हमारी गठबंधन ने विजय का पताका लहराया था। वहीं, केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा की भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो जनहित के कार्य बिलकुल भी नही करती। वह केवल लोगों के बीच नफरत का बीज बोकर अपनी राजनीतिक रोटी सेकने का कार्य करती है। कहा की भारतीय जनता पार्टी पिछले 10 वर्ष से केंद्र की सत्ता में है। इस दौरान देश में बेरोजगारी और महंगाई रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ी है। लेकिन केंद्र सरकार इस ओर बिलकुल भी ध्यान नही दे रही है। कहा की कांग्रेस के नेतृत्व में 2024 के लोकसभा चुनाव में केंद्र की सत्ता से भारतीय जनता पार्टी की सरकार को उखाड़ फेकने का कार्य किया जाएगा।

मंचासीन अतिथि

विदेश नीति में भी असफल है केंद्र सरकार

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा की हमारी देश की पारंपरिक नीति रही है की हमने फिलिस्तीन –इजराइल संघर्ष में हमेशा फिलिस्तीन का साथ दिया है। लेकिन जब यूएनओ में इस मामले में वोटिंग हो रही थी तब भारत ने वोटिंग में हिस्सा नही लिया। कहा की यह फिलिस्तीन को लगातार दिये जाने वाले हमारे समर्थन की नीति के विपरित है।

वन विभाग द्वारा हाथियों को जंगल की ओर भेजने में प्रयासरत : आनंद सरस्वती



घनी आबादी में जंगली हाथी

बरही। प्रखंड अंतर्गत करियातपुर एवं बरसोत के घनी आबादी वाले क्षेत्र व गांव के चौराहे में तीन जंगली हाथियों के आने से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है ।ग्रामीणों के अनुसार करियातपुर एवं बरसोत में रविवार शाम नौ एवं दस बजे के बीच तीन जंगली हाथियों को देखा गया ।उन्होंने बताया कि सभी हाथी अपनी सामान्य गति से बस्ती में घूमते नजर आये ।स्थिति की गंभीरता को समझते हुए ग्रामीणों के द्वारा पटाखे भी छोड़े गए ।कई लोगों ने पांच हाथियों के आने की बात कही ।परन्तु वनपाल अमर आनंद सरस्वती से पूछे जाने पर बताया कि मुख्यरूप से तीन हाथी जंगल का रास्ता भटक जाने के कारण बस्ती में घुस गए है ।जिन्हें वन विभाग की टीम के द्वारा जंगल की ओर ले जाने का प्रयास कर रहा है ।इसके लिए यथाशक्ति प्रयास किया जा रहा है। हालांकि अभी तक जानमाल की कोई क्षति होने का समाचार नही मिला है।

Govt. of Jharkhand
Department of Information Technology & e-Governance
Jharkhand Mantralaya, Dhurwa, Ranchi-834004.

NIT
(Tender Ref.:- IT/Call Centre-AYASAD/2023/1)

Department of Information Technology & e-Governance invites online bid through e-Procurement process from eligible firms/agencies for "Hiring of Call Center Services-Aapke Yojna Aapke Sarkar Aapke Dwar" on the basis of scope of work as mentioned in Tender document. The bid shall be downloaded/submitted online from the Website http://jharkhandtenders.gov.in. The bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

(a)

S. N.	Name of Work	EMD	Cost of Tender Document	Period of Validity
1	"Hiring of Call Center Services- Aapke Yojna aapke Sarkar Aapke Dwar"	Rs. 4,00,000/- (Rupees Four Lakh only) through online.	Rs. 5,000/- (Rupees Five Thousands through online.	180 Days

(b) Period of availability of tenders online date & time bidding on-line/last date of seeking clarification/date of opening of tender papers are as given below:-

S. N.	Contact Details	Place of Opening and Pre-Bid	Availability tender on-line for bidding			Date & Time of opening of Technical Bid
			Bid Downloading Date	Last date for online Pre-Bid query submission	Date and time of Online Bid Submission	
1	Email id: it.egovdept1@gmail.com	Department of Information Technology & e-Governance, 3rd Floor, Project Building, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand	From 31/10/2023 to 20/11/2023 at 05:00 PM	10/11/2023 at 05:00 PM	From 31/10/2023 to 20/11/2023 at 05:00 PM	The scheduled date will be notified two days in advance

Sd/-
Under Secretary
PR 310217 Information Technology(23-24)#D Information Technology & e-Governance Ranchi, Jharkhand

बेहतर शिक्षक बन करें राष्ट्र सेवा: डीइओ

खबर मंत्र संवाददाता

हजारीबाग। गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज के विवेकानंद सभागार में सोमवार को दो दिवसीय उमंग कार्यक्रम के अंतिम दिन बीएड सत्र 2023-25 के प्रशिक्षुओं को अनुशासन का पाठ पढ़ाया गया। ओरिएंटेशन कम इंट्रोडक्शन सेरेमनी में प्रशिक्षुओं कॉलेज के गाइडलाइन, कोड ऑफ कंडक्टर, तकनीकी पहलुओं, एनएसएस की गतिविधियों, स्कॉलरशिप समेत कई जानकारियों से अवगत कराया गया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि डीइओ उपेंद्र नारायण ने किया। मौके पर उन्होंने कॉलेज के अनुशासन और यहां प्रशिक्षुओं को मिलनेवाले गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण समेत विभिन्न गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हर गतिविधियों में सहभागी बन विभिन्न विधाओं में पारंगत बनें। उन्होंने प्रशिक्षुओं से बेहतर शिक्षक बन राष्ट्र की सेवा करने का आह्वान किया। बतौर विशिष्ट अतिथि देव कॉलेज ऑफ एजुकेशन हजारीबाग की प्राचार्या डॉ रीतू कुमारी ने कहा कि शिक्षक के कंधों पर बड़ी और चुनौतीपूर्ण जिम्मेवारी है। उस चुनौती को पार करते हुए शिक्षकों के प्रति समाज में बैठी आम अवधारणा को तोड़ने की जरूरत है। डॉ. एस. राधाकृष्णन टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज लारी रामगढ़ के प्राचार्य डॉ शिव कुमार राणा ने कहा कि प्रशिक्षु समर्पित भाव से प्रशिक्षण लें। शिक्षकों के कर्तव्यों को समझें। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार ने ट्रेनिंग के बाद अवसर और इससे मिलनेवाले लाभ से प्रशिक्षुओं को अवगत कराया। मौके पर कोड ऑफ कंडक्ट, एंटी रैगिंग सेल, फैकल्टी, एकेडेमिक, आईसीटी, समेत विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी गई।

गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में दो दिवसीय उमंग कार्यक्रम का समापन

संबोधित करते मुख्य अतिथि

बच्चों को पठन-पाठन में किसी तरह की दिक्कत नहीं होने दी जायेगी: विकाश

भुरकुंडा (रामगढ़)। बुध बाजार चीफ हाउस पंचायत के प्राथमिक विद्यालय नेहरु कॉलोनी रिवर साइड सौन्दा में सोमवार को छात्र-छात्राओं की बीच स्कूल ड्रेस सहित अन्य सामग्रियों का वितरण किया गया। इस दौरान पंचायत के मुखिया विकाश पांडेय ने विद्यालय के कक्षा वन से टू के 11 छात्र-छात्राओं के बीच झारखंड सरकार द्वारा प्राप्त दो-दो सेट शर्ट व पैंट, जुता और बालिकाओं के लिए स्कट व स्वेटर वितरण किया। मौके पर मुखिया विकास पांडेय ने कहा कि ठंड को देखते हुए विद्यार्थियों के बीच स्कूल ड्रेस एवं स्वेटर का वितरण किया गया। ताकि बच्चों को ठं डमें विद्यालय आने में दिक्कत न हो।

दारू ब्लॉक में उत्पादित सब्जियां अंतरराष्ट्रीय बाजारों को कर रही है आकर्षित

खबर मन्त्र संवाददाता

दारू। दारू प्रखंड के अंतर्गत विभिन्न पंचायत में पट्टे पर जमीन लेकर व्यावसायिक रूप से सब्जी पैदा करने वालों का प्रिय स्थल बना हुआ है। दारू,पुनाई ,काबिलासी ,ईरगा सहित अन्य पंचायतों में बहुत बड़े पैमाने पर सब्जियों का उत्पादन किया जा रहा है जिसमें उन्नत किस्म की टमाटर, पत्ते गोभी, फूल गोभी, शिमला मिर्च , तीखा मिर्च,बींस, आलू सहित विभिन्न प्रकार के सब्जियों का उत्पादन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। दारू ब्लॉक पूरे हजारीबाग क्षेत्र के विभिन्न ब्लॉकों के लोगों को बराबर सब्जी का व्यवसाय करने के लिए आकर्षित कर रहा है। व्यवसायी बताते हैं कि उनका उत्पादन किया हुआ सब्जी विभिन्न राज्यों में बराबर सप्लाई किया जाता है जिसमें दिल्ली, बिहार ,पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश इत्यादि और कई राज्य शामिल है। एक ऐसे हि व्यवसाय जिनका नाम विनोद कुमार है जो कि शीला इचाक से दारू ब्लॉक में पेट्टे पर खेती करते हैं। उन्होंने बताया कि हमारा उत्पादन किया हुआ सब्जी केवल राज्यों तक सीमित नहीं है। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में भी यहां कि उत्पादित सब्जियां सब्जियां पहुंच रही है। जैसे बांग्लादेश भूटान नेपाल यहां तक की पाकिस्तान तक हमारे इलाके में उपजाई हुई सब्जियां पहुंच रही है आधुनिक उपकरणों और व्यवस्थित संसाधनों के साथ अगर खेती किया जाए तो यह एक बहुत ही लाभकारी और बेहतर व्यवसाय है।

खेतों में लगी सब्जी

कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, हजारीबाग (जिला निर्वाचन शाखा)

मतदाताओं के लिए आम-सूचना

एतद् द्वारा हजारीबाग जिला के नागरिकों को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक 23/2023/ERS(III) दिनांक 29.05.2023 एवं पत्रांक 23/2023/ERS(III) दिनांक 25.09.2023 तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 4090 दिनांक 05.10.2023 के द्वारा दिनांक 01.01.2024 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 के तहत मतदाता सूची में पंजीकरण, सुधार आदि करने हेतु निम्नवत् तिथि निर्धारित की गई है :–

क्र0	पुनरीक्षण का कार्यक्रम	निर्धारित अवधि
1	एकीकृत मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन	27.10.2023 (शुक्रवार)
2	मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, शुद्ध करने तथा स्थानान्तरित करने हेतु दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने की अवधि	27.10.2023 (शुक्रवार) से 09.12.2023 (शनिवार) तक
3	विशेष अभियान दिवस	1) दिनांक 28.10.2023 (शनिवार) 2) दिनांक 29.10.2023 (रविवार) 3) दिनांक 04.11.2023 (शनिवार) 4) दिनांक 05.11.2023 (रविवार)
4	दावा एवं आपत्ति का निष्पादन	26.12.2023 (मंगलवार) तक
5	मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन	05.01.2024 (शुक्रवार)

पुनरीक्षण अवधि में आम नागरिक निम्न सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं :–

- दिनांक 01.01.2024, 01.04.2024, 01.07.2024 एवं 01.10.2024 की अर्हता तिथि को मतदाता बनने की योग्यताधारी नागरिक मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने हेतु प्रपत्र–6 में रंगीन फोटो तथा आयु एवं निवास प्रमाण पत्र के साथ अग्रिम आवेदन कर सकते हैं।
- मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने हेतु प्रवासी भारतीय प्रपत्र–6क में आवेदन कर सकते हैं।
- मतदाता सूची में नाम विलोपन हेतु प्रपत्र–7 में आवेदन कर सकते हैं।
- मतदाता सूची में प्रविष्टियों का सुधार, EPIC प्रतिस्थापन, दिव्यांगन चिन्हिंकित करने, विधानसभा के अन्दर अथवा बाहर निवास स्थानांतरण हेतु प्रपत्र–8 में आवेदन कर सकते हैं।
- दावा एवं आपत्ति आवेदन (विहित प्रपत्र–6, 6क, 7 एवं 8) में आवेदन समर्पित करने की अवधि दिनांक 27.10.2023 से 09.12.2023 तक निर्धारित है, इस दौरान सभी प्रकार के आवेदन BLO/AERO/ERO के कार्यालय में समर्पित किया जा सकता है। सभी प्रपत्र निःशुल्क है।
- दिनांक 28.10.2023, 29.10.2023, 04.11.2023 एवं 05.11.2023 को सभी मतदान केन्द्रों पर विशेष अभियान आयोजित किया जा जायेगा। अभियान दिवस में मतदान केन्द्रों पर बी0एल0ओ0 के द्वारा पंजीकरण/सुधार आदि हेतु दावा एवं आपत्ति प्रपत्र प्राप्त किये जाएंगे।
- विभाग के निदेशानुसार आयोग के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु विशेशकर **Transgender, Particularly Vulnerable Tribal Groups (PVTGs), Sex Workers, 80+** आयु वर्ग, दिव्यांगजन, **Homless People,** आश्रय गृहों में निवास करने वाले सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शत–प्रतिशत निबंधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दिनांक 28.11.2023 से 03.12.2023 तक समावेशी सप्ताह (**Inclusive Week**) का आयोजन किया जाएगा।
- सभी प्रपत्रों का Online आवेदन **www.nvsp.in** एवं भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के **Voter Help Line App** एवं **voterportal.eci.gov.in** के माध्यम से किया जा सकता है।
- सभी प्रपत्र भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाईट **eci.gov.in** अथवा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के वेबसाईट **ceo.jharkhand.gov.in** पर भी उपलब्ध है।
- प्रपत्रों में अपना ईमेल आईडी एवं मोबाईल नं0 अवश्य लिखें ताकि आयोग द्वारा निर्वाचन से संबंधित गतिविधियों से आपको अवगत कराया जा सके।
- मतदाता सूची में नाम निबंधित/सुधार करने एवं इससे संबंधित किसी प्रकार की सहायता एवं जानकारी हेतु **Toll Free No. 1950** पर सम्पर्क कर सकते हैं।
- प्रपत्रों में अपना ईमेल आईडी एवं मोबाईल नं0 अवश्य लिखें ताकि आयोग द्वारा निर्वाचन से संबंधित गतिविधियों से आपको अवगत कराया जा सके।

इस आम सूचना से भी नागरिकों को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुरूप योग्य नागरिक अपने मतदान केन्द्र क्षेत्र के बी0एल0ओ0/ ए0ई0आर0 ओ0/ई0आर0ओ0 कार्यालय से विहित प्रपत्र प्राप्त कर मतदाता सूची में निबंधन/संशोधन हेतु अपना आवेदन समर्पित करें।

सभी राजनीतिक दल, हजारीबाग जिला के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संस्थान के प्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध नागरिकों से अपील है कि इस कार्यक्रम का अपने स्तर से भी व्यापक प्रचार–प्रसार करेंगे एवं वैसे सभी योग्य नागरिक जो 18+ आयुवर्ग के हैं, का नाम मतदता सूची में निबंधित कराने हेतु अपना अमुल्य सहयोग प्रदान करेंगे।

सभी नागरिकों की भागीदारी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपेक्षित है।

!! आईए हम भी लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभायें, मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करायें !!

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, हजारीबाग।

PR.NO.310181 Election(23-24):D

पोलो भोपाल-पटौदी कप में जिन्दल पैंथर ने अचीवर्स ब्ल्यू को 11-7 से हराया

खबर मन्त्र संवाददाता

बासल (रामगढ़)। अर्जुन पुरस्कार विजेता सिमरन शेरगिल और समीर सुहाग के आक्रामक खेल की बदौलत जिन्दल पैंथर टीम ने सोमवार को बेहद रोमांचकारी मैच में पिछले साल के पोलो चैम्पियन अचीवर्स ब्ल्यू को भोपाल-पटौदी कप के फाइनल मैच में 7 के मुकाबले 11 गोल से हरा दिया। दिल्ली के जयपुर पोलो ग्राउंड में आयोजित इस मैच में दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और दर्शकों को अंत तक अपने कौशल से बांधे रखा। जिन्दल पैंथर की टीम ने अपनी रणनीति में नए आयाम जोड़ते हुए खेल के हर क्षेत्र में अपनी बढ़त बनाए रखी और अचीवर्स ब्ल्यू टीम पर पूरे मैच में हावी रही। जिन्दल पैंथर की ओर से सिमरन शेरगिल ने 4, समीर सुहाग ने 1 और सिद्धांत शर्मा ने 6 गोल किये। जबकि अचीवर्स ब्ल्यू की ओर से डैनियल ऑटमेंडी और रेहत विर्क ने 1-1 और अभिमन्यु पाठक ने 5 गोल किये। ज्ञात हो की इस महीने जिन्दल पैंथर पोलो कप जीतने के बाद टीम जिन्दल पैंथर की यह लगातार चौथी जीत है।

पोलो खेल के लिए भोपाल-पटौदी कप एक प्रतिष्ठित पदक है। टीम जिन्दल पैंथर को यह पदक भारतीय सेना के प्रमुख जनरल मनोज पांडेय ने प्रदान किया। वहीं जानी-मानी फिल्म अभिनेत्री पद्मभूषण शर्मिला टैगोर ने एचीवर्स ब्ल्यू को रनर-अप ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया।

अतिथियों के साथ विजेता टीम जिन्दल पैंथर के खिलाड़ी

आदिम जनजाति बहुल सुदूरवर्ती गांव डोकापाठ पहुंचे उपायुक्त

- जमीन पर बैठकर सुनी लोगों की समस्याएं
- बिजली पानी सड़क स्वास्थ्य शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है डोकापाठ क्षेत्र के आदिम जनजाति

खबर मन्त्र संवाददाता

चैनपुर। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी सोमवार को जिला मुख्यालय से 75 किलोमीटर दूर आदिम जनजाति बहुल चैनपुर प्रखंड के सुदूर एवं दुर्गम पहाड़ियों पर बसे डोका पाठ गांव पहुंचे। वहाँ वे कई सालों से पहाड़ पर निवास कर रहे आदिम जनजाति के लोगों संग जमीन में बैठ कर संवाद कर उनकी जरूरतों व समस्याओं से अवगत हुए।

इस दौरान स्थनीय ग्रामीणों ने उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी के समक्ष पीएम आवास, अंबेडकर आवास, पानी, बिजली, पेंशन, शिक्षा, राशन, आंगन वाड़ी, सड़क, रोजगार आदि से संबंधित समस्याओं को रखा। इस दौरान ग्रामीणों ने उपायुक्त से सितंबर माह का राशन नहीं मिलने की शिकायत की। जिस पर उपायुक्त ने चैनपुर बीडीओ को तत्काल सितंबर माह का राशन लाभुकों को वितरण करवाने का निर्देश दिया।

वहीं ग्रामीणों के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण में बकाया मजदूरी की भुगतान करने की मांग की। ग्रामीणों ने पाठ क्षेत्र के विद्यालयों में शिक्षक के नदारत रहाने की भी शिकायत की। जिस पर उपायुक्त ने कहा कि वैसे शिक्षकों पर ग्रामीण भी नजर रखें उन पर कार्रवाई की जायेगी। ग्रामीण निकोलस असुर ने कहा कि चाकडीपा गांव में स्कूल का भवन बनकर तैयार है। स्कूल को जल्द चालू करवा दे ताकि हमारे बच्चे यहां शिक्षा ग्रहण कर सके। वही जयमंती असुर ने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था यहां का ठीक नहीं है गर्भवती महिलाओं को ले जाने के लिए एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिल पाती है। फोन करने के बाद भी एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हो पता है। जिसके कारण आदिम जनजातियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही जल मीनार खराब रहने के कारण गांव में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। ग्रामीणों को पीने के लिए शुद्ध पेयजल भी नहीं मिल पा रहा है।

दर्री पर बैठकर ग्रामीणों की समस्या सुनते उपायुक्त।

एक साल से बिजली तक नहीं, कैसे जी रहे लोग

वही पोलिकार असुर ने कहा कि आदिम जनजाति बहुल इलाके में पिछले एक वर्ष से बिजली नहीं है। जिसके कारण यहां के लोग ढिबरी युग में जीने को विवस है। गांव में बिजली का खंबा एवं तार तो लगाया गया है पर बिजली का पता नहीं है। यूजीन असुर अन्ना असुर सहित कई लोगों ने कहा कि चैनपुर से डोकापाठ गांव तक सड़क काफी जर्जर है। जिसके कारण चैनपुर मुख्यालय तक आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से मांग की है कि यथाशीघ्र सड़क का निर्माण हो ताकि इस क्षेत्र में निवास कर रहे हैं लोगों को आवागमन में परेशानी न झेलना पड़े। इस दौरान ग्रामीणों से रूबरू होते हुए उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि जिला प्रशासन आपके दुख सुख का सहयोगी है आप अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें। प्रशासन आपको हर संभव मदद करेगी।आप लोगों के द्वारा जो जो समस्याएं हमारे समक्ष रखी गई है उन समस्याओं का निराकरण जल्द किया जाएगा। सरकार आदिम जनजातियों के उत्थान के लिए कई जन कल्याणकारी योजना संचालित कर रही है। इन योजना का आप लाभ उठाएं आप अपने अधिकार के प्रति जागरूक हैं और योजना का भरपूर लाभ लें।

स्पीड न्यूज

विशेषज्ञ डॉ संदीप पांच को गुमला में

गुमला। चर्म, कुष्ठ व थाइराइड रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप 5 नवंबर को पालकोट रोड के नीलेश मेडिकल हॉल में रोगियों की जांच करेंगे। यह जानकारी दिलीप नीलेश ने दी है।

विधायक प्रतिनिधि निशीथ से मिले लोग

लोहरदगा। झारखंड कुम्हार समन्वय समिति लोहरदगा का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति के नेतृत्व में विधायक कार्यालय पहुंच कर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल से मिल मांग पत्र सौंपी। जिसमें झारखंड कुम्हार समन्वय समिति लोहरदगा द्वारा भंग की गयी माटी कला बोर्ड को पुनः लागू करने की मांग की गयी। जिससे कुम्हार समाज का उत्थान को सके। इस पर विधायक प्रतिनिधि ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस पर पहल की जायेगी। मौके पर प्रेम किशोर प्रजापति, कमल महतो, वासुदेव महतो, राजू प्रजापति, वीरेंद्र कुमार, राधेश्याम प्रजापति भी उपस्थित थे।

बंधु तिर्की से मिल आरक्षण देने की मांग

गुमला। कांग्रेस के जिला महासचिव मो खालिद के नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के पदाधिकारी कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की से मुलाकात कर 7 जिले में ओबीसी आरक्षण शून्य करने की जानकारी देते हुए पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग की। जिस पर बंधु तिर्की ने सहानुभूति पूर्वक विचार कर उसे पूरा करने का आश्वासन दिया। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग, केंद्रीय महासचिव दिलीप नाथ साहू, ओबीसी जिलाध्यक्ष बिंदेश्वर साहू व रामप्रसाद साहू आदि थे।

विशेष शिविर में प्रखंड प्रमुख भी शामिल

घाघरा। प्रखंड के बड़ा अजियातु में आदिम जनजातियों के लिए सोमवार को विशेष शिविर लगाया गया। शिविर में पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड व ई-श्रम कार्ड के लिए आवेदन लिये गये। साथ ही मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर भी नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, मृत व्यक्तियों के नाम हटाने और नाम सुधार करने के लिए प्रपत्र 6,7 व 8 भरा गया। प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि शिविर के माध्यम से आदिम जनजातियों को पेंशन से संबंधित व सरकार से मिलने वाली कई अन्य महत्वकांक्षी योजना का लाभ प्राप्त होंगे। आप सभी इस शिविर का लाभ उठायें। मौके पर पंचायत सचिव आशिक मीर, उपेंद्र उरांव, पूर्व उप्रमुख कृष्णा लोहरा, तेजू महतो व कई लोग उपस्थित थे।

डीसी के बॉडीगार्ड को दी गयी श्रद्धांजलि

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के अंगरक्षक मरियानुस किंडो की सोमवार को सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। न्यू पुलिस लाइन, लोहरदगा में उन्हें जिला पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया और पदाधिकारियों व सहकर्मियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उपायुक्त ने मृतक के परिवार को दाह-संस्कार की राशि चेक से दी। अंतिम संस्कार के लिए शव गुमला जिला के लुदगो ग्राम भेजा गया। मौके पर एसपी हारिश बिन जमां, एसडीओ अमित कुमार समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व बड़ी संख्या में पुलिसबल उपस्थित थे।

बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

भंडरा। बालू के अवैध खनन के खिलाफ भंडरा थाना पुलिस लगातार छापेमारी में जुटी है। पुलिस के अवैध बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई से बालू माफियाओं में दहशत है। सोमवार की सुबह पलमी गांव की समीप भंडरा थाना पुलिस को गश्त के दौरान अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर व चालक को पकड़ने में सफलता मिली। जबकि ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। ट्रैक्टर सिसई थाना क्षेत्र के छारदा निवासी प्रवीण उरांव का है। भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि उन्हें अवैध बालू के संबंध में गुप्त सूचना मिली थी जिसके बाद यह कार्रवाई की गयी। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

2004 बैच के हवलदार थे मानयुस

लोहरदगा। शहर के मुख्य चौराहे पावर गंज के पास स्कूल बस की चपेट में आकर लोहरदगा उपायुक्त के बॉडीगार्ड मानयुस किंडो (45) की मौत हो गयी। वह सोमवार सुबह अपनी बुलेट से ड्यूटी पर समाहरणालय जा रहे थे। वह शहर के मधुबन टोली में परिवार के साथ रहते थे। पावरगंज के पास सामने से आ रहे लिवेंस एकेडमी स्कूल की बस से उनकी बाइक की टक्कर हो गयी। जिससे मौके पर ही मौत हो गयी। वे झारखंड पुलिस में 2004 बैच के हवलदार थे।

दो बाइक चोर गिरफ्तार, नौ बाइक जब्त

लोहरदगा। लोहरदगा पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। सदर थाना पुलिस ने लोहरदगा एसपी के निर्देश पर छापेमारी कर दो लोगो के गिरफ्तार कर चोरी की नौ बाइक जब्त की है। जानकारी के अनुसार लोहरदगा एसपी हारीश बीन जमा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी अनिल उरांव के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें बाइक चोर गिरोह के खिलाफ करवाई की गयी। गिरफ्तार आरोपी सदर थाना क्षेत्र के जुरिया का किताबुल अंसारी और रांची जिला के मांडर का इरफान अंसारी है।

फादर रजत एक्का की संदिग्ध मौत मामले की जांच करने पहुंचे एसपी

घटनास्थल व मृतक फादर के कमरे की जांच की

खबर मन्त्र संवाददाता

चैनपुर। चैनपुर के संत जॉन पारिस के डीन फादर रजत एक्का की संदिग्ध मौत मामले की जांच सोमवार को चौथे दिन पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने घटनास्थल पहुंचकर किया। एसपी ने दंडाधिकारी सुनील कुमार खाखा एवं जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा की उपस्थिति में फादर रजत एक्का के कमरे की जांच की।

मौके पर एसडीपीओ चैनपुर विकास आनंद लागुरी भी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने बारीकी से जांच के उपरांत कहा कि अब तक की जांच के अनुसार डीन फादर रजत एक्का की मौत आत्महत्या ही प्रतीत हो रही है। आगे भी जांच जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट अब तक नहीं आई है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के उपरांत मामला का खुलासा हो पाएगा। सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच की जा रही है एवं कई लोगों से इस मामले को लेकर पूछताछ जारी है।

फादर के संदिग्ध मौत की जांच करने पहुंचे एसपी।

धार्मिक-सामाजिक व्यक्ति थे फादर रजत : बंधु तिर्की

चैनपुर। पारिश के कुआं से संदेहास्पद स्थिति में डीन फादर रजत एक्का के शव मिलने की सूचना पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सह झारखंड सरकार के समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की चैनपुर पारिश पहुंच उन्हेंको श्रद्धांजलि दी और पारिस के लोगों के साथ बैठक कर पूरे मामले की जानकारी ली। कहा कि फादर रजत एक्का धार्मिक एवं सामाजिक व्यक्ति थे। उनका अचानक चले जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

ऊंची चोंगारी में पहाड़ जतरा का आयोजन

आदिवासी सभ्यता संस्कृति की पहचान जतरा: नीरू शांति भगत

खबर मन्त्र संवाददाता

कैरो। प्रखंड मुख्यालय से 4 किलोमीटर दूर सढ़ाबे व बक्सी सिमाना स्थित करीब दो हजार फीट ऊंची चोंगारी में पहाड़ जतरा का आयोजन सोमवार को हुआ। जहां स्थित शिवलिंग व जतरा खूंटा में पहान पुजार ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद दर्जनों गांवों से आये पारंपरिक भेषभूषा में खोड़हा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत की पत्नी सह आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने कहा कि जहां एक तरफ आदिवासी सभ्यता संस्कृति की पहचान है जतरा वहीं दूसरी तरफ इस ऐतिहासिक पहाड़ जतरा का अलग ही पहचान और दृश्य बनता है। जहां ऊंची चढ़ाई में चढ़ने से लेकर यहां पहुंचकर लोगों में जो उत्साह दिखाई देता है ऐसा शायद झारखंड की धरती में ही सम्भव हो सकता है। बता दें कि इस चोंगारी पहाड़ जतरा और इस जगह से जुड़ी कई और भी मान्यताओं के अनुसार रांची जिला के सीलागाई में जन्मे बिर बुधु भगत जब अंग्रेजो से लड़ाई करते थे।

संबोधित करती नीरू शांति भगत।

प्रशासन से सामंजस्य बना विकास को गति देना चैंबर का लक्ष्य: रितेश कुमार

- नवरात्र पर पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी में निर्बाध व्यापारिक संचालन व सौहार्द्रपूर्ण माहौल में दुर्गा पूजा एवम रावण दहन कार्यक्रम सम्पन्न होने पर चैंबर प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त, एसडीओ तथा सदर थाना प्रभारी से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। चैंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल चैंबर अध्यक्ष रीतेश कुमार की अगुवाई में नव पदस्थापित एसडीओ अमित कुमार से मिलकर अंगवस्त्र तथा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। साथ ही लोहरदगा में व्यावसायिक हित को लेकर बातचीत की। उपायुक्त डॉ बाघमारे कृष्ण कुमार तथा सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव से भी मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स ने सम्मानित किया। इन दोनों को जिला में नवरात्र पर जिला में निर्बाध व्यापारिक संचालन, चुस्त दुरुस्त विधि व्यवस्था तथा रावण दहन मेला में सौहार्दपूर्ण माहौल में मुस्तैदी के साथ प्रशासन के सहयोग से सफलतापूर्वक मेला संपन्न करवाने हेतु उन्हें साधुवाद दिया।

सड़क दुर्घटना में मृत डीसी के बॉडी गार्ड का शव पहुंचते ही छाया मातम

- परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल, भरा पूरा परिवार छोड़ गये मृतक

खबर मन्त्र संवाददाता

घाघरा। लोहरदगा उपायुक्त के सुरक्षाकर्मी में तैनात हवलदार मरियानुस किंडो का सोमवार की सुबह पावर गंज चौक के समीप सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जवान मरियानुस अपने बुलेट में सवार होकर ड्यूटी के लिए डीसी कोठी जा रहा था। इस क्रम में लिवेंस स्कूल के बस की सीधी टक्कर में दुर्घटनाग्रस्त होकर जवान की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद जवान के पार्थिव शरीर को उसके पैतृक गांव घाघरा प्रखंड का लुदगो गांव सोमवार को लाया गया। शव पहुंचते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। पार्थिव शरीर को लेकर लोहरदगा पुलिस मेंस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष जेवियर लुगुन, श्याम रंजन, भरत चंद महतो, मोहम्मद इकबाल सहित चालक आरज सिंह ने गांव पहुंचे। इधर मृतक जवान के बड़े भाई पीटर किंडो ने बताया कि दिवंगत मरियानुस वर्ष 2004 से झारखंड पुलिस में सेवा दे रहा था।

नये एसडीओ से जिप सदस्य संदीप ने की मुलाकात

लोहरदगा। किस्को जिप सदस्य संदीप कुमार जिला परिसदन पहुंच जिले के नवनियुक्त एसडीओ अमित कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। एसडीओ ने कहा कि लोहरदगा की जनता की सेवा का मौका मिला है। जिस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। जनता की समस्याओं का निराकरण उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

गीताश्री की वापसी से सिसई के कांग्रेसियों में हर्ष

सिसई। पूर्व शिक्षा मंत्री सह सिसई विधायक गीताश्री उरांव के पुनः कांग्रेस में घर वापसी से सिसई विधानसभा के कार्यकर्ताओ में खुशी की लहर है। घर वापसी को लेकर पार्टी ने आगमन प्लेस रांची में कार्यक्रम कर श्रीमति उरांव को कांग्रेस के प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर,विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने शॉल ओड़ाकर एवं गुलदस्ता देकर पार्टी मे ज्वाइनिंग कराया। बधाई देने वालों में प्रखंड अध्यक्ष बैबुल अंसारी, जिला युवा अध्यक्ष आजाद अंसारी, पुसो मंडल अध्यक्ष जितेंद्र लोहरा, प्रखंड महासचिव करीम अंसारी, प्रखंड सचिव इरकन लाकड़ा, गंगा उरांव, बिहारी भगत, रजब अंसारी, सफीक अंसारी, निलेश उरांव, साजिद खान, खजबुल अंसारी, जुबैर आलम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हैं।

पत्थर से कूचकर पति की हत्या के बाद पत्नी फरार

कैरो। थाना क्षेत्र के खरता में एक के बाद एक हो रही मर्डर की घटना से गांव सहित पूरा क्षेत्र में दहशत का माहौल खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। जानकारी के अनुसार सोमवार अहले सुबह खरता अंबाबारी में अपने ही घर में प्रदीप उरांव (32) पिता स्व गंगू उरांव को मृत पाया गया। जिसकी जानकारी थाना को दी गयी। परिजनों के अनुसार दिनभर सबकुछ ठीक था। फिर रात में खाना खाने के बाद कुछ अन्य मेहमानों के साथ प्रदीप अपने कमरे के बाहर सोया था, जिसे आधी रात उसकी पत्नी अपने कमरे में ले गयी। जिसके बाद सोमवार सुबह जब घर के लोग उठे, तो देखा कि कमरा में बाहर से ताला बंद है। मृतक के छोटे भाई गुंजन व अन्य परिजनों को शंका हुआ क्योंकि पति-पत्नी किसी का पता नहीं और बाहर से ताला बंद दिखा। छोटे भाई ने दरवाजा का ताला तोड़ा तो देखा कि प्रदीप मृत अवस्था में पड़ा है और बगल में एक पत्थर रखा हुआ है। जिसपर खून लगा है। परिजनों के अनुसार मृतक की तीन पत्नियां हैं जिनमें बड़ी पत्नी देवकी उरांव व उसके दो छोटे बच्चे अब छोटे भाई के साथ रहने लगी है। वहीं बीच वाली पत्नी बरती उराईन ने इस घटना को अंजाम दिया है। वहीं एक पत्नी (सरजू उरांव) और उससे एक पुत्र व एक पुत्री को सूचना देने के बाद घर पहुंची। इधर, घटना के बाद से आरोपित पत्नी बरती उराईन फरार है।

अगवा नाबालिग को पुलिस ने कर्नाटक से सकुशल बरामद किया

- आरोपी शहाबुद्दीन मीर को भेजा गया जेल
- आदिवासी संगठनों ने पुलिस का आभार जताया

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। जिले के बगडू थाना क्षेत्र से अपहत नाबालिक लड़की को सकुशल बरामद कर पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया है। विगत आठ अक्तूबर को 17 वर्षीय लड़की को शहाबुद्दीन मीर नामक विवाहित व्यक्ति ने बहला फुसलाकर अगवा कर लिया था। इस मामले में आदिवासी सामाजिक संगठनों ने लोहरदगा पुलिस कप्तान हारिश बिन जमां से मुलाकात कर लड़की की सकुशल बरामद की और आरोपी की गिरफ्तारी व कड़ी सजा देने की मांग की थी। एसपी ने आश्वासन दिया था कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द लड़की को सकुशल बरामद करेगी।

अरुणोदय संघ के लॉटरी ड्रॉ का परिणाम घोषित

गुमला। अरुणोदय संघ दुर्गा पूजा समिति के लॉटरी ड्रॉ का परिणाम घोषित कर दिया गया। अरुणोदय संघ परिसर में मुख्य अतिथि श्री बड़ा दुर्गा मंदिर गुमला के अध्यक्ष श्री निर्मल गोयल की उपस्थिति में लाटरी ड्रा संपन्न हुआ। जिसमें प्रथम पुरस्कार शहर के लोहरदगा रोड निवासी संजीव मालानी को 718 नंबर पर प्राप्त हुआ। जबकि द्वितीय पुरस्कार 408 नंबर एवं तृतीय पुरस्कार 388 नंबर पर निकला है एवं सांत्वना पुरस्कार 695, 284, 646, 219, 661, 654, 364, 318, 641, 760 एवं 753 नंबर है।

15 वें वित्त आयोग की योजना के कार्य में अनियमितता व भ्रष्टाचार चरम पर

- भाकपा रेड स्टार व झानद नेताओं ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की

खबर मन्त्र संवाददाता

घाघरा। भाकपा (माले) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल घाघरा द्वारा सोमवार को 15 वें वित्त आयोग फंड, प्रधानमंत्री आवास, वृक्षारोपण व कूप निर्माण आदि योजनाओं में बरती जा रही अनियमितता व भ्रष्टाचार पर कार्रवाई की मांग को लेकर बीडीओ से ज्ञापन सौंपा। भाकपा माले नेता सह झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह उपस्थित थे। पार्टी नेता प्रकाश उरांव व जेएनडी नेता शंकर उरांव ने कहा है कि प्रखंड में 15 वें वित्त आयोग फंड से संचालित योजनाओं में भारी गड़बड़ी कर विकास की राशि से अपनी जेब भरने का काम हो रहा है। उदाहरण स्वरूप घाघरा के वीरन मांझी व शांति कुजूर के घर के पास बन रही सोलर पानी टंकी में बगैर माफी पुस्तिका बनाए ही दो-दो लाख रुपये भुगतान कर दी गई है।

खेल को पूरी प्रतिबद्धता के साथ खेलेंगे तो अवश्य होगी लक्ष्य की प्राप्तिः सुखदेव भगत

सदर प्रखंड के बंजार किस्को में आयोजित चार दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट में सरना क्लब बक्सी हुआ चैंपियन

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। सदर प्रखंड के बंजार किस्को में कुजूर ब्रदर्स बंजार किस्को आयोजन समिति के तत्वाधान में आयोजित चार दिवसीय फुटबाल टूनामेंट का फाइनल मैच सरना क्लब बक्सी बनाम जोरी फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया जिसमें सरना क्लब बक्सी 1-0 से चैंपियन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस के प्रभारी पूर्व विधायक सुखदेव भगत थे। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर सुखदेव भगत का ग्रामीणों द्वारा पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया तत्पश्चात फाइनल मैच के दोनों टीमों से मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा परिचय प्राप्त किया गया। पारितोषिक वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुखदेव भगत ने कहा कि इस क्षेत्र में फुटबॉल खेल के प्रति लोगों में जुनून रहता है ।लोहरदगा में सैकड़ो स्थान पर फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन होता है जिसमें पूरा गांव की सहभागिता रहती है और लोग इसे उत्सव के रूप में मनाते हैं। श्री भगत ने कहा कि खेल के माध्यम से भी हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं उसके लिए हमें पूरी प्रतिबद्धता एवं अनुशासन के साथ खेलना होगा। श्री भगत ने खिलाड़ियों से कहा कि आप फीफा के नियम से खेलेंगे तो ही आप जिला, राज्य एवं देश के तरफ से खेल सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि व अन्य।

खास बातें : श्री भगत ने कहा कि हमारे क्षेत्र में काफी अच्छे-अच्छे खिलाड़ी है बस उन्हें प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। मौके पर श्री भगत ने सभी खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आयोजन समिति को भव्य आयोजन करने हेतु बधाई दी। मौके पर किस्को प्रखंड प्रमुख सामुल अंसारी अध्यक्ष मिथिलेश गोप, सचिव राकेश भगत, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र साहू, ग्राम प्रधान मडुवा उरांव, पुजार बोधई भगत, प्रखंड प्रमुख सुनीता कच्छप भी थे।

नये नेतृत्व की खोज के तहत लोकसभा और विधानसभा के उम्मीदवार भी नये हों: हंदू भगत

भगत के लोहरदगा लोकसभा प्रभारी बनते ही दो से तीन लोगों के नेतृत्व में विभक्त होकर चल रहा है कार्य

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। कांग्रेस पार्टी के गुमला जिला सचिव हंदू भगत ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में पूरे राज्य और भारत देश के सभी जिलों में एलडीएम की नियुक्ति की गई है। इसका उद्देश्य है कि नए नेतृत्व के लिए कार्य करना नया नेतृत्व का खोज करना और पार्टी संगठन में उन्हें शामिल करना।

अगर पार्टी का यह सिद्धांत है तो विधानसभा और लोकसभा के चुनाव में भी नए उम्मीदवारों को मौका मिले। जिससे कि पार्टी संगठन में नए लोगों को मौका मिल सके। क्योंकि वह एपीएल सूची में आ गए हैं जो एक बार विधायक सांसद बन जाते हैं। उन्हें पेंशन मिलता है।

उन्होंने कहा है कि लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी के रूप में सुखदेव भगत को घोषित किए जाने से गुमला लोहरदगा जिला कांग्रेस पार्टी संगठन में दरार आ गयी है। लोग दो-तीन नेतृत्व में विभक्त होकर कार्य कर रहे हैं। बिगत दिनों लोहरदगा समन्वय समिति की आयोजित कांग्रेस पार्टी की बैठक में दरारे देखने को मिली।

ऐसी स्थिति में टिकट सुखदेव भगत को टिकट देना कहां तक पार्टी को सफलता मिल सकेगी। श्री भगत का स्पष्ट मानना है कि नये उम्मीदवारों के साथ कांग्रेस पार्टी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में अगर खड़ी होती है तो निश्चित जीत है। इसलिए पार्टी संगठन इस पर गंभीरता से विचार करते हुए लोकसभा और विधानसभा उम्मीदवारों का घोषणा व चयन करें।


हंदु भगत।

स्पीड न्यूज

अधिकारी ने सभी छठ घाटों का किया निरीक्षण, दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश

निरीक्षण करते पदाधिकारी

मझिआंव। नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने मझिआंव क्षेत्रांतर्गत सभी छठ घाटों का निरीक्षण किया। बताते चलें कि नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत लगभग 21 छठ घाट है। इस दौरान उन्होंने सभी छठ घाटों का साफ-सफाई करने का सख्त निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि आस्था का महापर्व छठ में साफ सफाई का बहुत बड़ा महत्व है। साफ सफाई के अलावे उन्होंने कहा की नगर पंचायत कि ओर से होने वाली सभी छठ घाटों पर सारी व्यवस्था की जाएगी। उसके अलावा उन्होंने कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कनीय अभियंता संदीप कुमार को सभी छठ घाटों की समुचित सफाई एवं मरम्मती, पेयजल एवं लाईट की व्यवस्था हेतु निर्देश दिया। साथ ही कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार क्षेत्रीय लोगों से भी छठ घाट पर व्यवस्था के बारे में जानकारी लिए। मौके पर कनीय अभियंता संदीप कुमार, प्रधान सहायक अनुप तिवारी एवं राकेश कुमार सिन्हा उपस्थित थे।

राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में मन्नत ने एक बार फिर जीता सिल्वर मेडल

चतरा। ओडीएम सफायर ग्लोबल इंटरनेट स्कूल,रांची में चल रहे तीन दिवसीय सीबीसीई इस्ट जोई रायफल शूटिंग प्रतियोगिता 2023-24 में मन्नत ने एक बार फिर से बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया है। मन्नत कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए सिल्वर जीती है। मन्नत ज़िप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी जी की सुपुत्री है। मन्नत ने कहा कि इंसान को लक्ष्य हमेशा बड़ा रखना चाहिए हमारा लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वयं को स्थापित करना है। इसके लिए हमें बहुत ही मेहनत करने की आवश्यकता है। सिल्वर मेडल जीतने का श्रेय माता-पिता को देती है। वही मन्नत को सिल्वर मैडम जीतने पर कान्हाचट्टी प्रखंड वासियों व जिलावासियों ने हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दी।

जिप उपाध्यक्ष ने किया आर आर वस्त्रालय का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

इटखोरी। इटखोरी मुख्य बाजार पर सोमवार को आर आर वस्त्रालय नामक कपड़ा दुकान का उद्घाटन किया गया। दुकान का उद्घाटन जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, जिप सदस्य सरिता देवी और प्रमुख प्रिया कुमारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान दुकान के संचालक राज कुमार ने जिप उपाध्यक्ष को बुके देकर और माला पहनाकर स्वागत किया। जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने दुकान संचालक को व्यापार की तरक्की के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही ग्राहकों के बीच मधुर संबंध बनाते हुए उनकी पसंद के अनुरूप बेहतर सेवा देने की अपील की। साथ ही कहा की किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए व्यापार का बढ़ना जरूरी है। जब तक व्यापार नही बढ़ेगा तब तक किसी भी क्षेत्र का विकास संभव नही है। इस मौके पर दुलार हजाम, देवकुमार सिंह, निरंजन सिंह, नगीन सिंह, राजकुमार रजक, संजय साव, रंजय भारती, बालगोविंद राम व क्षेत्रवासियों सहित कई लोग उपस्थित थे।

जिला स्तरीय टीएलएम मेला का आयोजन, 154 शिक्षकों ने भाग लिया

कोडरमा। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में जिला स्तरीय टीएलएम मेला का आयोजन किया गया। जिसमें 154 शिक्षकों ने भाग लिया। जिसमें लो कॉस्ट नो कास्ट के आाार पर टीएलएम तैयार कर प्रदर्शन किया गया। मेला में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत कोडरमा शशि शेखर सुमन एवं क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी जयनगर कंचन कुमारी उपस्थित हुए। इस मौके पर प्राचार्य विकेश कुणाल प्रजापति ने बच्चों के अययन अयापन में टीएलएम की भूमिका को विस्तार से बताया। उनके द्वारा टीएलएम का प्रयोग प्राथमिक स्तर पर कक्षा में किस प्रकार प्रयोग किया जाए यह बताया गया। इस टीएलएम मेला में निर्णायक मंडल सदस्य के रूप में लेफ्टिनेंट डॉ.विजेंद्र कुशवाहा जेजे कॉलेज झुमरीतिलैया एवं सौरभ शर्मा ग्रिजली कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन झुमरीतिलैया से उपस्थित हुए।

अवैध बालु लदा दो ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

मरकच्चो (कोडरमा)। नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत केशो नदी के मसमोहना बालु घाट से पुलिस ने सोमवार को अवैध बालु लदा दो ट्रैक्टर जब्त किया है। इस बाबत नवलशाही थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह का कहना है कि उक्त घाट से चोरी छिपे बालु उठाव करने की गुप्त सूचना मिली थी। उसी आाार पर सोमवार को छापेमारी कर अवैध बालु लोड दो ट्रैक्टर को जब्त किया है। वहीं पुलिस को देख दोनों ट्रैक्टर के चालक व मजदूर मौके से फरार हो गये। उक्त दोनों ट्रैक्टर को जब्त कर थाना भवन में सुरक्षार्थ रखा गया है। साथ ही अग्रेषित कार्रवाई के लिए मामले की जानकारी डीएमओ को दी गयी है।

अवैध उत्खनन मामले को लेकर एसडीओ व डीएमओ पहुंचे मरकच्चो

खबर मन्त्र संवाददाता

खबर मन्त्र असर

मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड मुख्यालय स्थित थाना से महज दो किलोमीटर दूर स्थित कारीपहाड़ी मरकच्चो में संचालित पत्थर खदान में बड़े बड़े मशीनों से अवैध उत्खनन मामले को लेकर सोमवार को खबर मन्त्र अखबार ने प्रमुखता से खबर को छापा था। खबर छपने के बाद सोमवार को एसडीओ संदीप कुमार मीणा, डीएमओ दारोगा राय, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय उक्त स्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल किया। इस दौरान लीज पर किये जा रहे कार्य की जानकारी ली व घंटो जांच की। इस सम्बंध में सीओ से रिपोर्ट की मांग की गई है। ज्ञात हो कि उत्खनन के नीयमों को ताक पर रख कर मरकच्चो थाना क्षेत्र अंतर्गत कारीपहाड़ी में इड़ल्ले से कीमती पत्थरों का उत्खनन हो रहा है। उक्त खदान कारीपहाड़ी क्षेत्र में जो पत्थर है, वह काफी कीमती पत्थर है, उस पत्थर का उत्खनन कार्य कई खनन माफियाओं के द्वारा अन्य व्यक्ति से लीज पर लेकर खनन कार्य कर रहा है, जबकि उक्त भूमि का मालिक उन्हें कोई भी खनन कार्य करने के लिए कोई अनुमति नहीं दिया है। वहीं खनन माफिया द्वारा उक्त इलाके में हैवी ब्लास्टिंग और प्रकृति जल स्त्रोतों को नष्ट कर उत्खनन कार्य किया जा रहा है। उक्त खदानों में होने वाले ब्लास्टिंग से भू-गर्भीय जल स्त्रोत काफी नीचे चला गया है, जिससे आम जनजीवन को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उक्त खदान को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने हैवी ब्लास्टिंग पर विरोध भी जताया था, मगर ब्लास्टिंग जारी था। मौके पर बीडीओ सह सीओ मरकच्चो पप्पु रजक, सीआई दिनेश राम आदि मौजूद थे।

कारीपहाड़ी में हो रहे अवैध खनन के लिए डीएमओ व सीओ जिम्मेवार : असीम सरकार

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के जिला सचिव असीम सरकार ने प्रेस रिलीज जारी कर मरकच्चो प्रखंड के कारीपहाड़ी में चल रहे अवैध खनन के लिए जिला खनन पदाधिकारी और सीओ को जिम्मेवार ठहराया है। साथ ही उन्होंने कहा खनन माफियाओं के साथ इन लोगों पर भी कारवाई की जानी चाहिए।

गायत्री शक्ति पीठ एवं हरिहर योग संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन

रक्तदान कर हम समाज सेवा से जुड़ते हैं : शालिनी

खबर मन्त्र संवाददाता

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। शहर के रांची-पटना रोड स्थित पूर्णिमा विद्या मंदिर में सोमवार को गायत्री शक्ति पीठ एवं हरिहर योग संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें एक महिला सहित दस लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में अंकिता कुमारी, गोपाल शर्मा, मनीष अग्रवाल, राजीव साह, सूरज कुमार, सुधीर यादव, संतोष कुमार भदानी, संजीव राजहंश, राज भगत का नाम शामिल है। वहीं रेड क्रॉस सोसाइटी के टेक्निशियन अमित कुमार, सूरज कुमार, अनीश कुमार का नाम शामिल है। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता के साथ गायत्री शक्ति पीठ के मुख्य ट्रस्टी प्रदीप पहाड़ी, जिला समन्वयक राजेंद्र साह, देवालय ट्रस्टी

नीलम शहबादी, कोषाध्यक्ष स्मृति वर्मा, संतोष बर्णवाल, परियोजना निदेशक सुनीता भगत, गोपाल शर्मा, प्रदीप कुमार सुमन, त्रिमूर्ति देवी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। वहीं बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिप अध्यक्ष ने कहा कि रक्तदान कर हम समाज सेवा से जुड़ते हैं, धन से ना दौलत से पुण्य कमाया जा सकता है सिर्फ रक्तदान से। वहीं प्रदीप पहाड़ी व राजेंद्र साह ने कहा कि एक ओर जहां रक्त दान करने से रक्त संचार ठीक होता है, वहीं दूसरी ओर अनजान व्यक्ति की जीवन की रक्षा भी होती है। मौके पर शिला जायसवाल, सावित्री बर्णवाल, ज्योति बर्णवाल, मंगल जायसवाल, बबिता देवी, वीणा बर्णवाल, रेखा बर्णवाल, पलवी पांडेय, रीना सेठ, रिंकू देवी, रेखा देवी, मिथिलेश गुप्ता, डॉ.नीरज साहा, अनिकेत कुमार आदि मौजूद थे।

ज्ञान निकेतन में एक दिवसीय करियर काउंसलिंग का आयोजन

गढ़वा। शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल में सोमवार को एक दिवसीय करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसआरके विश्वविद्यालय, भोपाल के प्रवीण कुमार (असिस्टेंट सहायक प्रध्यापक फार्मेसी डिपार्टमेंट) तथा दिनेश प्रसाद (सहायक प्राध्यापक एमबीए डिपार्टमेंट) ने अपना बहुमूल्य सुझाव एवं मार्गदर्शन देकर बच्चों को प्रोत्साहित किया। मौके पर निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे निरंतर बदलावों के कारण अक्सर बच्चे करियर को लेकर असमंजस की स्थिति में आ जाते हैं। जिस कारण सही मार्ग से भटक जाते हैं। इसका एक ही समाधान है वक्त रहते करियर काउंसलर की मदद ले ली जाए। एक करियर काउंसलर आपको अपनी योग्यता और विषय रुचि के आधार पर करियर फील्ड का चुनाव करने में मदद करता है। एक मार्गदर्शक का कार्य करता है। एक सही करियर का चुनाव आपके न सिर्फ सभी सपने पूरे कर सकता है बल्कि जिंदगी में आप जो बनना चाहते हैं वो बन भी सकते है। अगर छात्र को सही समय में सही दिशा मिल जाए तो वह अपने लक्ष्य की तरफ मजबूती से कदम रखता है।

पीसीसी पथ निर्माण कार्य का उद्घाटन

रमना। पंचायत की मुखिया दुलारी देवी ने सोमवार को 15वां वित्त आयोग से लगभग तीन लाख रुपए की लागत से पीसीसी पथ निर्माण कार्य का उद्घाटन पंचायत समिति सदस्य सीता देवी की उपस्थिति में पूजा-अर्चना कर व नारियल फोड़ कर किया। पथ का निर्माण सर्वेश्वरी चौक से करीमन साह, जयप्रकाश गुप्ता के घर तक किया जाएगा। विदित हो कि रमना पंचायत के अतिमहत्वपूर्ण सड़क में शामिल उक्त पथ से गुजरते हुए रमना के गोसाईबाग, बगोंधा, टंडवा विशुनपुरा प्रखंड के जोगीराल खुर्द, जतपुरा, सरांग, बटौआ, दर, पतिहारी सहित आधा दर्जन गांवों के लोग हाईवे पर पहुंचते है। मौके पर दुलारी देवी ने कहा कि रमना पंचायत के महत्वपूर्ण मार्ग का पीसीसीकरण हो जाने से लोगों को राहत मिली है। उन्होंने कहा कि प्रखंड मुख्यालय का पंचायत होने के कारण रमना का तेजी से शहरीकरण हो रहा है। मौके पर पंचायत सचिव विनोद राम, रोहित वर्मा, बिरेंची पासवान, देवनाथ साह, मोतीचंद साह, नागेंद्र कुमार सिंह, अनुज कुमार सहित कई अन्य उपस्थित थे।

एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। कौशल विकास सह प्रशिक्षण केंद्र (डीएमएफटी) में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के तत्वधान में झारखंड राज्य फसल राहत योजना अंतर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त अबु इमरान शामिल होकर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यशाला में झारखंड राज्य फसल राहत योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया एवं उसके विभिन्न चरणों के बारे में जानकारी दी गई। उपस्थित अंचल अधिकारियों को प्राप्त आवेदन के सत्यापन कार्य की विस्तृत जानकारी दी गई। जिससे आवेदकों का आवेदन का सत्यापन जल्द से जल्द हो और वो लाभान्वित हो सकें। जिला कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राट द्वारा ज्यादा से ज्यादा आवेदन प्राप्त हो इसके लिए प्रचार प्रसार करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी के द्वारा झारखंड फसल राहत योजना की विभिन्न समस्याओं से निपटने व अभियान को सफल बनाने के दिशा में कई महत्वपूर्ण बाते कही गई।साथ ही उन्होंने कहा कि फसल खराब होने पर अब घबराने की जरूरत नहीं है। क्योंकि किसान भाई बहनों के पास झारखंड राज्य फसल राहत योजना का साथ है।

30 नवंबर तक होगा फसल राहत में निबंधन

झारखंड राज्य फसल राहत योजना के तहत किसानों के लिए निबंधन की तिथि बढ़ा दी गई है। जिन किसान भाई का खरीफ धान और मकई फसल खराब हुआ है वो 30 नवंबर 2023 तक पर स्वयं द्वारा अथवा अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में लाभ लेने हेतु संपर्क करके आवेदन कर सकते हैं। उक्त कार्यशाला में जिला कृषि पदाधिकारी, आपूर्ति पदाधिकारी, सहकारिता पदाधिकारी,जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, जिला प्रबंधक/ समन्वयक प्रज्ञा केंद्र, झारखंड राज्य सहकारी बैंक प्रबंधक, अंचल अधिकारी, सहायक निबंधक, सहयोग समितियां तारा, विभिन्न पैक्सो के अध्यक्ष, जेएसएलपीएस जिला प्रबंधक, जेएसएलपीएस की सखी दीदियां समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

विधायक भानु ने किया कालीकरण पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

भवनाथपुर। पंडरिया पंचायत के करमाही मुख्य पथ से कैलान के फुलवार गांव तक मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत करीब 7 करोड़ 14 लाख रुपए की लागत से बनने वाली कालीकरण पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। जिसका शिलान्यास विधायक भानु प्रताप शाही की उपस्थिति में फुलवार गर्म कुंड के बैगा प्रभु सिंह ने विधिवत पूजा अर्चना कर तथा शिलापट के समीप नारियल फोड़कर किया। मौके पर विधायक श्री शाही ने कहा कि इस सुदुरवर्ती गांव के कई पीढ़ी विकास की बाट जोहते अपनी जीवन बीता दिया। लेकिन आपका बेटा भानु प्रताप शाही ने सभी विभागीय परेशानियों को झेलते हुए, करमाही से फुलवार तक चमचमाती कालीकरण सड़क का शिलान्यास कर ग्रामीणों की चिर प्रतीक्षित मांग को पूरा कर उन्हें समर्पित करने का काम किया हूं। उन्होंने कहा कि महलो में रहकर सोना के चम्मच से खाने वाले तथा सोना के पलना पर सोने वाले गांव के गरीब गुरबा के दर्द को नहीं समझ सकते। उनका दर्द केवल कधवन गांव में पैदा लेने वाला भानु प्रताप शाही ही समझ सकता है। कहा कि हमसे पहले इस विस से 14 विधायक हुए लेकिन किसी ने भी भवनाथपुर प्रखंड में एक इंच सड़क बनाने का काम नहीं किया। कहा कि चारो ओर प्राकृतिक के गोद में बसा हुआ इस फुलवार गांव को पर्यटक का दर्जा दिलाने का काम करूंगा, ताकि यहां भी दूसरे राज्यों से पर्यटक पहुंचकर प्राकृतिक घटाओं का आनंद ले सकें। मौके पर प्रदेश प्रभारी लातेहार ओबीसी प्रकोष्ठ के भगत दयानंद यादव, सांसद प्रतिनिधि इंद्रदेव यादव, जिलामंत्री मनोज सिंह, मधुलता कुमारी, विधायक प्रतिनिधि भानु गुप्ता, संजय यादव, अनिल चौबे, भवनाथपुर मुखिया बेबी देवी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव एवं संचालन अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि दयानंद सोनी ने की। मौके पर मनोज पहाड़िया, विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह, अरुण गुप्ता, राजा सिंह, प्रदीप यादव, मनोज यादव, काले सिंह, ब्रजेश यादव, अजीत चौबे, डोमन चंद्रवंशी, लाल बिहारी यादव, सुनील यादव, राकेश रवि, नंकू सिंह, संतोष सिंह, रमाशंकर मेहता, दिलीप यादव, संदीप यादव, आफताब आलम, लालनाथ यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

एक नजर में

सब्जियों के बीच छिपाकर बिहार जा रही थी लाखों की शराब, एक तस्कर गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। अवैध शराब के खिलाफ पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। बावजूद इसके अवैध शराब कारोबारी अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहे है। तरह-तरह के पैंतरे आजमाकर बिहार में शराब तस्करी को अंजाम दे रहे हैं। रविवार को स्थानीय पुलिस और उत्पाद विभाग ने सब्जी ले जा रहे वाहन से भारी मात्रा में शराब बरामद की। साथ ही शराब चालक को भी धर दबोचा। आरोपी में चालक चतरा जिले के इटखोरी थाना क्षेत्र स्थित सरहेता निवासी जितेंद्र कुमार ठाकुर का नाम शामिल है। पुलिस के अनुसार बीते रविवार चतरा एसपी राकेश रंजन को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग के पिकअप डाला बोडी मालवाहक वाहन (जेएच 02 बीजे 8784) में सब्जी के निचे छिपाकर अवैध नकली अंग्रेजी शराब भारी मात्रा में बेचने के फिराक में है। सूचना पर चतरा एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी टीम गठित किया गया। गठित टीम त्वरित कार्रवाई करते हुए देवी मंडप जतराहीबाग के पास पिकअप (जेएच 02 बीजे 8784) को चेक करने पर 160 किलो ग्राम पतागोभी के नीचे छिपाकर 81 पीस कार्टुन में मेकडोवेल एंव एम्परियर ब्लू का 375 एमएल एंव 750 एमएल का 1944 बोतल नकली अंग्रेजी शराब बरामद की गई। मामले को लेकर सदर थाना (कांड सं 358/2023) में प्राथमिकी दर्ज किया गया है। पुलिस को पूछताछ में शराब कारोबार से जुड़े अन्य लोगों के बारे में भी जानकारी मिली है। पुलिस उसकी पहचान में जुट गई है।

कार दुर्घटना में तीन घायल, एक की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बांझेडीह-तिलैया डैम जाने वाली सड़क चक-चुटवारी गैस गोदाम के समीप सोमवार दोपहर करीब 2 बजे कार दुर्घटना में दो बच्चे समेत चार लोग घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार बिहार निवासी 32 वर्षीय नीतीश कुमार सिंह, पटना खुसरूपुर, 31 वर्षीय चिंटू कुमार पिता तनिक सिंह, दो बच्चे 8 वर्षीय आरव कुमार व 10 वर्षीय संस्कार कुमार पिता सुधीर कुमार पटेल को अर्टिगा कार से हॉस्टल छोड़ने के लिए तिलैया डैम जा रहे थे। इसी क्रम में बांझेडीह से तिलैया डैम जाने वाली निर्माधीन सड़क में गैस गोदाम पुल के समीप कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों के द्वारा घायलों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान नीतीश कुमार सिंह की मौत हो गयी। वहीं अन्य सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

ग्रिज़ली विद्यालय में मनाया गया हैलोवीन-डे

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। ग्रिजली विद्यालय तिलैया डैम में हैलोवीन-डे का आयोजन किया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। हैलोवीन-डे के मौके पर कक्षा तृतीय की छात्रा सिद्धि कुमारी, सान्वी, सिमरन पांडेय, जीविका यादव, इशिता कुमारी, नव्या कुमारी, आरुषि सिंह, कुमारी काव्या, एंजेल श्री एवं ख़ुशी कुमारी ने शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं छात्रा आरोही ने हैलोवीन-डे के बारे में बच्चों को बताया। वहीं इस कार्यक्रम में छात्रों की वेशभूषा आकर्षण का केंद्र रहा। छात्रों ने खास रूप से बनाए गए वस्त्रों एवं डरावने पोशाक पहन कर खूब मस्ती की। वहीं विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने कहा की हैलोवीन-डे दिवस सांस्कृतिक विविता और समावेशिता को बढ़ावा देता है। यह उत्सव केवल मौज-मस्ती करने के बारे में नहीं है, बल्कि एक अवसर है बच्चों को साहसी बनाने का और मन के डर को खत्म करने का। मौके पर तुषार रॉय चौरी, प्रीति जगनानी, दीपक पांडेय, रिम्पी चटर्जी, नेहा बर्णवाल, सारिका देवी, नीतू कुमारी, जिज्ञासा कुमारी, प्रिया कुमारी, श्वेता प्रकाश, उषा सिंह, अल्पना श्रीवास्तव, बनानी नियोगी, रमाकांत गुप्ता, प्रिंस कुमार, मुलिका, खुशबू सिंह आदि मौजूद थे।

बचपन प्ले स्कूल में हैलोवीन-डे पर भूत बन स्कूल पहुंचे बच्चे

कोडरमा। गुमो स्थित बचपन प्ले स्कूल अ यूनिट ऑफ ग्रिजली पब्लिक स्कूल में सोमवार को हैलोवीन-डे मनाया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षिका साक्षी कुमारी ने हैलोवीन-डे की महत्ता बता कर की। उन्होंने बच्चों को बताया की उन्हें किसी भी डरावनी चीज से डरना नहीं चाहिए, बल्कि उसका सामना करना चाहिए। इस दौरान बच्चों ने भूत, चुड़ैल, जादूगर के डरावने चेहरों के साथ अपनी सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों में शिवेश, अनंत, अर्पित भदानी, अथर्व आनंद, इशांक अथर्व, मिर्फा, तृषि प्रकाश साहा, अनाया, अक्षज, शिवांश वर्मा, अद्वय स्वास्तिक, वैदिक चौधरी, भव्यांश जैन, कीर्ति राज की प्रस्तुति कमाल की थी। इसके पश्चात् छोटे-छोटे, नन्हें-नन्हें बच्चों ने 'पार्टी विद द भूतनाथ' पर अपनी धमाकेदार प्रस्तुति से सबको चकाचौंध कर दिया। वहीं प्रधानाचार्या नीरजा ने कहा दुनिया की हर संस्कृति से अवगत कराने के लिए हमारे विद्यालय में इस प्रकार के कार्यक्रम मनाए जाते हैं। इससे बच्चों के मन से आत्माओं का डर दूर होता है। मौके पर मारिया मंडल, अमिशा भदानी, डिम्पल कुमारी, शैलजा सेठ, अंजली सलूजा एवं विद्यालय के सभी शिक्षकेतर कर्मचारी मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

मोटरसाइकिल से गिरकर युवक घायल

बालूमाथ। बालूमाथ थाना क्षेत्र के हेमपुर ग्राम निवासी गोविंद गंझू 30 वर्ष पिता भुनेश्वर गंझू मोटरसाइकिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों द्वारा घायल अवस्था में गोविंद गंझू को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक ईलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि गोविंद गंझू मोटरसाइकिल में सवार होकर अपने गांव के बगल में अमझारिया टोला जा रहा था और वह तीखे मोड़ में असंतुलित होकर गिर गया।

चंदवा के प्रभारी थाना प्रभारी बने शुभम कुमार

शुभम कुमार।

चंदवा। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर चंदवा थाना के थाना प्रभारी के रूप में शुभम कुमार ने पदभार संभाल लिया है। पदभार लेने के उपरांत उन्होंने चंदवा थाना के अधिकारियों व जवानों से शिष्टाचार मुलाकात की व आवश्यक दिशा निर्देश दिया। शुभम कुमार ने बताया कि चंदवा में आमजनता के साथ मैत्रीपूर्ण सम्बंध स्थापित कर क्षेत्र की शांति व्यवस्था बहाल करना व अपराध नियंत्रण पहली प्राथमिकता होगी। बता दें कि इसके पूर्व शुभम कुमार हेरहंज में थाना प्रभारी के पद पर पदस्थापित थे।

अंचलाधिकारी ने किया पदभार ग्रहण

मौके पर उपस्थित लोग।

बालूमाथ। बालूमाथ अंचल के नए अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर ने सोमवार को अपना पदभार ग्रहण किया। बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम ने पदभार ग्रहण की औपचारिकता पूरा करने के बाद उन्हें बुके देकर स्वागत किया। वही अंचल अधिकारी तृप्ति विजया कुजूर को बालूमाथ बीडीओ सोम उरांव, बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार, सब इंस्पेक्टर धीरज सिंह, बरिष्ट पत्रकार मोहम्मद शमीम, समाजसेवी मोहम्मद इमरान, अंचल कर्मी जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता, मनोज कुमार समेत कई लोगों ने बुके देकर स्वागत किया। वहीं नए अंचल अधिकारी ने कहा कि आप सभी के सहयोग से यहां के हरेक तबके के लोगों को कार्य करना मेरी प्राथमिकता होगी। साथ ही ला एन्ड ऑर्डर पर विशेष नजर रखी जाएगी। इधर राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीत लाल यादव अपने समर्थकों के साथ अंचलाधिकारी से मिलकर बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर प्रदीप यादव, मनोज यादव, मोहम्मद महमूद समेत कई लोग मौजूद थे।

ग्रीनफील्ड एकेडमी ने देवनद तट पर चलाया स्वच्छता अभियान

स्वच्छता अभियान में शामिल लोग।

चंदवा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत कार्यक्रम के तहत सोमवार को ग्रीन फील्ड एकेडमी चंदवा के द्वारा देवनद तट पर स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने नदी किनारे फेके गए कचरो की साफ सफाई की व लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। विद्यालय के निदेशक अरविंद सिंह ने कहा कि स्वच्छता में ही ईश्वर का वास होता है। हम सभी को स्वच्छता व साफ सफाई को अपने नित दिनचर्या में शामिल करना होगा तभी स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत का सपना सरकार होगा। वही विद्यालय के प्राचार्य उदय नारायण कपूर ने बच्चों के प्रयास की सराहना की व स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। अभियान के मौके पर विद्यालय परिवार के शिक्षक समेत दर्जनों की संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

सीओ व बीडीओ ने समझाने का किया प्रयास, एनएच के अधिकारी को बुलाने की मांग पर अड़े आंदोलनकारी

फुट ओवर ब्रिज निर्माण की मांग को लेकर कफन सत्याग्रह

- माकपा नेता सह कामता पंसस अयूब खान की अगुवाई में कफन सत्याग्रह पर बैठे दर्जनों लोग
- आरोप: नेशनल हाईवे जान बूझकर दो साल से रोक रखा है फ्लाई ओवरब्रिज का निर्माण कार्य

खबर मन्त्र संवाददाता

कफन सत्याग्रह में शामिल लोग।

चंदवा। टोरी में लंबे समय से अधर में लटके रोड ओवर ब्रिज निर्माण व टोरी जंक्शन पर फुट ओवर ब्रिज निर्माण की मांग को लेकर लोगो का आक्रोश दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। माकपा नेता सह कामता पंसस अयूब खान की अगुवाई में दर्जनों लोग सोमवार से टोरी रेलवे फाटक के समीप अनिश्चित कफन सत्याग्रह आंदोलन पर उतर गए हैं। उनकी मांग है कि टोरी जंक्शन के समीप एनएच-99 न्यु 22 पर तत्काल फ्लाई ओवर ब्रिज और स्टेशन के पश्चिम में फुट ओवर ब्रिज का निर्माण शुरू की जाय साथ ही कार्य शुरू करने में दो वर्ष से अधिक समय का विलंब करने वाले नेशनल हाईवे के अधिकारीयों पर शख्त कार्रवाई की जाय। कफन में लिपटकर सत्याग्रह कर रहे पंसस अयुब खान ने कहा कि रेलवे क्रासिंग जाम और स्टेशन की आवागमन की समस्या किसी को दिखाई नहीं दे रही है, दो वर्ष पहले ही फ्लाई ओवरब्रिज की मंजूरी मिल चुकी है, इसका शिलान्यास भी 03 अप्रैल 2021 को किया जा चुका है, लेकिन नेशनल हाईवे (एनएच) विभाग ने कई बहाने बनाकर जान बूझकर इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं कर रही है। चतरा लोकसभा क्षेत्र और पलामु प्रमंडल की सबसे बड़ी समस्या होने के बावजूद इसका निर्माण अबतक नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। उदासीनता के कारण प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग रेलवे फाटक पर जाम के कारण परेशान होते हैं। आगे कहा कि यहां कि खनिज सम्पदा कोयला से दुसरे प्रदेश में सुविधा दी जा रही है, लेकिन टोरी स्टेशन में यात्रियों को आने जाने के लिए कोई सुविधा नहीं है। स्टेशन के पश्चिम में फुट ओवरब्रिज की मंजूरी रेलवे विभाग ने एक वर्ष पहले दे दी है लेकिन रेलवे विभाग की उदासीन रवैये के कारण इसका निर्माण नहीं हो पा रहा है, इसके निर्माण नहीं होने से छात्र छात्राओं को स्कूल, कॉलेज, अस्पताल जाने में परेशानी हो रही है।

समझाने के बाद भी नही माने आंदोलनकारी

आंदोलन की सूचना के बाद सीओ जयशंकर पाठक, बीडीओ विजय कुमार, प्रभारी शुभम कुमार आंदोलन स्थल पहुंचकर आंदोलनरत अयूब खान व आंदोलनकारी को समझने का प्रयास किया लेकिन वे नहीं माने। उनका कहना था कि जब तक एनएच के अधिकारी वार्ता नहीं करेंगे तब तक उनका आंदोलन अनवरत जारी रहेगा। कफन सत्याग्रह के मौके पर माकपा जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, रसीद मियां, बैजनाथ ठाकुर, साजीद खान, द्वारीका ठाकुर, सोभन उरांव, हनुक लकड़ा, ललन राम, सनिका मुंडा, पैतू गझु, इदुल खान, संजय राम, बुटन गंझु, अशा देवी, मो इम्तियाज, फहमीदा बीबी, लहुल खान, सुलेद्र गंझू, गोपी गंझू, गुजरा गंझू, बुटन गंझू, मुन्ना गंझू, राजु साव, सईद खान, सहजीवन भोगता, संजय गंझु, सुधन गंझु समेत दर्जनों लोग शामिल हैं।

श्री सूर्य नारायण पूजा समिति चाणक्य नगरी लातेहार की बैठक संपन्न, कमिटी गठित

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। श्री सूर्य नारायण पूजा समिति चाणक्य नगरी लातेहार की बैठक विवाह मंडप (महावीर अखाड़ा) चाणक्य नगरी में की गई। जिसकी अध्यक्षता रामहरि प्रसाद ने की। सूर्यनारायण पूजा समिति की बैठक में पिछले वर्ष की आय व्यय की जानकारी दिया गया। विशेष रूप से साफ-सफाई की व्यवस्था, लाईट एवं साउंड का संपूर्ण व्यवस्था एवं गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा। साथ ही कमिटी के तरफ से पिछले वर्ष से भी ज्यादा भव्य व्यवस्था किया जाएगा। बैठक में पिछले वर्ष 2022 की कमिटी को ही थोड़ा बदलाव करके रखा गया है। जिसमे सर्वसहमति से सभी पदाधिकारी का चुनाव हुआ। मुख्य संरक्षकः बैधनाथ राम विधायक लातेहार, अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह, महामंत्री अनिल कुमार (पप्पू), कोषाध्यक्ष राजू यादव, उपाध्यक्ष राजेश प्रसाद, गणेश राम, रवि शंकर प्रसाद, विनय प्रसाद, मनीष दास, मीडिया प्रभारी आरव राज, तुषार कुमार गुप्ता, मंत्री धीरज कुमार (छोटू), जय शंकर पासवान, सिद्धार्थ कुमार सिंह, शुभम कुमार गुप्ता, बिनोद प्रसाद(छोटू), टिंकू पांडेय, रिषभ राज, कौशल कुमार(बिट्टू), गौतम सिंह को बनाया गया है।

बैठक करते समिति के लोग।

बैठक में उपस्थित लोग

सुरेंद्र सिंह, लक्ष्मी प्रसाद, रविन्द्र प्रसाद, सुधीर कुमार, विनय प्रसाद, रवि शंकर प्रसाद, गोविंद प्रसाद, निर्मल महलका, बिपिन बिहारी ठाकुर, प्रसांत कुमार प्रिंस, मंटू कुमार, रूपेश लाल गुप्ता, महेंद्र सिंह, राज मोहन प्रसाद, निरंजन कुमार सिंह, कृष्ण प्रसाद, नारायण राम, महेंद्र राम, कुंदन गुप्ता, गोतम प्रसाद गुप्ता, आर्यन राज गुप्ता, कुशल कुमार, अनिमेष कुमार, निशांत राज, चीटू गुप्ता, रोशन कुमार, धीरज पांडेय, मोहित कुमार, विकाश कुमार, अंशु कुमार सिंह, प्रिंस राज, सकेंद्र यादव, चंदन कुमार, विवेक सोनी, सिद्धार्थ सिंह, धर्मेंद्र दास, रूपेश कुमार, जय शंकर पासवान, रणधीर दास, मुकेश कुमार, पंकज कुमार यादव, रितेश महल्का, धीरज कुमार गुप्ता, राजू यादव, अखिलेश श्रीवास्तव, मनीष दास, अनिल कुमार उर्फ पप्पू, आयुष सौंदिक, आकाश गुप्ता, लकी पांडेय, शशि भूषण पांडेय, सुनील कुमार गुप्ता, ब्रिज किशोर प्रसाद, संजय पांडे, राजेश प्रसाद, चंदन यादव, आयुष गुप्ता, हितेश राज, राज लक्ष्मण कुमार, मनोज दास, विष्णु गुप्ता, कौशल किशोर राज, हिमांशु गुप्ता, राहुल कुमार, गणेश राम, विजय कुमार, हर्ष यादव, अंकित गुप्ता, सुमेर कुमार, ओनिक कुमार गुप्ता, महेश राम, मनोज राम, अमर कुमार, राजन प्रसाद, मंजीत प्रसाद, निरंजन कुमार गुप्ता, गिरवर पासवान, एवम अन्य भक्तगण उपस्थित हुये।

बनहरदी कोयला खनन परियोजना की प्रारंभिक परियोजना स्तरीय पुनर्वास व पुनर्स्थापना समिति की बैठक संपन्न

बैठक करते पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि।

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। बनहरदी कोयला खनन परियोजना की प्रारंभिक परियोजना स्तरीय पुनर्वास व पुनर्स्थापना समिति की बैठक सोमवार को उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में भूमि अर्जन अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुरूप पुनर्वासन व पुनर्व्यवस्थापन के संबंध में चर्चा की गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा आवश्यक सुझाव भी दिए गए। बताया गया कि प्रभावित परिवारों को मकान से वंचित होने की स्थिति में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत न्यूनतम 50 वर्गमीटर का निर्मित मकान उपलब्ध कराया जाएगा। प्रभावित परिवार को मकान नहीं लेने की स्थिति में निर्मित मकान के बदले मकान के समतुल्य राशि प्रदान किया जाएगा। बैठक में विधायक बैद्यनाथ राम द्वारा परियोजना अधिकारियों को स्थानीय पंचायत व स्थानीय नागरिकों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने की बात कही गई, ताकि कार्य की प्रगति में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। इस अवसर पर स्थानीय पंचायतों के मुखिया ने भी अपने सुझाव रखें। बैठक के दौरान बनहर्दी कोयला खनन परियोजना के अन्तर्गत अर्जित होने वाली भूमि के दर निर्धारण के संबंध में तथा पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना नीति के अनुसार पुनर्वास सुविधा से संबंधित चचाएं विस्तृत रूप से की गई। बैठक में सांसद प्रतिनिधि विनीत मधुकर, विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, जेएमएम जिला अध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव, परियोजना प्रस्तावक राजीव रंजन अपर महाप्रबंधक बनहरदी कोयला खनन परियोजना, एम. चंद्रसेगर, अपर महाप्रबंधक खनन, आरबी सिंह प्रबंधन खनन, सिद्धार्थ शंकर उप महाप्रबंधक खनन, अमरेश चंद्र राहुल उप महाप्रबंधक खनन, जीवनेंदु महापात्र प्रबंधक खनन एवं ग्राम प्रधान एवं कमेटी के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

द रिलेक्स क्लीनिक का हुआ शुभारंभ

फिजियोथेरेपी एवं काइरो थेरेपी के द्वारा किया जायेगा ईलाज

शुभारंभ करते अतिथि।

लातेहार। जिला मुख्यालय अंतर्गत सोमवार को पहाड़पुरी में द रिलेक्स नामक क्लीनिक का शुभारंभ मुख्य अतिथि निवर्तमान नगर पंचायत उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा, जिप सदस्य विनोद उरांव, आफताब आलम जिला बीस सूत्री सदस्य सह युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वहीं शुभारंभ के दौरान डॉ. बीके शुक्ला ने कहा कि अभी के समय में 90 प्रतिशत लोगों में गठिया, साइटिका, गर्दन दर्द, पिठ, कमर दर्द, हाथ का नहीं उठना, हाथ पैर सुन्न होना समेत कई तरह की बिमारयां है जिससे लोग परेशान रहते है। लेकिन अब आपके शहर में ये सभी बिमारी का ईलाज आज से प्रारंभ है। फिजियोथेरेपी एवं काइरो थेरेपी के द्वारा ईलाज किया जायेगा। यदि इस ट्रिटमेंट के द्वारा मरीज को राहत या कोई फायदा नहीं होता है तो ट्रिटमेंट का फी वापस कर दिया जायेगा। साथ ही स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. चंदा खानम के द्वारा महिलाओं को ईलाज किया जायेगा। वहीं निवर्तमान नगर पंचायत उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा ने कहा कि लातेहार में गौरव की बात है। फिजियोथेरेपी एवं काइरो थेरेपी के द्वारा ईलाज लातेहार में नहीं था लेकिन अब हमारे शहर में ईलाज संभव है लोगों को बाहर जाकर पैसा बर्बाद करने की आवश्यकता नहीं है। वहीं इस दौरान जिप सदस्य विनोद उरांव, आफताब आलम जिला बीस सदस्य सह युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष ने भी लोगों को संबोधित कर जानकारी दिया। मौके पर संचालक एमडी फरीद अंसारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा मनाया गया शरद पूर्णिमा उत्सव

शरद पूर्णिमा उत्सव मनाते आरएसएस कार्यकर्ता।

खबर मन्त्र संवाददाता

बरवाडीह। रविवार की रात प्रखंड मुख्यालय के कन्या मध्य विद्यालय परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा शरद पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संघ के जिला कार्यवाह सतेन्द्र प्रसाद और सह कार्यवाह कमलेश कुमार सिंह, जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर साथ-साथ समेत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े सदस्य और अधिकारियों ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरूआत भागवत ध्वज की स्थापना और परिचय सत्र के साथ की गई जहां सभी लोगों के द्वारा भगवा ध्वज को प्रणाम करने के साथ अपना-अपना परिचय देने का काम किया गया। संघ के जिला कार्यवाह सतेन्द्र प्रसाद के द्वारा शरद पूर्णिमा उत्सव की विशेषता को बताने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि शरद पूर्णिमा के दिन रात्रि में अमृत की वर्षा होती है। जहां इस दौरान हम सभी अपनी परंपरा के अनुसार खीर बनाकर उसे प्रसाद स्वरूप ग्रहण करते है। संघ की ओर से लगाए गए प्रार्थना सभा में भी हिस्सा लेते हुए संघ के गीतों को भी गाने का काम किया इसके बाद मौजूद सभी लोगों के बीच प्रसाद के रूप में खीर के वितरण करने का भी काम किया गया। मौके पर उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल, अमरेंद्र कुमार सिंह, अमृत राज सिंह, नवल प्रसाद, चंद्रशेखर प्रसाद, विजय कुमार पप्पू, रविकांत रवि, मनोज जयसवाल, दिप्लेष सिंह, प्रदीप मेहता, अखिलेश कुमार सिंह, रामनाथ प्रसाद और नंदलाल मेहता समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

एक नजर में

विवेकानंद छठ पूजा समिति की बैठक में कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

बैठक में उपस्थित लोग।

चंदवा। रविवार की देर शाम स्थानीय जय हिंद पुस्तकालय परिसर में आगामी लोक आस्था के महापर्व छठ को धूमधाम से बनाने को लेकर विवेकानंद छठ पूजा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सुरेंद्र वैद्य व संचालन प्रभाकर मिश्र ने की। बैठक में महापर्व के दौरान छठव्रतियों और श्रद्धालुओं के हितार्थ देवनद तट छठ घाट पर जरूर सुविधा को बेहतर बनाने, चंदवा शहर व आसपास के गलियों में महापर्व के दौरान प्रकाश व्यवस्था का उत्तम प्रबंध करने समेत कई बिंदुओं पर गम्भीरता से चर्चा किया गया। समिति के लोगो ने कहा कि घाट पर छठ व्रतियों के लिए सुविधा का बेहतर प्रबंध कैसे हो इस पर सभी को ध्यान केंद्रित करना है। मौके पर उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, राजू सिंह, अजय वैद्य, रंजन विश्वकर्मा, संजीव आजाद, दीपू सिन्हा, रोहित अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, विनोद कुमार गुड्डू, सीकेश्वर यादव, शंटू गुप्ता, मनीष गुप्ता, दीपक निषाद, सचिन कुमार, राजेश प्रसाद बबलू गिरी, शशिकांत गिनोडिया, अंकित कुमार, मनु गुप्ता समेत काफी संख्या में धर्मप्रेमी मौजूद थे।

नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे फुटकर सब्जी विक्रेता

लातेहार। नगर पंचायत क्षेत्र के थाना चौक के पास कांजीहाउस की परिसर में सब्जी बेचने वाले फुटकर विक्रेता सोमवार को नगर पंचायत पहुंच, उन्होने यहां नगर पंचायत के प्रशासक राजीव रंजन को एक आवेदन सौंपा। अपने आवेदन में सब्जी विक्रेताओं ने बताया है कि लातेहार थाना के पीछे कांजी हाउस की जमीन सब्जी बेचने के लिए उपलब्ध कराया गया है। विगत कुछ दिनों से ग्रामीण क्षेत्रों के कई सब्जी विक्रेता सदर थाना की चहारदिवारी के पास एनएच-75 पर सड़क में सब्जी बेचना शुरू कर दिया है। इससे अक्सर सड़क जाम होता है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। दूसरी ओर, सड़क पर ही सब्जी मिल जाने के कारण ग्राहक हम लोगों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। वे सड़क से ही सब्जी ले कर चले जाते है। सब्जी विक्रेताओ ने सदर थाना के पास एनएच-75 पर सड़क पर अनाधिकृत रूप से सब्जी बेचने वालों को वहां हटाने की मांग की है।

दो पल्सर बाइक के बीच जोरदार टक्कर, एक घायल, स्थिति गम्भीर

रिम्स रेफर होता युवक।

चंदवा। एनएच-99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा शहर में स्थित कनोडिया पेट्रोल पंप के समीप पल्सर जेएच-01-सीडी 4052 व एक बिना नम्बर प्लेट का पल्सर बाइक के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमे एक बाइक में सवार श्री उग्रतारा उच्च विद्यालय का छात्र मो. हमजा पिता मो. मुस्लिम मियां (चकला चंदवा) गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के द्वारा आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य चंदवा पहुंचाया गया जहां डॉ.मनोज कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। मोहम्मद हमजा को अंदरूनी रूप से गंभीर चोट आई है। इधर चंदवा पुलिस दूसरे बाइक पर सवार शंकर राम पिता राजेन्द्र राम (बेंदी लातेहार) व दोनो बाइक को अपने कब्जे में लेकर अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है। बता दे की चंदवा शहर में इन दिनों बाइकर्स के द्वारा बेकाबू रफ्तार से बाइक चलाने के कारण लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं व लोगों को जान माल की क्षति भी उठानी पड़ रही है। चंदवा बाजार वासियों ने प्रशासन से चंदवा शहर में वाहनों की गति सीमा निर्धारित करने व बाइकर्स के रफ्तार पर लगाम लगाने की मांग की है।

रामलीला से सामाजिक सद्भावना और समरसता को मिलता है बढ़ावा : विजय बहादुर

बरवाडीह में रामलीला मंचन का हुआ शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

उदघाटन समारोह में उपस्थित अतिथिगण।

बरवाडीह। पंचमुखी दुगार्पूजा के प्रांगण में आयोजित रामलीला महोत्सव का शुभारंभ रविवार की शाम यूथ कांग्रेस के प्रदेश संयोजक विजय बहादुर सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर किया। वहीं उदघाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, जेएमएम अध्यक्ष अफजल अंसारी, व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष सह पत्रकार दीपक राज, समाजसेवी राजदीप रिकी, अजीत गुप्ता, संजय यादव और महिला समिति की अध्यक्ष रेखा पाठक समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहें। जहां रामलीला मंडली के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र भेंटकर किया गया। जिसके उपरांत अतिथियों के द्वारा भगवान श्री विष्णु और लक्ष्मी जी की आरती के साथ रामलीला की शुरूवात की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा नेता विजय बहादुर सिंह ने उपस्थित भक्तों से कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम राम हमारे लिए सदैव पूजनीय और अनुकरणीय रहेंगे।उन्होंने श्रीराम के चरित्र को अपने जीवन में उतारने की बात कही। वहीं जिप सदस्य, विधायक प्रतिनिधि, सांसद प्रतिनिधि और कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष समेत अन्य लोगों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और प्रभु श्रीराम के बताए मार्गदर्शन का अनुसरण करने की बात कही। रामलीला में पहले दिन श्री दशरथ पुत्र यष्ठी यज्ञ और श्रीराम जन्म को दिखाया गया। वहीं दूसरे दिन सोमवार को ताड़का मारीच, सुबाहु वध तथा अहिल्या उद्धार को प्रस्तुत किया जाएगा। मौके पर सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर रामजन्म के मंचन का आनंद लिया।

रेलवे लोडिंग प्वाइंट पर बमबाजी से ट्रक का शीशा टूटा, दहशत

●बमबाजी के बाद कर्मियों के बीच मची अफरा-तफरी

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। जिले में अपराधियों का मनोबल सातवें आसमान पर है। कोयलांचल में बमबाजी और गोलीबारी की घटना जैसे आम हो गई है। अपराधियों का मनोबल ऐसे बढ़ा हुआ है कि वह कहीं भी बम पटक दे रहे हैं। ताजा मामला जिले के केंदुआडीह थाना क्षेत्र के कुसुंडा रेलवे लोडिंग पॉइंट का है। सोमवार को सुबह कुसुंडा लोडिंग पॉइंट पर खड़ी एक हाईवा पर अपराधियों ने बमबाजी की घटना को अंजाम दिया है । इस घटना के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए । इधर धमाके की आवाज सुनकर वहां काम कर रहे हैं लोगों में अफरा तफरी मच गई। बम फेक जाने के कारण हाईवा का शीशा टूट गया । इस घटना से कर्मियों में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि दहशत फैलाने के उद्देश्य से अपराधियों ने बमबाजी की घटना को अंजाम दिया है। मौके पर काम कर रहे लोडिंग इंचार्ज मुझे बताया कि हर दिन की तरह सभी लोग काम कर रहे थे सुबह में अचानक जोरदार धमाका हुआ इस धमाके की आवाज सुनकर उसे और दौड़े सामने पहुंचने पर मालूम हुआ कि हाईवा के ऊपर बमबाजी की गई है। जिससे ट्रक का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। हाईवा के नीचे बम के अवशेष पाए गए है। इसके बाद लोगों में अपरा तफरी मच गई। उन्होंने बताया कि अपने वरीय अधिकारियों की घटना की जानकारी दी दहशत फैलाने को लेकर बमबाजी की घटना को अंजाम दिया गया है। वही बमबाजी की घटना को लेकर केंदुआडी थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने कहा कि पत्थर से मारकर हाईवा का शीशा तोड़ा गया है। हाईवा के नीचे सुतली बम फोड़ा गया है। थाना प्रभारी ने बमबाजी की घटना से इनकार किया है । उन्होंने कहा कि घटना को लेकर अभी तक किसी ने लिखित शिकायत नहीं दी है । फिलहाल मामले की जांच की जा रही है और लोगों से पूछताछ की जा रही है।

महुदा : चरकीटांड़ में कोयले का अवैध भंडारण शुरू

महुदा। महुदा थाना क्षेत्र के चरकीटांड में फिर से एक बार कोयला की अवैध भंडारण एवं बिक्री का खेल शुरू। बताते चले कि इससे पूर्व भी यहाँ अवैध कोयले का भंडारण हो रहा था जिसकी खबर प्रकाशित होते ही कोयला तस्करों से जुड़े चोरो के बीच हड़कंप मच गया था। वहीं बाघमारा सीओ भी उक्त स्थाल पर छापेमारी किया था। जाँचउपरान्त उन्होंने भी अवैध कोयला उक्त स्थान पर भंडारण एवं परिवहन की बात को स्वीकार कर करवाई की बात किया था। जानकारी के अनुसार आज से फिर उक्त स्थल पर जेसीबी मशीन से साफ-सफाई किया गया। एवं डेढ़ ट्रक अवैध कोयला का भंडारण भी किया गया हैं, जिसे रात के अँधेरे में उक्त कोयला को ट्रकों में भरकर कोयला पड़ोसी राज्य ओडिशा भेजा जायेगा। जहां के इस्पात और विद्युत संयत्रों में इसका उपयोग किया जायेगा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस अवैध कोयले का भंडारण चांदु महतो नामक व्यक्ति के जमीन पर किया जा रहा हैं। इतना ही नहीं इन कोयला तस्करों द्वारा अन्य कई रैयती जमीन पर भी अपना कब्जा जमा बैठा हैं जिससे स्थानीय ग्रामीणों के बीच काफी आक्रोश हैं, वहीं सूत्र बताते हैं कि इस अवैध कारोबार को लेकर हिंसक झड़प होने की बात सामने आ रही हैं।

स्पीड न्यूज

सदाफल योग संस्थान ने लगाया रक्तदान शिविर

बोकारो। स्थानीय जनवृत 05 में सद्गुरु सदाफल योग संस्थान द्वारा संत विज्ञानं देव जी के जन्मदिन के सुअवसर पर बिजीएच के ब्लड बैंक प्रभारी एसीएमओ डॉ श्रवण कुमार तथा डॉ सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। डॉ श्रवण कुमार ने शिविर में उपस्थित रक्त दान करने वाले लोगों को रक्त दान से होने वाले फायदे के बारे में बताते हुए कहा कि रक्त दान करके किसी दूसरे ब्यक्ति के जीवन रक्षण के साथ साथ खुद को भी दिल की होने वाले बिमारियों से बचाता है। उन्होंने बताया कि 18 से 60 साल तक की उम्र वाला स्वस्थ ब्यक्ति एक साल में तीन बार रक्त दान कर सकता है। उक्त रक्त दान कार्यक्रम में योग संस्थान के मनीष कुमार कौशल कुमार सुश्री नीता शी सुश्री कविता सुश्री खुशबू तथा सुश्री विभूतिका का विशेष योगदान था।

सीपीएस स्कूल के प्राचार्य का निधन शोक की लहर

कतरास। सोमवार को कतरास बाजार श्याम डी में एक हादसे में कंपटीशन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर महेश झा के छोटे पुत्र प्रणव झा की मौत हो गई बताते चले कि प्रणव झा अपनी स्कूटी गाड़ी लेकर किसी काम से जा रहे थे और वह सड़क पर गिर पड़े गिरने के कारण उन्हें चोट तो नहीं लगी लेकिन वह बेहोश हो गए हैं। आनन फानन में उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक शादीशुदा थे उन्हें एक लड़का भी है और उनकी पत्नी विद्यालय में ही पढ़ने का काम करती थी। इधर इस घटना के बाद स्कूल के बच्चों की छुट्टी कर दी गई। पहले से बीमार चल रहे मृतक के पिता महेश झा बेसुध हो गए। अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव समस्तीपुर में होगा । परिजन शव लेकर पैतृक गांव के लिए रवाना हो गए हैं। व्हाई इस घटना के बाद कतरास के समाजसेवियों ने गहरा शोक प्रकट किया है।

सेवानिवृत्त अधिकारियों को मिलेगी बामर लॉरी एसएसबीटी की सुविधा

बोकारो। सेल मेडिक्लेम सुविधा का लाभ उठाने वाले सेवानिवृत्त सेल अधिकारियों हेतु अब एयर टिकट बुकिंग के लिए मेसर्स बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड . एसएसबीटी एयर टिकट बुकिंग प्लेटफॉर्म की सुविधा प्रदान कर रही है। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय यात्रा टिकट बामर लॉरी एसएसबीटी के माध्यम से हवाई टिकट बुक करने के कई लाभ हैं जैसे नाममात्र टिकट कैंसिलेशन शुल्क फ्री कॉर्पोरेट भोजन रियायती किराया सीटों का बेहतर विकल्प आदि। इस सुविधा का लाभ उठाने के इच्छुक बीएसल अधिकारियों को इसके लिए बामर लॉरी के साथ अपना डेटा साझा करने के लिए सहमति देनी होगी। इच्छुक पूर्व सेल बीएसएल अधिकारियों के साथ उनकी यूजर आईडी बनाने पर एक सहायता दस्तावेज भी साझा किया जाएगा।

व्यापारियों के आंदोलन में साथ देगा मायुमो

धनबाद। शुक्रवार 30 अक्टूबर को मार्क्सवादी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पवन महतो ने बैंक मोड़ स्थित कार सेंटर के मालिक दीपक अग्रवाल पर जानलेवा हमले पर आक्रोश जाहिर करते हुए कहा की व्यवसायियों पर लगातार हमले से पुलिस प्रशासन की पोल खोल कर रख दी है।अपराधियों में भय का माहौल ही नहीं है।खुलेआम दिन-दहाड़े इस तरह की वारदात से व्यवसायियों के साथ-साथ आम नागरिकों की सुरक्षा में सेंधमारी है। मायुमो व्यवसायियों के हर आंदोलन एवं लड़ाई में कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। श्री महतो ने केरल में हुए धमाके की निंदा की और कहा कि इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

बोकारो : महाकाली पूजा को लेकर मैथिली कला मंच ने की बैठक

बोकारो। मैथिली कला मंच काली पूजा ट्रस्ट की बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर 2 डी स्थित काली मंदिर में सम्पन्न बैठक में धूमधाम से महाकाली पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। इस बाबत गठित उपसमिति के संयोजक अविनाश कुमार सह संयोजक सुदीप कुमार ठाकुर तथा कोष प्रबंधक रविंद्र झा बनाये गये। बैठक में सभी विभागों में कर्मठ भक्तों से योगदान देने का आग्रह किया गया। ट्रस्ट के महामंत्री सुनील मोहन ठाकुर ने बताया कि डॉ उदय चंद्र झा की अध्यक्षता में हुई बैठक में गोविंद कुमार झा रविंद्र झा मिहिर कुमार झा सुशील कुमार झा विश्वनाथ झा अविनाश कुमार झा शिवेश पाठक रामबाबू चौधरी सुदीप कुमार ठाकुर सोनू कुमार सहित दर्जनों भक्तों ने अपने विचार रखे।

मवि एगयारकुंड में स्वास्थ्य प्रशिक्षण का कार्यक्रम

कुमारधुबी। जिला स्वास्थ्य समिति धनबाद के आदेशानुसार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तत्वाधान में सोमवार को मध्य विद्यालय एगयाकुंड निरसा-3 के कक्षा छठी,सप्तम एवं अष्टम के छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण विद्यालय परिसर में डॉक्टर सार्थक दास एवं डॉ जयंत कुमार टुडू के नेतृत्व में किया गया।डॉक्टर सार्थक दास ने बताया की राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का लक्ष्य बच्चों के जन्म से लेकर 18 साल तक उनके जन्म दोष, कमियां, बीमारियां, विकास में होने वाले विलंब के साथ आज तक समय से पहले पहचान तथा हस्तक्षेप करना

खिलाड़ियों का नहीं होता कोई जाति-धर्म : मुकेश

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। गोविंदपुर प्रखंड के गोड़तोपा पंचायत में अख्लाख क्लब के सदस्यों ने पाँच दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट में झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरीय जिलाउपाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बतौर मुख्य अतिथि ने ग्राउंड में फुटबॉल को किक मार कर टूनामेंट की शुरूआत की। मुकेश कुमार सिंह ने अपने सम्बोधन में खिलाड़ियों का हौसला अफजाही करते हुए कहा कि तमाम विपरीत परिस्थितियों के बाद भी मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से झारखंड खेल नीति का लोकार्पण हुआ। यह खेल नीति मुख्य रूप से यहां के खिलाड़ियों के बेहतर भविष्य, झारखंड में खेल गतिविधियों का प्रसार, युवाओं को रोजगार, आमजनों में आत्मविश्वास एवं झारखंड को राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय पटल पर स्थापित करने के उद्देश्य से बनाई गई है। खेल नीति में खिलाड़ियों को नौकरी एवं शिक्षण संस्थाओं में आरक्षण की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने कहा कि खेल मैदान में खिलाड़ियों की कोई जाति, कोई मजहब, कोई धर्म नहीं होता है। खिलाड़ी केवल खेल भावना एवं राष्ट्रीय भावना से खेलता है और यह दिलों से दिल को जोड़ने का स्थान होता है। उन्होंने कहा कि यह खेल नीति प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को चयनित खेल विद्या में राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएगा। उन्होंने कहा कि खेलेगा झारखंड तो बढ़ेगा झारखंड। अख्लाख क्लब के सदस्यों में झामुमो युवा नेता इमरान अंसारी,उमेश कुमार, कोलियरी श्रमिक संग प्रखंड अध्यक्ष गोविंदपुर के नईम राजा, गोड़तोपा पंचायत के सरपंच नासिर अंसारी रफीक आलम उर्फ पप्पू, अरमान अंसारी आदि लोगो उपस्थित थे।

बच्चों के बीच पोशाक का वितरण

बेरमो। नावाडीह प्रखंड के पलामू पंचायत स्थित छोटकी कुडी उत्क्रमित मध्य विद्यालय में कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये स्कूल ड्रेसए जुता व स्वेटर का वितरण उक्त पंचायत कि पंचायत समिति सदस्य पार्वती देवी के द्वारा किया गया। मौके पर विद्यालय के तमाम शिक्षक शिक्षिकाओं सहित अन्य लोग मौजूद थे।

तेनुघाट डैम का खोला गया दो रेडियल गेट

खबर मन्त्र संवाददाता

बेरमो/तेनुघाट कोर्ट। शनिवार को तेनुघाट डैम के दो रेडियाल गेट को खोला गया है। डैम मे अत्यधिक पानी आने के करण दो रेडियल फाटक खोला गया। विभाग के द्वारा पत्राचार के द्वारा बताया गया की दामोदर नदी पर स्थित तेनुघाट जलशय का पानी लगभग 856ण35 फीट बढ़ने की संभावना है जिसको देखते हुऐ जलशय का दो रेडियल गेट खोला गया हैण जबकि जलाशय मे 865फीट पानी रखने की क्षमता है जबकि वर्तमान समय मे 852 फीट ही पानी को रखा जाता है वहीं 882 फीट खतरे की निशानी बताई गई है। वहीं दो गेट खोले जाने के बाद नदी मे पानी का बहाव हो रहा है। वहीं नदी नहीं जाने की हिदायत दी गई हैण अपने जानवरों सहित कोई भी व्यक्ति नदी मे न जाये जिससे कोई नुकशान होण वहीं सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता रंजीत कुजूर ने बताया कि डैम के पिछले भाग से अधिक पानी आने के कारण सुरक्षा को देखते हुए तत्काल दो गेट खोला गया है जरूरत पड़ने पर और भी गेट खोले जा सकते हैण नदी किनारे रहने वाले स्थानीय लोगों को इस बात की सूचना पहले से ही दे दी गई है लोगों से अपील है कि लोग नदी किनारे से दूर रहेंण वहीं दूरदराज से आये लोग खुले फाटक का खूब आनंद उठा रहे है।

दामोदर का जल स्तर बढ़ा

संविधान बचाओ-लोकतंत्र बचाओ सेमिनार को लेकर एससी-एसटी संघ कार्यालय में बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। सोमवार को धनबाद एससी-एसटी कर्मचारी संघ के कार्यालय में मिथिलेश प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में दिनांक 19 नवंबर 2023 को दलित शोषण मुक्ति मंच एंव नेशनल फेडरेशन ऑफ अंबेडकर मिशन और अन्य सामाजिक संगठनों का एक दिवसीय सेमिनार संविधान बचाओ- लोकतंत्र बचाओ और सामाजिक न्याय के लिए जेलगोरा गेस्ट हाउस (डिगवाडीह)के हाल में आयोजन की जाएगी। सेमिनार मुख्य रूप से दलितों पर हमला, संविधान बचाओ, और सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष तेज करने एंव वर्तमान स्थिति में जिसमें सांप्रदायिकता और मनुवादी तक के हावी है। संविधान बदलना चाहते हैं और दलित और उन कमजोर वर्गों पर हमले और अत्याचार चिंताजनक के रूप से बढ़ गए हैं। लोगों की एकता को तोड़ने के लिए आंतरिक संघर्षों को भी जानबूझकर भड़काया और बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके साथ वंचित तत्वों के लोगों के जीवन और आजीविका के लिए कुछ राहत प्रदान करने के उद्देश्य से बनाई गई नीतियों और कल्याणकारी उपायों को तबाह किया जा रहा है। नौकरियों और और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण के वैधानिक प्रावधानों को भी कमजोर किया जा रहा है।अक्सर उन्हें नजअंदाज कर दिया जाता है हमारे संविधान की मूल नींव- धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय,लोकतंत्र और संघवाद पर जबरदस्त हमला हो रहा है। बैठक में सर्व समिति से एक तैयारी कमेटी का गठन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से शशि भूषण कुमार, मिथिलेश प्रसाद, एस एन तॉती ,दिलीप राम, विजय कुमार पासवान, लालचन्द्र रजक,रामवृक्ष धारी, रामबालक धारी आदि मौजूद थे।

बोकारो : मुखिया ने किया महिला स्वावलंबन कार्यशाला का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो/कसमार। कसमार प्रखंड के मधुकरपुर आजीविका महिला संकुल संगठन अंतर्गत क्लस्टर कोर्डिनेटर कविता कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित का उदघाटन मधुकरपुर मुखिया राजेन्द्र महतो एवं दुगार्पुर मुखिया अमरेश कुमार महतो ने किया। कार्यशाला में विभिन्न आजीविका संबधी गतिविधियों पर चर्चा की गई। मुखिया द्वय ने ग्राम संगठन की दीदीयों के आजीविका एवं स्वावलंबन की कार्य योजनाओं हेतु हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। सीसी कविता कुमारी ने बताया कि मधुकरपुर आजीविका संकुल संगठन का निबंधन सहकारिता विभाग से हो गया है। स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के नाम से निबंधित संगठन के माध्यम से कृषि एवं बागवानी कार्य के अलावा पशुपालन बतक पालन और मुर्गी पालन बकरी पालन मत्स्य पालन की योजनाएं चलाई जाती है। मौके पर कुंती देवी किरण देवी सोनम देवी कविता देवी पांवों देवी सविता देवी पिंकी देवी आसमा देवी बीबी देवी सुनिता देवी बेबी देवी बिनू देवी दीपिका देवी संयोती देवी बसंती देवी नूनीबाला देवी संजू देवी आदि मौजूद थी।

झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह ने उठाये जन समस्या के मुद्दे

●डीएमएफटी बोर्ड की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

झरिया। धनबाद के न्यू टाउन हॉल में आयोजित जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएम एफटी) न्यास परिषद की बैठक में माननीय झरिया विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह ने अध्यक्ष सह उपायुक्त के समक्ष निम्नलिखित जनहित के मुद्दों पर समाधान हेतु ध्यान आकृष्ट कराया। ये मांगे उठीः झरिया अंतर्गत जर्जर सरकारी विद्यालय भवनों के निर्माण तथा मूलभूत सुविधाओं के विकास के संबंध में। कार्यकारी एजेंसी द्वारा माननीय द्वारा अनुशंसित योजनाओं का समय पर प्राकलन तैयार कर स्वीकृति उपरांत कार्य को धरातल पर जनहित में उतारने के संबंध में। दव्यांग जनों को डीएम एफटी से कृत्रिम अंग उपलब्ध करवाने के संबंध में। गरीब इंदिरा आवास लाभुकों को आवास की मरम्मती/जीणोर्धार के लिए डीएम एफटी से आवश्यक पहल करने के संबंध में। धनबाद में यातायात व्यवस्था सुगम करने हेतु कार्य योजना निर्माण करने के संबंध में । झरिया में पीट वाटर को पीने योग्य बनाने हेतु सर्वे करवा कर फिल्टर प्लांट लगाने के संबंध में। डीएम एफटी गाइडलाइन के अनुरूप प्रत्येक 06 माह में न्यास परिषद की बैठक आहूत की जाय, जिससे योजनाओं को धरातल पर उतारने में सहूलियत हो। अध्यक्ष सह उपायुत्त ने माननीय विधायक जी की बातों पर गंभीरता पूर्वक सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया।

एक नजर में

कतरास में मना सतर्कता जागरूकता सप्ताह

कतरास। बीसीसीएल कतरास क्षेत्रीय कार्यालय में सोमवार को सतर्कता जागरूकता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा सतर्कता शपथ लिया गया। जिसके बाद पीआइडीपीआइ के प्रति जागरूकता के प्रचार हेतू कार्मिक विभाग द्वारा बनाया हुआ वीडियो सभी को दिखाया गया। कतरास क्षेत्र के महाप्रबंधक एम एस दूत, अवर महाप्रबंधक सत्येंद्र कुमार, कैलाश कुमार क्षेत्रीय प्रबंधक उत्खनन रामानुज प्रसाद, क्षेत्रीय प्रबंधक कार्मिक सौरभ सिंह, रितेश सिंह, शैलाजानंद, रितेश कुमार, गोविंद, सुहानी सागर, मो फैसल आदि अधिकारी व कर्मचारियों ने सतर्कता की शपथ ली।

धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तारी को रांची पुलिस पहुंची चिरकुंडा, आरोपी धराया

चिरकुंडा। चिरकुंडा थाना क्षेत्र के सरसापहाड़ी स्थित न्यु तालडांगा मेडिकल के संचालक रोहित कुमार के बहनोई शारवेन्दू दत्ता को चिरकुंडा पुलिस के सहयोग से रांची लालपुर थाना की पुलिस 420 धोखाधड़ी के मामले में रविवार की रात्री चिरकुंडा पकड़ने पहुची। रोहित के चिरकुंडा के नेहरु रोड स्थित आवास पर तथा चिरकुंडा के सरसापहाड़ी स्थित मेडिकल दुकान पर पुलिस पहुंची पर शारवेन्दु पुलिस पहुंचने से पहले ही भाग निकला था। पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि रोहित कुमार व बहनोई शारवेन्दु दत्ता चाइबासा निवासी नितेश कुमार दास से 20 लाख रुपए का धोखाधड़ी किया है जिसका मामला नितेश ने लालपुर थाना में दर्ज कराया है ,जिसके बाद पुलिस मामले को लेकर चिरकुंडा पहुंची। जानकारी हो कि कुछ माह पुर्व इस मामले मे रांची के लालपुर थाना की पुलिस रोहित के मेडिकल दुकान पहुंचे जहां रोहित रांची पुलिस को देखते ही भागने का प्रयास किया था तब तक दौड़ा कर पुलिस दल रोहित को पकड़ लिया था। पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि रोहित व इसके बहनोई शारवेन्दु दत्ता पर 420 धोखाधड़ी का मामला लालपुर थाने में दर्ज है जिसके तहत रांची पुलिस रोहित को पहले ही पकड़ कर ले गई थी और अब शारवेन्दु को पुलिस पकड़ने आई थी। टीम का नेतृत्व लालपुर थाना के प्रभारी मनोज सोरेन कर रहे थे साथ मे चिरकुंडा पुलिस के फगुआ उरांव शामिल थे।

गुजराती उवि में रंगोली, निबंध लेखन प्रतियोगिता

झरिया। गुजराती उच्च विद्यालय और मध्य विद्यालय झरिया, में छात्र छात्राओं के बीच रंगोली, पेंटिंग तथा निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने कहा कि स्वतंत्र भारत के नव निर्माण में सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अहम भूमिका निभाई। प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर इस अभियान से बच्चों को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस प्रतियोगिता में सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी राजकिशोर पासवान के साथ विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने अहम भूमिका निभाई। पेंटिंग के विजेता दसवीं कक्षा के पीयूष कुमार रहे। वहीं रंगोली में नौवीं कक्षा की मुस्कान कुमारी सिंह ने प्रथम स्थान पाया। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं की शांभवी झा ने प्रथम स्थान पाया। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा मंगलवार को पुरस्कृत किया जाएगा।

उपायुक्त ने किया मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की समीक्षा बैठक

बोकारो। बोकारो समाहरणालय सभागार में डीसी कुलदीप चौधरी ने विभिन्न योजनाओं के तहत जिला स्तरीय समिति की बैठक की। मौके पर डीडीसी कीर्ती श्री जी विधायक प्रतिनिधि चंदनकियारी विधायक प्रतिनिधि बेरमो विधायक प्रतिनिधि गोमिया समेत जिला पशुपालन पदाधिकारी डा मनोज कुमार मणि जेएसएलपीएस डीपीएम प्रकाश रंजन एपीआरओ अविनाश कुमार समेत अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मी आदि उपस्थित थे। उपायुक्त श्री चौधरी ने योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023 .24 के लिए आवेदकों के चयन प्रक्रिया एवं राज्य स्तर से प्राप्त लक्ष्य एवं प्रखंड स्तरीय समिति से आवेदकों की प्राप्त अनुशंसा सूची की विस्तृत जानकारी ली। डॉ मणि ने बताया कि विभिन्न योजनाओं के तहत जिले का कुल लक्ष्य 7424 था। जिसमें बकरा विकास योजना के तहत प्रखंड स्तर से 1936 का सुकर विकास योजना के तहत 325 का बैकयार्ड लेयर कुक्कटध्लो इनपुट लेयर कुक्कुट योजना के तहत 146 का ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना के तहत 379 का एवं बत्तख चूजा वितरण के तहत 2868 का अनुमोदन प्राप्त हुआ है। विभिन्न योजनाओं में लक्ष्य से कुल 1880 शेष है। डीपीएम प्रकाश रंजन को योजनाओं से महिला स्वयं सहायता समूह को जोड़ने की बात कही।

पेज 3 का शेष

राज्य में कृषि, पर्यटन, शिक्षा...

युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। **...आपके द्वार का तीसरा चरण शीघ्र :** सीएम ने कहा, आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण शुरू होने जा रहा है। अधिकारी आपके दरवाजे पर आयेंगे। पंचायत में शिविर लगेंगे। यहां आपकी समस्याओं का समाधान भी होगा और सरकार की योजनाओं का लाभ भी दिया जायेगा। इस मौके पर सीएम ने 3 अरब 91 करोड 41 लाख 83 हजार 896 रुपए की लागत से 11 सड़कों का उदघाटन और 1 अरब 43 करोड़ 26 लाख 5 हजार 500 रुपए की लागत से 12 सड़कों का शिलान्यास किया। **कोई बुजुर्ग, दिव्यांग बिना पेंशन के नहीं रहेगा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी गरीबों और जरूरतमंदों को सामाजिक सुरक्षा देने के लिए सरकार वचनबद्ध है। इसी कड़ी में सरकार में यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू किया है। इस योजना के तहत सभी बुजुर्गए विधवाए परित्यक्ता और दिव्यांगों को पेंशन दिया रहा है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दे दिए गए हैं कि कोई भी योग्य पात्र इस योजना से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि राज्य में कोई परिवार बेघर नहीं रहेगा। सभी बेघरों के अपने आशियाना का सपना पूरा होगा। इसके लिए अबुआ आवास योजना की शुरूआत हो रही है। इस योजना के तहत आठ लाख परिवारों को आवास उपलब्ध कराया जायेगा। **रोजगार और स्वरोजगार पर विशेष फोकस :** मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। इस कड़ी में सरकारी विभागों के खाली पदों पर बड़े पैमाने पर नियुक्तियां हो रही हैं। रोजगार मेला के जरिये हजारों युवाओं को निजी कंपनियों और संस्थानों में जॉब दिलाने का काम कर रहे हैं। जो भी व्यक्ति स्वरोजगार करना चाहता है उसे मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के माध्यम से सरकार मदद कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वे अपने बच्चे बच्चियों को अच्छे से पढ़ायें। उनका भविष्य संवारें। पढ़ाई पर होने वाले खर्च की चिंता नहीं करें। सरकार इस खर्च को वहन करेगी। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने शिक्षा के क्षेत्र में चलाई जा रही योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी से लेकर मेडिकल, इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्सेज करने के लिए सरकार आर्थिक मदद दे रही है। वहीं, विदेश में पढ़ाई के लिए शत प्रतिशत स्कॉलरशिप दे रही है। बच्चियां पढ़ाई से जुड़ी रहें, इसके लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी सावित्री योजना चलायी जा रही है। इस मौके पर सीएम ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगों को दी और उसका लाभ लेने को कहा।

स्पीड न्यूज

हमास के नौ नेताओं की संपत्ति जब्त करेगा जापान

टोक्यो। जापान ने अपने देश के समूह की फंडिंग में बाधा डालने के मामले में हमास के नौ नेताओं और वित्तीय मामलों का प्रबंधन करने वाले उसके सदस्यों की संपत्ति जब्त करने की योजना बनायी है। जापानी प्रसारक एनएचके ने सोमवार को सरकारी सूत्रों का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में बताया कि जापानी सरकार संपत्ति के अलावा गाजा पट्टी से जुड़े क्रिप्टोकोरेंसी फंड और एक्सचेंजों को भी फ्रीज करने की योजना है।

रुपया दो पैसे फिसला

मुंबई। आयातकों एवं बैंकरों की लिवाली के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया दो पैसे फिसलकर 83 .27 रुपये प्रति डॉलर रहा। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83 .25 रुपये प्रति डॉलर रहा था।

मेक्सिको में ओटिस तूफान का कहर , मृतकों की संख्या बढ़कर 48 हुई

मेक्सिको सिटी। मेक्सिको के गुएरेरो प्रांत में शक्तिशाली तूफान ओटिस की चपेट में आकर मरने वालों की संख्या बढ़कर 48 हो गई है और 36 लोग अभी भी लापता हैं। प्रांतीय गवर्नर एवलिन सालगाडो ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ओटिस तूफान बुधवार को गुएरेरो के प्रशांत तट से टकराया था, जिससे मैक्सिको के मुख्य पर्यटन स्थलों में से एक अकापुल्को के समुद्र तटीय रिसॉर्ट को गंभीर नुकसान पहुंचा है।

यहूदी विरोधी भावना के खिलाफ खड़े होने वाले भारतीय चिकित्सक सम्मानित

शिकागो (अमेरिका)। अमेरिका में एक प्रभावशाली यहूदी समूह ने भारतीय-अमेरिकी चिकित्सक डॉ. भरत बरई को भारत, अमेरिका और इजराइल के बीच संबंधों को मजबूत करने के उनके अथक प्रयासों और यहूदी विरोधी भावना के खिलाफ खड़े होने के लिए सम्मानित किया। डॉ. बरई भारत-इजराइल संबंध के बड़े समर्थक रहे हैं। उन्होंने कहा, हम आपके, अपने यहूदी भाइयों और बहनों के साथ हैं। डॉ. बरई ने कहा कि हिंदू और यहूदी समुदाय के बीच सहयोगात्मक संबंधों से दोनों को लाभ हुआ है।

इसरायल-हमास संघर्ष पर सोनिया गांधी के लेख पर भाजपा का तीखा हमला

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस पर इसरायल-हमास संघर्ष को लेकर भारत में ओछी और वोट बैंक की राजनीति करने का सोमवार को आरोप लगाया। भाजपा ने कहा है कि आतंकवाद का परोक्ष समर्थन करना मानवता और भारत के हितों के खिलाफ है। पार्टी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने इसरायल-हमास संघर्ष पर संयुक्त राष्ट्र में रखे गये हाल के प्रस्ताव पर मतदान में भारत की अनुपस्थिति को लेकर कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की सरकार की आलोचना भरे एक लेख की आलोचना की। श्रीमती गांधी ने एक अखबार में अपने लेख में कहा है कि उनकी पार्टी संयुक्त राष्ट्र में गाजा पट्टी में मानवता के लिए संघर्षविराम की मांग वाले प्रस्ताव पर वोट में भारत की गैरहाजिरी के बहुत खिलाफ हैं।

टाटा मोटर्स को सिंगुर संयंत्र में हुए नुकसान पर मिलेगा मुआवजा

नयी दिल्ली। घरेलू वाहन विनिमार्ता टाटा मोटर्स ने सोमवार को कहा कि सिंगूर संयंत्र में हुए नुकसान की भरपाई के लिए उसे 766 करोड़ रुपये का मुआवजा मिलेगा। एक मध्यस्थता न्यायाधिकरण ने सोमवार को यह मुआवजा देने का निर्देश पश्चिम बंगाल औद्योगिक विकास निगम को दिया। टाटा मोटर्स को भूमि विवाद होने से अक्टूबर, 2008 में अपने संयंत्र को पश्चिम बंगाल के सिंगूर से स्थानांतरित कर गुजरात के साणंद ले जाना पड़ा था। उस समय तक टाटा मोटर्स सिंगूर में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक निवेश कर चुकी थी। इस संयंत्र में उसकी छोटी कार नैनो का उत्पादन होना था।

स्थिर सरकार से ही देश का विकास संभव : पीएम मोदी

● विकास परियोजनाओं में भारतीय रेल, गुजरात रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन, जल संसाधन विभाग, जलापूर्ति विभाग, सड़क एवं आवास विभाग तथा शहरी विकास विभाग शामिल

एजेंसी

गांधीनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को गुजरात के मेहसाणा जिले के डाभोड़ा गांव में 5950 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि गुजरात ने अनुभव किया है कि कैसे लंबे समय तक स्थिर सरकार बने रहने से एक के बाद एक फैसले लेने में मदद मिली है, जिससे राज्य को फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि देश में तेजी से हो रहे विकास और दुनिया में तेज विकास के लिए भारत की प्रशंसा की जड़ में जनता की वह शक्ति है जिसने देश में स्थिर सरकार दी है।

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किये गये विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास में भारतीय रेल, गुजरात रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (जीआरआईडीई), जल संसाधन विभाग, जलापूर्ति विभाग, सड़क एवं आवास विभाग तथा शहरी विकास विभाग के विकास कार्य शामिल हैं।

रेलवे विभाग और जीआरआईडीई के प्रकल्प मेहसाणा और अहमदाबाद में रेलवे विभाग के दो प्रकल्प लोकार्पण के लिए तैयार थे। मेहसाणा में न्यू भांडू से न्यू साणंद तक पश्चिमी समर्पित माल ढुलाई गलियारा अनुभाग, 77 किलोमीटर की इलेक्ट्रिफाइड डबल लाइन के साथ ही 24 किमी लंबी कनेक्टिंग लाइनों का लोकार्पण किया गया।

इसके अलावा प्रधानमंत्री ने वीरमगाम से सामखियाली तक की 182 किमी लंबी रेल लाइन के दोहरीकरण कार्य का लोकार्पण किया। इसके अतिरिक्त, गुजरात रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन की ओर से मेहसाणा कटोसण-बेचराजी के बीच 29.65 किमी के रेलवे प्रोजेक्ट का भी लोकार्पण किया गया।

मेहसाणा जिले में विजापुर और माणसा तहसील के डेल्टा क्षेत्र में विभिन्न तालाबों के रिचार्ज के कार्य और साबरमती नदी पर वालासणा बैराज के निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया।

बनासकांठा में जलापूर्ति विभाग की तीन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया, जबकि मेहसाणा में एक परियोजना का शिलान्यास किया गया।

धरोई बांध आधारित 80 एमएलडी क्षमता के जल शुद्धिकरण संयंत्र का लोकार्पण तथा मेहसाणा में धरोई ऑग्मेंटेशन पार्ट-2 के कार्य का शिलान्यास किया गया।

इजराइल ने सीरिया के सैन्य ठिकानों पर की बमबारी

एजेंसी

तेल अवीव/ दमास्कस/ मॉस्को। फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के इस महीने की सात तारीख को इजराइल पर किए गए बर्बर आक्रमण के बाद उठ रही युद्ध की लपटों में गाजा पट्टी समेत कई देश झुलस रहे हैं। रविवार को गोलान हाइट्स की ओर किए गये रॉकेट हमले के जवाब में इजराइली वायुसेना ने दक्षिणी सीरिया के सैन्य ठिकानों पर रातभर ताबड़तोड़ हमला किया है। साथ ही उत्तरी गाजा में इजराइल की थल और नभ सेना का कहर जारी है। उत्तरी गाजा में आज (सोमवार) तड़के कई स्थानों पर मिसाइल और रॉकेट दागे गए। इस बीच रूस ने अपने एक हवाई अड्डे को छह नवंबर तक के लिए बंद कर दिया है।

कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया है कि सीरिया की राजधानी दमास्कस में इजराइल के ताजा हमलों से निपटने की रणनीति तय की जा रही है। इसके अलावा इजराइल ने गाजा पट्टी पर जमीनी हमला न करने की वैश्विक अपील को ठुकरा दिया है। इजराइल की सेना लगातार गाजा पट्टी पर मौजूद हमास के आतंकी ठिकानों को जमींदोज कर रही है। हमास नियंत्रित गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया है कि सात अक्टूबर से आज तक गाजा में मरने वालों की संख्या 8,000 से अधिक हो गई है। इसमें 3,342 बच्चे शामिल हैं।

रूस ने दागेस्तान एयरपोर्ट बंद किया: एक रिपोर्ट्स में कहा गया है कि रविवार को रूस के काकेशस गणराज्य के दागेस्तान में इजराइल के नागरिकों और यहूदियों की तलाश कर रही भीड़ ने मुख्य एयरपोर्ट पर कब्जा कर लिया। भीड़ को आशंका थी कि इजराइल से एक उड़ान आ रही है। इस घटना के बाद रूस की विमानन एजेंसी ने कहा है कि भीड़ के हमले के बाद दागेस्तान का मुख्य हवाई अड्डा 6 नवंबर तक बंद रहेगा। इजराइल डिफेंस फोर्सेज ने कहा कि सीरिया से दागे गए रॉकेट और मिसाइल खुले इलाकों में गिरे हैं। इससे कोई नुकसान नहीं हुआ है।

सिसोदिया की जमानत खारिज होने का फैसला सुनवाई के बिल्कुल विपरीत : आतिशी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत खारिज होने का फैसला उच्चतम न्यायालय में हुई सुनवाई के बिलकुल विपरीत है।

सुश्री आतिशी ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि शीर्ष अदालत में जब मनीष सिसोदिया की जमानत का केस सुना जा रहा था, तब अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पर काफी तीखे सवाल और टिप्पणियाँ की। शीर्ष अदालत ने ईडी से बार-बार यह सवाल पूछा कि, आपके पास मनीष सिसोदिया से जुड़ी हुई मनी ट्रेल कहा है?

आप नेता के अनुसार शीर्ष अदालत ने बार-बार यह कहा कि, अगर ईडी मनीष सिसोदिया के पास पैसे पहुँचते हुए नहीं दिखा सकती तो मनी लौंड्रिंग और पीएमएलए लगने का सवाल कैसे पैदा होता है। शीर्ष अदालत ने सवाल भी पूछा कि ईडी का पूरा केस सिर्फ. और सिर्फ. दिनेश अरोड़ा के बयान के आधार पर है।

सुश्री आतिशी ने कहा कि तीखी टिप्पणियों के बावजूद कोर्ट ने आज विपरीत ऑर्डर दिया है और मनीष सिसोदिया को बेल नहीं दी। हम इस बाबत कोर्ट द्वारा जारी ऑर्डर का अध्ययन करेंगे, उसमे उठाए गए सारे कानूनी मुद्दे को गहराई से देखेंगे और उसके बाद हमारे पास जो भी कानूनी विकल्प होंगे उनके आधार पर अगला कदम उठायेंगे।

हिंद महासागर में चुनौतियों के समाधान के लिए सहयोग ढांचा जरूरी: राजनाथ

● कार्बन उत्सर्जन को कम करने और टिकाऊ तरीकों में बदलाव के लिए देशों को मिलकर काम करने पर जोर

एजेंसी



नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जलवायु परिवर्तन, समुद्री डकैती, आतंकवाद, मादक पदार्थ तस्करी, अत्यधिक मछली पकड़ने और खुले समुद्र में वाणिज्य की स्वतंत्रता जैसी आम समुद्री चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए हिन्द महासागर क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग ढांचे की स्थापना का आह्वान किया है। रक्षा मंत्री जनाथ सिंह ने सोमवार को गोवा समुद्री सम्मेलन के चौथे संस्करण में इस बात पर जोर दिया कि क्षेत्र को असुरक्षित बनाने वाले स्वार्थी हितों से बचते हुए सामान्य समुद्री प्राथमिकताओं को पूरा करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, स्वतंत्र, खुली और नियम-आधारित समुद्री व्यवस्था हम सभी के लिए प्राथमिकता है। ऐसी समुद्री व्यवस्था में 'शायद सही है' का कोई स्थान नहीं है। अंतर्राष्ट्रीय कानूनों और समझौतों का पालन हमारा आदर्श होना चाहिए।

जलवायु परिवर्तन पर रक्षा मंत्री ने कहा कि परस्पर सहयोग पर आधारित ढांचे में कार्बन उत्सर्जन को कम करने और टिकाऊ तरीकों में बदलाव के लिए देशों को मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि सभी देश हरित अर्थव्यवस्था में निवेश करके उत्सर्जन में कटौती करने की जिम्मेदारी स्वीकार करें और जरूरतमंद देशों के साथ प्रौद्योगिकी और पूंजी साझा करे तो दुनिया इस समस्या से उबर सकती है। सहयोग पर आधारित ढाँचों को स्थापित करने के बारे में रक्षा मंत्री ने देशों के बीच सहयोग और संसाधनों तथा विशेषज्ञता को साझा करने का आह्वान किया।

विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने क्षेत्र में शांति और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए हिन्द महासागरीय देशों के बीच सहयोग की वकालत की।

हिन्द महासागर के महत्व को रेखांकित करते हुए, उन्होंने देश के समुद्री हितों की रक्षा करने और संकट के समय क्षेत्र में सबसे पहले कदम उठाने के लिए भारतीय नौसेना की सराहना की।

रविवार को शुरू हुए तीन दिवसीय सम्मेलन में कोमोरोस के रक्षा प्रभारी प्रतिनिधि मोहम्मद अली यूसुफा और बांग्लादेश , इंडोनेशिया, मेडागास्कर, मलेशिया, मालदीव, मॉरीशस, म्यांमार, सेशेल्स, सिंगापुर, श्रीलंका और थाईलैंड की नौसेनाओं के प्रमुख अथवा वरिष्ठ अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं।

एक नजर में

पाकिस्तान के प्रख्यात धार्मिक विद्वान मौलाना तारिक जमील के बेटे ने आत्महत्या की

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रसिद्ध धार्मिक विद्वान मौलाना तारिक जमील के बेटे आसिम जमील ने पंजाब प्रांत के अपने पैतृक शहर तलंबा में अपने घर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को घटना की प्रारंभिक जांच के बाद यह दावा किया। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। मुल्तान के क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी सोहेल चौधरी के अनुसार, आसिम जमील अपने सीने में पिस्तौल से गोली दागी। वह मानसिक अवसाद में था। घर के सभी सीसीटीवी फुटेज को फॉरेंसिक विश्लेषण के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि उसने अपनी पसंद की लड़की से शादी की लेकिन बाद में उनका तलाक हो गया। मौलाना तारिक जमीन ने अपने बेटे की मृत्यु की पुष्टि की है।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सुनक ने इजराइल-गाजा संघर्ष के बीच घरेलू सुरक्षा बैठक बुलायी

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक इजराइल-गाजा संघर्ष के बीच और देश की सड़कों पर व्यापक प्रदर्शनों की पृष्ठभूमि में ब्रिटेन के लिए घरेलू सुरक्षा मुद्दों का विश्लेषण करने के लिए सोमवार को लंदन में 10 डाउनिंग स्ट्रीट में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। कैबिनेट ऑफिस ब्रीफिंग रूम्स ए (कोबरा) बैठक ऐसे समय में हो रही है जब एक और सप्ताहांत में हजारों लोगों ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के खिलाफ प्रदर्शन किए। प्रदर्शन के दौरान नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया और पांच पर सार्वजनिक व्यवस्था संबंधी अपराधों के आरोप लगाए गए हैं।

कतर में मौत की सजा पाने वाले आठ भारतीयों के परिजनों से मिले जयशंकर

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को भारतीय नौसेना के उन आठ पूर्व कर्मचारियों के परिवारों से मुलाकात की, जिन्हें कतर की एक अदालत ने मौत की सजा सुनाई है। इस मौके पर उन्होंने भरोसा दिया कि सरकार उनकी रिहाई सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

कांग्रेस की केन्द्रीय चुनाव समिति की राजस्थान पर महत्वपूर्ण बैठक

नयी दिल्ली। राजस्थान में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की केन्द्रीय चुनाव समिति की सोमवार को महत्वपूर्ण बैठक हो रही है। कांग्रेस मुख्यालय में हो रही बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, अंबिका सोनी और अन्य वरिष्ठ नेता हिस्सा ले रहे हैं। कांग्रेस के अनुसार बैठक में राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों को लेकर विचार विमर्श किया जायेगा। पार्टी अब तक विधानसभा चुनाव के लिए 95 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है।

नीता अंबानी को ग्लोबल लीडरशिप अवॉर्ड

नयी दिल्ली। रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर एवं चेयरपर्सन नीता अंबानी को ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यूएस इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) द्वारा दिल्ली में आयोजित एक समारोह में फोरम के अध्यक्ष जॉन चैंबर्स ने नीता अंबानी को अवार्ड दिया। कार्यक्रम में भारत सरकार के शीर्ष अधिकारी और बिजनेस लीडर्स शामिल थे। श्रीमती अंबानी ने कहा, मैं पुरस्कार पाकर बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं। मैं रिलायंस फाउंडेशन का प्रतिनिधित्व करती हूं, जिसके जरिए हमने 7 करोड़ 10 लाख से अधिक लोगों के जीवन को छुआ है। कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के मानक बनने से बहुत पहले, रिलायंस ह्यकॉर्पोरेट मोरल रिस्पॉन्सिबिलिटी को पूरा करती आ रही है।

यूएस इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम ने वक्तव्य जारी कर बताया कि नीता अंबानी सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने वाली एक बिजनेस लीडर हैं, जिनके नेतृत्व में रिलायंस फाउंडेशन ने शिक्षा, कला, खेल और स्वास्थ्य सेवा के माध्यम से लाखों भारतीयों के जीवन को प्रभावित किया है।

शिवसेना विधायकों पर अयोग्यता याचिकाओं का 31 दिसंबर तक फैसला

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर से कहा कि वह अपने समक्ष लंबित मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित शिवसेना विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता संबंधी याचिकाओं पर 31 दिसंबर 2023 से पहले अंतिम आदेश पारित करें।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने विधानसभा अध्यक्ष को और समय देने से इनकार करते हुए कहा कि दसवीं अनुसूची (दल-बदल विरोधी कानून) के तहत कार्यवाही में देरी के लिए प्रक्रियात्मक उलझनों की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

पीठ ने उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और आठ अन्य सहित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से संबंधित लंबित अयोग्यता याचिकाओं पर भी निर्णय लेने के लिए 31 जनवरी 2024 की समय सीमा तय की।

शीर्ष अदालत ने कहा कि वह उद्धव ठाकरे की शिवसेना और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) द्वारा अलग अलग दायर याचिकाओं पर अगली सुनवाई जनवरी के पहले सप्ताह में करेगी।

पीठ ने 17 अक्टूबर की सुनवाई के दौरान विधानसभा अध्यक्ष से शिवसेना के कुछ विधायकों की अयोग्यता संबंधित याचिकाओं पर निर्णय लेने के लिए एक यथार्थवादी समय-सारणी तय करने को कहा था।

शेयर बाजार में दूसरे दिन भी रही तेजी

मुंबई। दुनिया के प्रमुख केंद्रीय बैंकों की इस सप्ताह होने वाली बैठक में ब्याज दर को लेकर होने वाले निर्णय से पहले निवेशकों की मजबूत धारणा की बदौलत विश्व बाजार के चढ़ने से स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, दूरसंचार, तेल एवं गैस और रियल्टी समेत पंद्रह समूहों में हुई लिवाली से आज शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन तेजी पर रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 329.85 अंक अर्थात 0.52 प्रतिशत की छलांग लगाकर 64112.65 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 93.65 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की तेजी के साथ 19140.90 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.13 प्रतिशत बढ़कर 31,153.57 अंक और स्मॉलकैप 0.06 प्रतिशत उठकर 36,911.46 अंक पर रहा।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 103 अंक की तेजी के साथ 63,885.56 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 63,431.45 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, इसके बाद शुरू हुई लिवाली की बदौलत यह लगातार बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 64,184.58 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 63,782.80 अंक के मुकाबले 0.52 प्रतिशत उछलकर 64,112.65 अंक पर रहा।

निफ्टी छह अंक बढ़कर 19,053.40 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 18,940.00 अंक के निचले जबकि 19,158.50 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,047.25 अंक की तुलना में 0.49 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,140.90 अंक पर पहुंच गया।

सिंघम अगेन से रणवीर सिंह का फर्स्ट लुक रिलीज

एजेंसी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन से उनका फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है।

रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही थी। इस फिल्म के दूसरे पार्ट सिंघम-2 को भी दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। अब इस फिल्म का तीसरा भाग सिंघम अगेन जल्द ही दर्शकों के सामने आएगा। इसी बीच, इस फिल्म से रणवीर सिंह का फर्स्ट लुक दर्शकों के सामने आ गया है। रणवीर का लुक देखने के बाद फैंस फिल्म को लेकर और भी उत्सुक हो गए हैं।

अजय देवगन ने रणवीर का ये लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया है। सिंघम अगेन में रणवीर संग्राम भालेराव (सिम्बा) का किरदार निभाएंगे। कुछ दिनों पहले सिंघम अगेन से दीपिका और टाइगर श्रॉफ का लुक जारी किया गया था। फिल्म में दोनों एक पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाएंगे। दीपिका और टाइगर का राउडी लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

सिंघम अगेन में अजय देवगन के साथ अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण और टाइगर श्रॉफ हैं। इस फिल्म की शूटिंग कुछ दिनों पहले ही शुरू हुई थी। इस शूटिंग की तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी वायरल हुईं। इससे पहले भी रोहित शेट्टी ने सिंघम अगेन के सेट से कुछ तस्वीरें शेयर की थीं। 15 अगस्त को सिंघम एक बार फिर सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

Rinku
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
DEALS IN
YAMAHA AHUJA BOSS BasiX ZOOM CASIO PAiSTe Fender Gibson ESP DigiTech KORG M-AUDIO Ibanez SoundX Zildjian Roland Studiomaster Hertz Epiphone GRANADA Cort Givson stranger TAMA
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandir, Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Ph.: 72509-33033 | M.: 98351-64815

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

Class - X		Class - IX	
Hindi	₹ 140	Hindi	₹ 140
English	₹ 140	English	₹ 140
Mathematics	₹ 140	Mathematics	₹ 140
Science	₹ 140	Science	₹ 140
Social Science	₹ 140	Social Science	₹ 140
Sanskrit	₹ 120	Sanskrit	₹ 120
Hindi – B	₹ 140	Hindi – B	₹ 80
Hindi Vyakaran– II	₹ 120	Hindi Vyakaran– II	₹ 120
English Grammar– II	₹ 120	English Grammar– II	₹ 120
Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
Hindi Practical	₹ 55	Hindi Practical	₹ 55
English Practical	₹ 55	English Practical	₹ 55
Maths. Practical	₹ 65	Maths. Practical	₹ 55
Science Practical	₹ 65	Science Practical	₹ 70
S. Science Practical	₹ 65	S. Science Practical	₹ 65
Sanskrit Practical	₹ 55	Sanskrit Practical	₹ 55
Maths. Practical (Combined)	₹ 90	Maths. Practical (Combined)	₹ 75
Science Practical (Combined)	₹ 90	Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
Mathematics	₹ 200	Mathematics	₹ 130
Science	₹ 200	Science	₹ 200
Social Science	₹ 200	Social Science	₹ 130
Maths. Practical	₹ 80	Maths. Practical	₹ 80
Science Practical	₹ 80	Science Practical	₹ 80
S. Science Practical	₹ 80	S. Science Practical	₹ 80

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

देश को एकजुट करने वाले लौह पुरुष पटेल

भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन को वैचारिक और क्रियात्मक रूप में एक नयी दिशा देने के कारण सरदार पटेल (31 अक्टूबर 1875, मृत्यु- 15 दिसंबर 1950) ने राजनीतिक इतिहास में एक गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया। वास्तव में वे आधुनिक भारत के शिल्पी थे। उनके कठोर व्यक्तित्व में विस्मार्क जैसी संगठन कुशलता, कौटिल्य जैसी राजनीति सत्ता तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति अब्राहम लिंकन जैसी अटूट निष्ठा थी। जिस अदम्य उत्साह असीम शक्ति से उन्होंने नवजात गणराज्य की प्रारंभिक कठिनाइयों का समाधान किया, उसके कारण विश्व के राजनीतिक मानचित्र में उन्होंने अमिट स्थान बना लिया। पटेल को 'सरदार' नाम गुजरात के बारदोली तालुका के लोगों ने दिया था। इस तरह वह सरदार वल्लभ भाई पटेल कहलाने लगे। पंद्रह अगस्त 1947 को भारत जब आजाद हुआ तो पटेल के ऊपर 565 अर्ध स्वायत्त रियासतों और ब्रिटिश युग के उपनिवेशीय प्रांतों को भारत में मिलाने की जिम्मेदारी आ गयी। नीतिगत दृढ़ता के लिए 'राष्ट्रपिता' ने उन्हें सरदार और 'लौह पुरुष' की उपाधि दी। 1991 में मरणोपरांत इन्हें भारत रत्न मिला।

जन्म दिन 31 अक्टूबर पर विशेष

विचार और चिंतन

देश रत्न पटेल ने कहा था......

मेरी एक ही इच्छा है कि भारत एक अच्छा उत्पादक हो और इस देश में कोई भूखा ना हो ,अन्न के लिए आंसू बहाता हुआ।

शक्ति के अभाव में विश्वास किसी काम का नहीं है। विश्वास और शक्ति , दोनों किसी महान काम को करने के लिए अनिवार्य हैं।

एकता के बिना जनशक्ति शक्ति नहीं है जबतक उसे ठीक तरह से सामंजस्य में ना लाया जाए और एकजुट ना किया जाए, और तब यह आध्यात्मिक शक्ति बन जाती है।

यहां तक कि यदि हम हजारों की दौलत भी गवां दें,और हमारा जीवन बलिदान हो जाए , हमें मुस्कुराते रहना चाहिए और ईश्वर एवं सत्य में विश्वास रखकर प्रसन्न रहना चाहिए।

बेशक कर्म पूजा है किन्तु हास्य जीवन है। जो कोई भी अपना जीवन बहुत गंभीरता से लेता है उसे एक तुच्छ जीवन के लिए तैयार रहना चाहिए। जो कोई भी सुख और दुख: का समान रूप से स्वागत करता है वास्तव में वही सबसे अच्छी तरह से जीता है।

अक्सर मैं ऐसे बच्चे जो मुझे अपना साथ दे सकते हैं, के साथ हंसी-मजाक करता हूँ। जब तक एक इंसान अपने अन्दर के बच्चे को बचाए रख सकता है तभी तक जीवन उस अंधकारमयी छाया से दूर रह सकता है जो इंसान के माथे पर चिंता की रेखाएं छोड़ जाती है।

यह हर एक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह यह अनुभव करे की उसका देश स्वतंत्र है और उसकी स्वतंत्रता की रक्षा करना उसका कर्तव्य है। हर एक भारतीय को अब यह भूल जाना चाहिए कि वह एक राजपूत है, एक सिख या जाट है। उसे यह याद होना चाहिए कि वह एक भारतीय है और उसे इस देश में हर अधिकार है पर कुछ जिम्मेदारियां भी हैं।

एकीकरण में पटेल की भूमिका

5 जुलाई 1947 को सरदार पटेल ने रियासतों के प्रति नीति को स्पष्ट करते हुए कहा कि 'रियासतों को तीन विषयों - सुरक्षा, विदेश तथा संचार व्यवस्था के आधार पर भारतीय संघ में शामिल किया जायेगा।' धीरे धीरे बहुत सी देशी रियासतों के शासक भोपाल के नवाब से अलग हो गये और इस तरह नवस्थापित रियासती विभाग की योजना को सफलता मिली। पटेल ने भारतीय संघ में उन रियासतों का विलय किया था जो स्वयं में संप्रभुता प्राप्त थीं। उनका अलग झंडा और अलग शासक था। सरदार पटेल ने आजादी के ठीक पूर्व पी.वी. मेनन के साथ मिलकर कई देशी राज्यों को भारत में मिलाने के लिए कार्य आरंभ कर दिया था। पटेल और मेनन ने देशी राजाओं को बहुत समझाया कि उन्हें स्वायत्तता देना संभव नहीं होगा। इसके परिणामस्वरूप तीन को छोड़कर शेष सभी राजवाड़ों ने स्वेच्छा से भारत में विलय का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। 15 अगस्त 1947 तक हैदराबाद, कश्मीर और जूनागढ़ को छोड़कर शेष भारतीय रियासतें 'भारत संघ' में सम्मिलित हो गयीं। जूनागढ़ के नवाब के विरुद्ध जब बहुत विरोध हुआ तो वह भागकर पाकिस्तान चले गये और जूनागढ़ भी भारत में मिल गया। जब हैदराबाद के निजाम ने भारत में विलय का प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया तो सरदार पटेल ने वहां सेना भेजकर निजाम का आत्मसमर्पण करा लिया। 'ऑपरेशन पोलो' नाम का यह सैन्य अभियान पूरी तरह सफल रहा और इस तरह हैदराबाद भारत का हिस्सा बन गया। जूनागढ़ के लिए सरदार पटेल एक सच्चे देशभक्त थे। जिनका सपना एक चमकते और खुशहाल भारत का था जिसका विश्व में डंका बजे।

भारतीय निगम आयुक्त के रूप में सरदार पटेल की भूमिका

1917 से 1924 तक पटेल ने अहमदनगर के पहले भारतीय निगम आयुक्त के रूप में सेवा प्रदान की और 1924 से 1928 तक वह इसके निर्वाचित नगरपालिका अध्यक्ष रहे। 1918 में पटेल ने अपनी पहली छाप छोड़ी, जब भारी वर्षा से फसल तबाह होने के बावजूद बम्बई सरकार द्वारा पूरा सालाना लगान वसूलने के फैसले के विरुद्ध उन्होंने गुजरात के कैरा जिले में किसानों और काश्तकारों के जनांदोलन की रूपरेखा बनायी।

जंमीदारों के खिलाफ बारदोली आंदोलन

1928 में पटेल ने बढ़े हुए करों के खिलाफ बारदोली के भूमिपतियों के संघर्ष का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया। बारदोली आंदोलन के कुशल नेतृत्व के कारण उन्हें सरदार की उपाधि मिली और उसके बाद देश भर में राष्ट्रवादी नेता के रूप में उनकी पहचान बन गयी। उन्हें व्यावहारिक, निर्णायक और यहां तक कि कठोर भी माना जाता था तथा अंग्रेज उन्हें एक खतरनाक शत्रु मानते थे।

बारदोली आंदोलन की व्यापक तैयारी की

यह जरूरी समझा गया है कि कांग्रेस के प्रस्तावों के पालन हेतु कोई भी प्रत्यक्ष काररवाई, चाहे वह करों का न भुगतान करना, शराब की दुकानों पर धरना देना या अन्य प्रकार से कोई कार्य और युवा संघों का कोई सक्रिय आंदोलन आदि हो, तो उसका तुरंत मुकाबला किया जाए और उसे रोका जाए। चाहे वह २६ जनवरी के पहले हो या उसके बाद। ऐसे कृत्यों के संबंध में साधारण क्रिमिनल लॉ के अंतर्गत मुकदमा चलाए जाने पर यह सरकार पर्याप्त भरोसा नहीं करती; क्योंकि यह बहुत कम ही संभव या सफल हो पाता है और लगभग हमेशा ही यह अनैतिकता को प्रश्रय देनेवाला होता है तथा ऐसे आंदोलनों के लिए शक्ति जुटाने अथवा लोगों को खुलेआम जनता के बीच क्रांतिकारी प्रचार करने की छूट दिए जाने से हुई प्रतिष्ठा की क्षति को पुनः प्राप्त करने में इस कानून के कारण काफी विलंब होता है। एक सविनय अवज्ञा आंदोलन या टैक्स न देने संबंधी अभियान गुजरात के किसी भी भाग में प्रारंभ किया जा सकता है, जहां कांग्रेस के कार्यकर्ता वर्षों से आधार तैयार करने में लगे हुए हैं और अब कारवाई करने के लिए तैयार हैं। इस प्रकार के अभियान के वर्तमान संकेत 'माटार' में मिलते हैं और वल्लभभाई पटेल कुछ शिकायतों को प्रारक्षित रखने में सदैव ही सतर्क रहे हैं, ताकि एक नया सत्याग्रह अभियान, जब भी राजनीतिक रूप से सुविधाजनक हो, बारदोली में शुरू किया जा सके। इसलिए बंबई की सरकार यह जरूरी समझती है कि काररवाई की एक योजना तैयार कर ली जाए, ताकि ज्यों ही ऐसी कोई स्थिति कहीं भी उत्पन्न होती है तो तत्काल काररवाई की जा सके।

नेहरूजी, गांधीजी और सरदार पटेल

सरदार पटेल स्वतंत्रता संग्राम में कई बार जेल के गये। हालांकि जिस चीज के लिए इतिहासकार हमेशा सरदार वल्लभ भाई पटेल के बारे में जानने के लिए इच्छुक रहते हैं, वह थी उनकी और जवाहरलाल नेहरू की प्रतिस्पर्द्धा। 1929 के लाहौर अधिवेशन में सरदार पटेल ही गांधी जी के बाद दूसरे सबसे प्रबल दावेदार थे, लेकिन मुस्लिमों के प्रति सरदार पटेल की हठधर्मिता की वजह से गांधीजी ने उनसे उनका नाम वापस दिलवा दिया। 1945-1946 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए भी पटेल एक प्रमुख उम्मीदवार थे, लेकिन इस बार भी गांधीजी के नेहरू प्रेम ने उन्हें अध्यक्ष नहीं बनने दिया। कई इतिहासकार यहां तक मानते हैं कि यदि सरदार पटेल को प्रधानमंत्री बनने दिया गया होता तो चीन और पाकिस्तान के युद्ध में भारत को पूर्ण विजय मिलती, लेकिन गांधीजी के जगजाहिर नेहरू प्रेम ने उन्हें प्रधानमंत्री बनने से रोक दिया

गांधीजी के प्रति श्रद्धा: महात्मा गांधी के प्रति सरदार पटेल की अटूट श्रद्धा थी। गांधीजी की हत्या से कुछ क्षण पहले निजी रूप से उनसे बात करने वाले पटेल अंतिम व्यक्ति थे। उन्होंने सुरक्षा में चूक को गृह मंत्री होने के नाते अपनी गलती माना। उनकी हत्या के सदमे से वे उबर नहीं पाये। गांधीजी की मृत्यु के दो महीने के भीतर ही पटेल को दिल का दौरा पड़ा था।

सरदार पटेल का योगदान

● देशी राज्यों के एकीकरण की समस्या को पटेल ने बिना खून-खराबे के बड़ी खूबी से हल किया, देशी राज्यों में राजकोट, जूनागढ़, वहालपुर, बड़ौदा, कश्मीर, हैदराबाद को भारतीय महासंघ में सम्मिलित करना में सरदार को कई कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। जब चीन के प्रधानमंत्री चाऊ एन लाई ने नेहरू को पत्र लिखा कि वे तिब्बत को चीन का अंग मान लें तो पटेल ने नेहरू से आग्रह किया कि वे तिब्बत पर चीन का प्रभुत्व कतई न स्वीकारें अन्यथा चीन भारत के लिए खतरनाक सिद्ध होगा। नेहरू नहीं माने बस इसी भूल के कारण भारत को चीन से पिटना पड़ा और चीन ने हमारी सीमा की 40 हजार वर्ग गज भूमि पर कब्जा कर लिया।

● सरदार पटेल के ऐतिहासिक कार्यों में सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण, गांधी स्मारक निधि की स्थापना, कमला नेहरू अस्पताल की रूपरेखा आदि कार्य सदैव स्मरण किये जाते रहेंगे। उनके मन में गोआ को भी भारत में विलय करने की इच्छा कितनी बलवती थी, इसका उदाहरण ही काफी है। जब एक बार वे भारतीय युद्धपोत द्वारा बंबई से बाहर यात्रा पर था तो गोआ के निकट पहुंचने पर उन्होंने कमांडिंग अफसरों से पूछा इस युद्धपोत पर तुम्हारे कितने सैनिक हैं जब कप्तान ने उनकी संख्या बतायी, तो पटेल ने फिर पूछा क्या वह गोआ पर अधिकार करने के लिए पर्याप्त है। सकारात्मक उत्तर मिलने पर पटेल बोले- अच्छा चलो जब तक हम यहां हैं गोआ पर अधिकार कर लो। किंकर्तव्यविमूढ़ कप्तान ने उनसे लिखित आदेश देने की विनती की तब तक पटेल चौंके फिर कुछ सोचकर बोले-ठीक है चलो हमें वापस लौटना होगा।

● लक्षद्वीप समूह को भारत के साथ मिलाने में भी पटेल की महत्त्वपूर्ण भूमिका थी। इस क्षेत्र के लोग देश की मुख्यधारा से कटे हुए थे और उन्हें भारत की आजादी की जानकारी 15 अगस्त 1947 के बाद मिली। हालांकि यह क्षेत्र पाकिस्तान के नजदीक नहीं था लेकिन पटेल को लगता था कि इस पर पाकिस्तान दावा कर सकता है। इसलिए ऐसी किसी भी स्थिति को टालने के लिए पटेल ने लक्षद्वीप में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए भारतीय नौसेना का एक जहाज भेजा। इसके कुछ घंटे बाद ही पाकिस्तानी नौसेना के जहाज लक्षद्वीप के पास मंडराते देखे गए लेकिन वहां भारत का झंडा लहराते देख वे वापस कराची चले गये।

...और पटेल समझ गये कच्ची- पक्की रसोई में फर्क

सरदार पटेल एक बार संत विनोवा जी के आश्रम गये, जहां उन्हें भोजन ग्रहण करना था। वहां की रसोई में उत्तर भारत के किसी गांव से आया कोई साधक भोजन व्यवस्था से जुड़ा था। पटेल को आश्रम का विशिष्ठ अतिथि जानकर उनके सम्मान में साधक ने सरदार जी से पूछा लिये कि आप के लिये रसोई पक्की अथवा कच्ची। सरदार पटेल इसका अर्थ न समझ सके तो साधक से इसका अभिप्राय पूछा तो साधक ने अपने आशय को कुछ और स्पष्ठ करते हुए कहा कि वे कच्चा खाना खायेगे अथवा पक्का यह सुनकर सरदार जी ने तपाक से उत्तर दिया कि कच्चा क्यों खायेंगे पक्का ही खायेंगे। खाना बनने के बाद जब पटेल जी की थाली में पूरी कचौरी जैसी चीजें आयीं तो सरदार पटेल ने सादी रोटी और दाल मांगी तो वह साधक उनके सामने आकर खड़ा हो गया और उन्हें बताया गया कि उन्हीं के निर्देशन पर ही तो पक्की रसोई बनायी गयी थी। इस घटना के बाद पटेल उत्तर भारत की कच्ची और पक्की

उत्तर भारत में आज भी किसी आगंतुक के आने पर अतिथि के सम्मान में पूरी कचौरी आदि विशेष भोजन बनाया जाता है। इसे आम बोलचाल में पक्की रसोई कहा जाता

विभाजन के बाद अल्पसंख्यकों को लेकर सरदार पटेल ने कहा था कि :-

'अब देश का विभाजन पूरा हो चुका है और आप कहते है कि हमें इसे पुनः लाना चाहिए और दूसरा विभाजन करना चाहिए। इस प्यार के तरीके को मैं समझ नहीं पाता हूं। यदि वह तरीका जो अपनाया गया और जिसके परिणामस्वरूप देश का विभाजन हुआ, अगर इसे दुहराना है तो मैं कहता हूं कि जो उस तरह की चीजे चाहते हैं उनके लिए पाकिस्तान में जगह है, यहां नहीं। यहां हम एक राष्ट्र का निर्माण कर रहे हैं, हम एक राष्ट्र की नींव रख रहे हैं और जो पुनः विभाजन चुनने वाले हैं तथा बिखराव के बीज बोना चाहते हैं उनके लिए कोई जगह नहीं होगी, न ही कोई कोना है। मैं बिलकुल पूरी तरह से स्पष्ट कर देना चाहता हूं। जब मैं बीते दिन की बात भूल जाने को कहता हूं तो मैं यह बात मन से कहता हूं। आपके प्रति कोई अन्याय नहीं होगा। आपके प्रति उदारता रहेगी किन्तु प्रत्युत्तर निश्चित रूप से होनी चाहिए। अगर यह नहीं रहा तो आप मेरी ओर से यह ले लीजिए कि कोमलतम शब्द भी आपको शब्दों के पीछे क्या उसे छिपा नहीं पायेगा। इसलिए मैं एक बार फिर बडी सादगी से और मजबूती से आपसे निवेदन करता हूं कि हम भूल जाए और एक राष्ट्र बन जाएं।'

सार्वभौमिक रूप

1917 में मोहनदास करमचंद गांधी से प्रभावित होने के बाद पटेल ने पाया कि उनके जीवन की दिशा बदल गयी है। पटेल गांधी के सत्याग्रह (अंहिसा की नीति) के साथ तब तक जुड़े रहे, जब तक वह अंग्रेजों के खिलाफ भारतीयों के संघर्ष में कारगर रहा। लेकिन उन्होंने कभी भी खुद को गांधी के नैतिक विश्वासों व आदर्शों के साथ नहीं जोड़ा। उनका मानना था कि उन्हें सार्वभौमिक रूप से लागू करने का गांधी का आग्रह, भारत के तत्कालीन राजनीतिक, आर्थिक व सामाजिक परिप्रेक्ष्य में अप्रासंगिक है। फिर भी गांधीजी के समर्थन का संकल्प करने के बाद पटेल ने अपनी शैली और वेशभूषा में परिवर्तन कर लिया। उन्होंने गुजरात क्लब छोड़ दिया, भारतीय किसानों के समान सफेद वस्त्र पहनने लगे और उन्होंने भारतीय खान-पान को अपना लिया।

सोमनाथ मंदिर बनवाया

सोमनाथ स्थित मंदिर को लेकर हिंदू- मुस्लिम समुदाय में लगातार विवाद चल रहा था। वहां एक निमार्ण को मुस्लिम अपना बता रहे थे। पटेल ने दोनों सुमदाय को एक राय करके वहां एक विशाल शिव मंदिर का निमार्ण करा दिया जो शिव के देश में स्थित12 शिवलिंगों में एक माना जाता है। आज के राम मंदिर निमार्ण को लेकर देश के बड़ा वर्ग यह मानता है कि अगर पटेल जिंदा होते तो अयोध्या, काशी, मथुरा के मंदिरों को विवाद चुटकी में हल होता और देश में वैमनस्य का नामोनिशान नहीं रहता।

आज पटेल की विश्व में सबसे उंची मूर्ति बनाकर हम उनके एक राष्ट्र के निर्माण क प्रयासों को सम्मानित कर रहे हैं। पटेल आज देश की एकता के सर्वमान्य नेता के तौर पर स्थापित करने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है।

...जब मतभेद भुलाने को पटेल-नेहरू ने एक दूजे को लिखा पत्र

नेहरू ने अपने और सरदार पटेल के बीच बढ़ते मतभेदों को दूर करने के लिए गांधीजी के साथ एक बैठक करने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन गांधीजी के उपवास के कारण उसे टालना पड़ा। गांधीजी की हत्या से एक घंटे पूर्व सरदार पटेल ने उनसे मिलकर लंबी बातचीत की थी। गांधीजी ने इस संबंध में माउंटबेटन से भी विचार विमर्श किया था। माउंटबेटन ने दृढ़ता पूर्वक अपनी राय प्रकट की थी कि मौजूदा परिस्थितियों में नेहरू या पटेल में से किसी का भी मंत्रिमंडल से बाहर होना देश के हित में नहीं होगा। महात्मा गांधी दोनों- पटेल और नेहरू के लिए शक्ति का स्रोत थे। उनकी हत्या के बाद स्थितियां पूरी तरह बदल गईं। 3 फरवरी 1948 को नेहरू ने सरदार पटेल को एक अत्यंत भावपूर्ण पत्र

लिखा, जिसमें उन्होंने सरदार पटेल से आपसी मतभेदों को भुलाकर साथ-साथ कार्य करने का आग्रह किया था, पत्र में उन्होंने लिखा था-

'बापू के निधन के बाद अब सबकुछ बदल गया है और अब हमें पहले से भी कठिन स्थितियों का सामना करना है। पुराने विवादों और मतभेदों का अब कोई महत्त्व नहीं रहा और मुझे लगता है कि हमें एक साथ मिलकर कार्य करना चाहिए, यही समय की मांग है, इसके अतिरिक्त कोई और रास्ता नहीं है। ....मैं तुमसे मिलकर ढ़ेर-सारी बातें करना चाहता था, लेकिन अत्यधिक व्यस्तता के कारण लंबे समय तक हम एक-दूसरे से व्यक्तिगत रूप से मिल भी नहीं पा रहे थे। मुझे आशा है, हम जल्दी ही मिलकर आपसी मदभेदों और गलतफहमियों को दूर कर लेंगे।

पत्र के उत्तर में सरदार पटेल ने भी कुछ इसी तरह के भाव प्रकट किए थे-

...मैं आपकी इस बात से सहमत हूं कि हमें आपसी बातचीत के लिए समय निकालना होगा, ताकि हम अपने दृष्टिकोण से एक-दूसरे को अवगत करा सकें और मतभेदों को दूर कर सकें।

स्पीड न्यूज

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम, कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे

गोड्डा। मेरी माटी मेरा देश के कार्यक्रम के अंतर्गत गोड्डा बीजेपी कार्यकर्ताओं का जत्था हर पंचायत से एकत्रित किए गए मिट्टी और चावल का कलश को साथ लेकर रांची होते हुए नई दिल्ली पहुंचे। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से उतरकर बस के द्वारा जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम की ओर रवाना होते हुए। पहली बस द्वारा, सभी जगह भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता वॉलिंटियर्स सभी को ले जाने के लिए गाइड कर रहे हैं। जिला महामंत्री कृष्ण कन्हैया, जिला मीडिया प्रभारी बिमंत साह, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी चक्रवर्ती, सुबास यादव, बबलु सिंह, राजीव भगत उर्फ डब्लू भगत और कई कार्यकर्ता थे।

चार वर्षीय बच्ची की हत्या करने वाला गिरफ्तार

गोड्डा। देव डांड थाना अंतर्गत कर्णपुरा ग्राम में एक चार वर्षीय बच्ची की गला रेत कर हत्या किए जाने के 24घंटे के अंदर पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीना ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि हत्या का आरोपी परमेश्वर मुर्मू उम्र 19वर्ष पिता बाबू मुर्मू घर रस्सी टोला कर्णपुरा थाना देव डांड जिला गोड्डा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक गोड्डा ने घटना पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पुलिस की छान बीन और जांच में ये सामने आया है कि आरोपी मृतका की बड़ी बहन से प्रेम प्रसंग में पिछले चार वर्षों से था गिरफ्तार होने पर आरोपी ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि उसकी प्रेमिका से मोबाइल पर दिन में विवाद हुआ और शादी से इंकार करने पर गुस्से में आकर अपनी महबूबा की छोटी बहन की सोते समय सब्जी काटने वाली बैठकी से उसकी गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। देवड़ाड थाने में विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। घटना में प्रयुक्त समान और कपड़े बरामद कर लिए गए। थाना प्रभारी और उनके सहयोगी इस मामले की जांच कर आरोपी को अपने कब्जे में लिया।

ठाकुर गांगटी प्रखंड में प्रभारी प्रमुख के पद पर कुंदन कुमार ने पदभार संहाला

गोड्डा। ठाकुर गंगटी प्रखंड कार्यालय स्थित पंचायत समिति कार्यालय में सोमवार को प्रभारी प्रमुख कुंदन कुमार महतो ने अपना कामकाज शुरू किया। काम की शुरूआत करने के पूर्व पंचायत समिति कार्यालय प्रमुख कक्षा में पूजा पाठ किया। इस अवसर पर वहां उपस्थित कई पंचायत समिति सदस्यों, प्रखंड क्षेत्र के कई गणमान्य, शिक्षाविदों, कई समाजसेवियों आदि ने उन्हें फूल माला पहनकर स्वागत किया। विधायक कक्ष कार्यालय प्रभारी भोला प्रसाद यादव भी आकर प्रभारी प्रमुख कुंदन कुमार महतो से मिले। दोनों ने एक दूसरे को फूल माला पहनकर स्वागत किया। एक दूसरे को बधाई दिया।प्रमुख कार्यालय कक्ष में उपस्थित कई पंचायत समिति सदस्यों व अन्य गणमान्यों, बुजुर्गों, शिक्षाविदों, समाजसेवियों के साथ प्रभारी प्रमुख कुंदन कुमार महतो ने कई विषयों पर बारी-बारी से विस्तार पूर्वक चर्चा किया। प्रभारी प्रमुख कुंदन कुमार महतो ने सबों से कहा कि प्रखंड क्षेत्र के सबों का सम्मान किया जाएगा।

उपायुक्त ने कानाडीह में स्थल निरीक्षण किया

गोड्डा। आज जिला मुख्यालय अवस्थित बस पड़ाव का औचक निरीक्षण कर उपायुक्त के द्वारा पुराने बस पड़ाव के स्थल को नए बस पड़ाव के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से चिन्हित करते हुए कानाडीह में स्थल निरीक्षण कर कई महत्त्वपूर्ण दिशा -निर्देश दिए गए। उपायुक्त के द्वारा स्थल का निरीक्षण कर नए बस पड़ाव में जमीन की मापी, सुरक्षा के दृष्टिकोण से चारदीवारी निर्माण ,पीसीसी पथ निर्माण, शौचालय एवं पेयजल की उपलब्धता, के संबंध में संबंधित अधिकारियों से विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त के द्वारा आमजनों एवं यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए नए बस पड़ाव हेतु चिन्हित स्थल पर यातायात की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु संबंधित विभागों से विचार - विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। नए बस स्टैंड को आधुनिक रूप से तैयार किया जाएगा।

मयूराक्षी नदी पर बना राज्य का सबसे लंबा पुल का सीएम हेमंत सोरेन ने किया विधिवत उद्घाटन

सरकार आमजनों के लिए कर रही निरंतर कार्य: सीएम हेमंत

पुल का नाम ईश्वर चन्द्र विद्यासागर रखने को लेकर 25 गांव के ग्रामीणों ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

दुमका। सदर प्रखंड के कुमराबाद समेत आस-पास के 25 गांवों के लोगों ने सोमवार को आमसभा की बैठक की। बैठक कर आज सीएम हेमंत सोरेन के द्वारा उद्घाटन किए गए झारखंड के सबसे लंबा पुल का नाम ईश्वर चंद्र विद्यासागर के नाम से रखे जाने का प्रस्ताव पारित कर ज्ञापन मुख्यमंत्री को सौंपा। ज्ञापन प्रदीप कुमार दत्त के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को सौंपा। मौके पर आसपास के दर्जनों ग्रामीण एकजुट होकर इस प्रस्ताव पर सहमति देने के लिए आग्रह किया। इस पर मुख्यमंत्री ने मांगे पूरी करने का आश्वासन दिया। इसके लिए ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। ग्रामीणों में गिरधारी दत्त, विद्या सुंदर नंदी, प्रदीप दास, सहानंद देवर, सुरजीत दास, दिनेश दत्त समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। जिला में कुमरावाद के नजदीक मयूराक्षी नदी पर नव निर्मित उच्च स्तरीय सेतु लंबाई (2.34 किमी) का उद्घाटन एवं अन्य पथ परियोजनाओं का शिलान्यास व उदघाटन सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया। पुल का लागत 138.11 करोड़ है। शिलान्यास व उद्घाटन कार्यक्रम का शुभारंभ सीएम हेमंत सोरेन समेत अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार आमजनों के लिए निरंतर कार्य कर रही है।कल्यणकारी योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकार लोगों को सशक्त करने का कार्य कर रही है।सरकार राज्यवासियों को ध्यान में रखते हुए योजना बना रही है। ताकि सभी वर्ग के लोगों को सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना से सभी योग्य लाभुक जिनकी उम्र 60 वर्ष है। साथ ही विधवा तथा विकलांग लोगों को आच्छादित करने का कार्य किया जा रहा है।हरा राशन कार्ड के माध्यम से राज्य सरकार सभी योग्य लाभुकों को अनाज उपलब्ध करा रही है। धोती साड़ी योजना के माध्यम से साल में 2 बार धोती साड़ी सभी योग्य लाभुकों को उपलब्ध करा रही है। राज्य सरकार गरीबों के लिए योजनाएं बनाती हैं एवं उन्हें इसका लाभ मिले इसके लिए भी सभी आवश्यक कार्य कर रही है।उन्होंने कहा सरकार आपके द्वार के माध्यम से जिला प्रशासन लोगों के द्वार पर पहुंच कर उनकी समस्याओं को दूर करने का कार्य कर रही है। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार गरीबों के लिए अबुआ आवास योजना प्रारंभ कर रही है। जिसके तहत योग्य लाभुकों को चिन्हित करते हुए आवास दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नव निर्मित पुल के नामांकरण दिशोम गुरु शिबु सोरेन सेतु से संबंधित कृषि मंत्री की मांग को आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए शिलापट लगाने का कार्य किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री बादल ने कहा कि आज संथाल परगना के साथ पूरे राज्य के विकास को देख कर लगता है। झारखंड विकास की एक नई गति पर चल चुका है।उन्होंने कहा कि इस उच्चस्तरीय पुल का नाम दिशोम गुरु शिबू सोरेन सेतु रखा जाये। दिशोम गुरु शिबू सोरेन के संघर्षों के परिणाम है कि हमें झारखंड के रूप में एक नया राज्य मिला। किसान,स्कूल की बच्चियों सहित पूरे राज्य के लोगों को कई योजनाओं के माध्यम से लाभ दिया गया है। राजमहल सांसद विजय हांसदा ने कहा कि इंतजार खत्म हुआ अब लोगों का आवगमन सुलभ होगा। इस पूल के निर्माण से जिले को लोगों को काफी राहत मिलेगी। लोगों को विकास की योजनाओं से जोड़ना तथा उनके चेहरे पर खुशहाली लाना यह सीएम हेमंत सोरेन की प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर है। सर्वजन पेंशन के माध्यम से सभी को पेंशन की सुविधा उपलब्ध करायी गयी। राशन के समस्या को हरा राशन कार्ड के माध्यम से दूर किया गया। सावित्री बाई फुले योजना के तहत सभी योग्य लाभुकों को आच्छादित किया गया है।योजना का लाभ लोगों तक पहुँचे इसके लिए मुख्यमंत्री द्वारा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत पूरे राज्य में किया गया। झारखंड अलग होने के बाद पहली बार लोगों को राज्य की प्राथमिकता देखने को मिली। व्यवस्था को सुधारने की सोच सरकार रखती है। पहली बार जेपीएससी, एसएससी की परीक्षाएं ससमय सम्पन्न हुई। पूर्व में परीक्षा तो हो जाती थी, लेकिन फिर अभ्यर्थी कोर्ट का चक्कर लगाते रहते थे।पूरे राज्य में जिस प्रकार आधारभूत संरचना का निर्माण हो रहा है। उससे यह प्रतीत होता है कि मुख्यमंत्री राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। राज्य सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं लेकिन जानकारी के आभाव में लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कहा कि योजनाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए योजना का लाभ लें तभी राज्य सरकार की सभी योजनाएं सही मायने में सफल होंगी। शिकारीपाड़ा विधायक नलिन सोरेन ने कहा कि आमजनों की तकलीफ को जानने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निदेश पर जिला प्रशासन के पदाधिकारी लोगों के घर तक पहुँचे और आमजनों की समस्याओं को तुरंत दूर किया गया। सरकार बनते ही कोविड-19 महामारी के कारण सभी कार्य धीमी पड़ गयी। लेकिन सरकार ने निरंतर विकास कार्यों को गति देने का कार्य किया। कोविड महामारी के दौरान अन्य राज्यों में फसे लोगों को सरकार ने लोगों को हवाई जहाज से भी लाने का कार्य किया। इस पुल के निर्माण से दुमका जिला के विकास को गति मिलेगी और यह सेल्फी ब्रिज दुमका जिला आने वाले पर्यटकों का केंद्र होगा।

कहा कि मलूटी के मंदिरों का संरक्षण आवश्यक है। मलूटी में और भी अधिक संख्या में पर्यटक पहुंचे इसके लिए जरूरी कार्य किये जायें। पहाड़ी क्षेत्रों में बसे लोगों के लिए पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय। जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा पिछले दिनों शिकारीपाड़ा के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया था। उन्होंने कहा कि सरकार आमजनों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। लोगों को योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है। सर्वजन पेंशन योजना के माध्यम से राज्य सरकार ने 60 वर्ष के सभी लोगों के लिए पेंशन की व्यवस्था की है। साथ ही सभी दिव्यांग एवं विधवा महिलाओं के लिए भी सर्वजन पेंशन योजना के माध्यम से पेंशन की व्यवस्था की गयी है। विधायक जामा सीता सोरेन ने कहा कि सरकार बनने के बाद राज्य के विकास को गति मिली है। सरकार ऐसी योजनाएं बना रही है जिससे सभी को लाभ मिले सभी सशक्त हों। उन्होंने कहा कि कोरोना काल मे विकास कार्य अवश्य बाधित हुआ। लेकिन सरकार ने सरकार आपके द्वार के माध्यम से लोगों की समस्याओं को उनके दरवाजे पर जाकर दूर करने का कार्य किया है।सरकार बेहतर ढंग से कार्य कर सकें इसके लिए आपके साथ की जरूरत है। मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, सावित्री बाई फुले योजना सहित कई योजनाओं से लोगों को लाभ मिल रहा है। पलायन को रोकने के लिए भी सरकार कार्य कर रही है। विभिन्न विभागों में रिक्त पदों को चिन्हित करते हुए नियुक्तियां निकाली जा रही है। मुख्यमंत्री की सोच और आपका साथ ऐसे ही मिलता रहा तो विकास को और भी गति मिलेगी। बिजली, राशन सहित कई समस्याओं को सरकार ने दूर किया है। योजनाएं धरातल पर दिखाई दे रही है। मुख्यमंत्री ने हवाई चप्पल को हवाई जहाज का सफर कराया। राज्य सरकार झूठे वादे नहीं करती है। जो कहते हैं मुख्यमंत्री कर के दिखाते हैं। विभागीय सचिव सुनील कुमार ने कहा कि यह झारखंड के सबसे लंबा ब्रिजहै। इससे जामताड़ा की दूरी कम होगी। अब जामताड़ा लोगों को घूम कर नहीं जाना होगा। इस ब्रिज के निर्माण से काफी दिनों से लोगों की मांग पूरी हुई है। विकास का नया आयाम यह सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री के दिशा निदेश में पथ निर्माण विभाग द्वारा इतनी बड़ी योजनाएं पूरी हुई है।

मुख्यमंत्री की सोच का ही परिणाम है कि पूरे राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में पहुँच आसान हो रहा है। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इससे पूर्व उन्होंने मयूराक्षी नदी पर नव निर्मित उच्च स्तरीय सेतु का विधिवत रूप से मंत्रोच्चारण के साथ एवं फीता काटकर उदघाटन किया गया। मुख्य कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पारंपरिक रीति रिवाज लोटा पानी से स्वागत किया गया। मुख्य कार्यक्रम स्थल के बगल में बनाये गए हैलीपेड में उन्हें गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

एंबुलेंस ड्राइवरों ने पेश की मिसाल

नवादा। कहते हैं मुश्किल वक्त में जब इंसान की नाव बीच भंवर में फंस जाती है और उम्मीद के सभी दरवाजे बंद हो जाते हैं तो भगवान फरिश्ता बनकर इंसान की मुश्किल नैय्या को पार लगाते हैं और व्यक्ति के सभी कार्यों को आसान कर देते हैं। नवादा में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला है, जहां दोनों पैर से दिव्यांग गर्भवती महिला सुनीता देवी का ऑपिरेशन करने में कई बाधाएं सामने आई तो उसे और कोई नहीं बल्कि फरिश्ता बनकर सामने आए प्राइवेट एम्बुलेंस चालकों ने महिला का सफलतापूर्वक ऑपिरेशन करवाया, जिसमें डॉक्टर ने भी उनका बखूबी साथ दिया। दरअसल नवादा जिले के नेमदारगंज थानाक्षेत्र के जसौली गांव की रहने वाली बिपिन राम की पत्नी दोनों पैर से दिव्यांग हैं। इनका परिवार काफी गरीब है, पति दिहाड़ी मजदूर हैं। इन्हें सदर अस्पताल में ऑपिरेशन के लिए भर्ती कराया गया। विम्स में डॉक्टरों के हड़ताल पर रहने के कारण इन्हें वापस नवादा भेज दिया गया।

सड़क दुर्घटना, टैंकर पलटने से ड्राइवर की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। सदर थाना क्षेत्र के चतरा गया मुख्य मार्ग एनएच 22 स्थित संघरी घाटी में टैंकर पलटने से चालक की मौत हो गई। रविवार देर रात गुजरात नंबर (जीजे 12 बीएक्स 4040) एक टैंकर तारपीन लोड करके चतरा से बिहार के गया जिला की ओर जा रही थी। इस बीच एनएच 22 पर स्थित संघरी घाटी में ढलान पर टैंकर चालक ने गाड़ी से अपना नियंत्रण खो दिया। जिससे टैंकर बीच सड़क पर पलट गयी। इस दर्दनाक हादसे में टैंकर के ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गयी। इस हादसे के बाद आसपास लोग जमा हो गये और पुलिस को इसकी सूचना दी। इस हादसे के बाबत चतरा एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि देर रात घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद ड्राइवर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इसके साथ ही बीच सड़क से टैंकर को क्रेन की मदद से हटा कर घाटी में आवागमन को सुचारू कराया गया।

सम्राट चौधरी ने लालू यादव पर लगाया रेलवे बेचने का आरोप

पटना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने एक बार फिर लालू यादव और नीतीश कुमार पर जमकर भड़ास निकली है। सम्राट चौधरी ने लालू प्रसाद यादव पर रेलवे को बेच डालने का आरोप लगाया तो वहीं जदयू के स्थापना दिवस पर कहा कि यह पार्टी नहीं गैंग है। जेडीयू के आरोपों का जवाब देते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार ने जिस तरह सरकारी तंत्रों का इस्तेमाल किया। पूरे देश में ऐसा कहीं नहीं हुआ है। नीतीश कुमार सता का दुरुपयोग नहीं करें तो जमानत जब्त हो जाएगा। यदि नीतीश कुमार को हिम्मत है तो राष्ट्रपति शासन लागू कर कर चुनाव करा कर देख लें औकात पता चल जाएगा, जो भाषण दे रहे हैं वही सबसे ज्यादा अधिकारियों को इस्तेमाल करते हैं। सम्राट चौधरी ने कहा कि पटना से लेकर भागलपुर तक किसकी चलती है यह सब जानते हैं।

डीसी लापरवाह व नियम का उल्लंघन करने वाले पैक्सों पर हुए सख्त

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। किसानों से धान लेने के बाद उसे राइस मिल भेजे जाने का प्रवधान है। इस मामले में जिले के कुछ पैक्स संचालकों ने लापरवाही बरती है। डीसी अबु इमरान ने इसे गंभीरता से लिया है। उन्होंने जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी को कहा कि धान अधिप्राप्ति योजना के तहत किसानों से पैक्सो में धान उठाव किया गया। पर इसके बाद जिन पैक्सो की ओर से इसे राइस मिलों को भेजा नहीं गया। ऐसे में लापरवाही बरतने वाले पैक्स संचालकों से धान की मात्रा के समतुल्य राशि की वसूली की जाये। नहीं तो संलिप्त अधिकारी व पैक्स संचालकों के ऊपर की कड़ी से कड़ी कार्रवाई जायेगी।

रेलवे ट्रेनों में लगाएगा अतिरिक्त कोच

छपरा। त्योहारी सीजन शुरू होते ही ट्रेनों में भीड़ बढ़ने लगी है। खासकर दीपावली और छठ पूजा को लेकर देश के विभिन्न शहरों में रहने वाले लोग बिहार लौट रहे हैं। लगातार ट्रेनों में बढ़ रही भीड़ के मद्देनजर रेलवे ने कुछ आम फैसला लिया है। छपरा जंक्शन से खुलने वाली ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त बोगी लगाने का निर्णय लिया है। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए यह निर्णय लिया है।

नीतीश कुमार की पार्टी ने बनाई रणनीति

पटना। जातिगत गणना के बाद बिहार की सियासत में बड़ा बदलाव दिख रहा है। हर राजनीतिक पार्टी अपने-अपने तरह से अपने वोट बैंक की जातियों को साधने में जुट गयी है. खासकर सबकी नजर दलित वोट बैंक पर विशेष रूप से नजर आ रही है। लेकिन, फिलहाल यह कोई नहीं कह सकता है कि ये वोट बैंक किसके साथ है। लेकिन, इस वोट बैंक को लेकर जदयू ने भी बड़ी तैयारी शुरू कर दी है। नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू ने दलित वोट बैंक को साधने के लिए तमाम दलित नेताओं को मैदान में उतार दिया है। दरअसल बिहार में जातिगत गणना रिपोर्ट आने के बाद दलित आबादी लगभग 20 प्रतिशत है। लेकिन, दलितों को लेकर आज कोई भी पार्टी दावे से नहीं कह सकती है कि ये बड़ा वोट बैंक उनके साथ है। नीतीश कुमार की नजर दलित वोटरों पर है। इसके पहले भी नीतीश कुमार ने सिर्फ पासवान छोड़कर तमाम दलित जाति को महादलित बनाया था।

'सांसद आदर्श ग्राम योजना' से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गयी

खबर मन्त्र संवाददाता

गोड्डा। आज समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त- सह-जिला दंडाधिकारी जिशान कमर की अध्यक्षता में सांसद आदर्श ग्राम योजना के द्वितीय चरण अंतर्गत चयनित ग्राम पंचायत-विश्वासखानी (प्रखंड - महागामा) एवं ग्राम पंचायत-भगैया (प्रखंड - ठाकुरगंगटी) की ग्राम विकास योजना (श्ऊ्रु) हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

उपायुक्त ने बैठक में सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत गोड्डा जिलांतर्गत चयनित ग्रामों के सर्वांगीण विकास हेतु ग्राम विकास प्लान (वीडीपी) तैयार करने का निर्देश सभी संबंधित पदाधिकारीयों को दिया एवं सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों को उक्त ग्रामों को विभागीय योजनाओं के लाभ से शत प्रतिशत आच्छादित करने हेतु क्षेत्र भ्रमण कर ग्राम सभा के माध्यम से योजना प्रस्ताव देने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित कार्यालय प्रधान को चयनित ग्राम पंचायत में कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

उपायुक्त ने जिला कृषि पदाधिकारी, गोड्डा को कहा कि सभी आदर्श गांव के किसानों को ऑर्गेनिक खेती के लिए प्रेरित करें और उन्हें कृषि के आधुनिक माध्यमों के बारे में जानकारी दें। इससे किसानों को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे। उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना संबंधित अन्य बिंदुओं पर ग्रामीणों को जागरुक करते हुए योजनाओं से आच्छादित करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं अग्रणी जिला प्रबंधक को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए शिविर का आयोजन कर अधिक से अधिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं का खाता खुलवाने का निर्देश दिया ताकि स्कूली छात्र-छात्राओं को विभिन्न छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिल सके। उपायुक्त ने सिविल सर्जन, गोड्डा को स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कैंप लगाकर ग्रामीणों का बड़े पैमाने पर आयुष्मान कार्ड बनवाने का निर्देश दिया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह की हुई शुरूआत

खबर मन्त्र संवाददाता

टंडवा (चतरा)। सिसीएल की आम्रपाली- चंद्रगुप्त क्षेत्र द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरूआत सोमवार से महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाकर किया। इस अवसर उत्क्रमित उच्च विद्यालय सराधू की क्षात्राओं द्वारा सतर्कता गीत का शानदार प्रस्तुति दिया।

अंत में महाप्रबंधक ने सतर्कता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया और अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ मिलकर सतर्कता मार्च किया। इसके अलावा हस्ताक्षर कैंपेन तथा सेल्फी पॉइंट में सबने भाग लिया।